3 राजधानी
दुर्गा पूजा पंडाल में दिखेगी नए संसद भवन की झलक

6 अभिमत
इजराइल पर हमास का हमला

10 विदेश
पुतिन विदेश यात्रा पर किर्गिस्तान पहुंचे

12 स्पोर्ट्स
गिल ने एक घंटे तक किया अभ्यास

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 335
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई पर ले जाना चाहते हैं भारत-फ्रांस
राष्ट्रीय-11

# सोते में हमला झेलने वाले इजराइल ने लिया सफाये का संकल्प

**एजेंसी।** यरुशलम, नई दिल्ली

- नेतन्याहू ने कहा, इजराइल हमास को कुचल देगा और तबाह कर देगा, गाजा में संभावित जमीनी कार्रवाई की तैयारी, फलस्तीनी खाने-पीने के सामान खरीदने में जुटे
- भारत ने इजराइल पर हमास के हमलों को आतंकी हमला करार दिया

**इजराइल** के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि इजराइल हमास को कुचल देगा और तबाह कर देगा। नेतन्याहू ने कहा कि हमास का प्रत्येक सदस्य अब मुर्दा है। नेतन्याहू ने यह बात देर रात टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में कही। उन्होंने हमास की ओर से इजराइल पर किए गए आतंकवादी हमले के बाद इजराइली विमानों के गाजा की ओर बढ़ने के दौरान यह बात कही। इजराइल की सरकार पर हमास के आतंकवादियों का सफाया करने का बेहद दबाव है।

नेतन्याहू ने अपने संबोधन में लोगों पर ढाए गए जुल्मों को बयां किया। उन्होंने कहा, हमने लड़कों और लड़कियों को बंधे हुए देखा, उनके सिरों पर गोली मारी गई थी। पुरुषों और महिलाओं को जिंदा जला दिया गया। युवा महिलाएं के साथ दुष्कर्म किए गए और फिर उनकी हत्या कर दी गई। सैनिकों के सिर धड़ से अलग कर दिए गए। इस बीच, भारत ने बृहस्पतिवार को इजराइली शहरों पर हमास के हमले को आतंकी हमला करार दिया, लेकिन अपने उस दीर्घकालिक रुख की पुष्टि की जिसमें संप्रभु और स्वतंत्र फलस्तीन की स्थापना के लिए वार्ता की वकालत की गई है। इजराइल-हमास संघर्ष पर अपने पहले विस्तृत बयान में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना एक सार्वभौमिक दायित्व है और इसी तरह आतंकवाद के खतरे से लड़ना भी वैश्विक जिम्मेदारी है। हमास द्वारा अचानक किए गए हमलों के बाद इजराइल के जवाबी हमलों और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से तेल अवीव को युद्ध के नियमों के अनुसार काम करने का संदेश दिए जाने के मद्देनजर गाजा में फलस्तीनियों की दुर्दशा के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में बागची ने यह बात कही। उधर गाजा के निवासी बिजली आपूर्ति बंद होने और रात अंधेरे में बिताने के बाद बृहस्पतिवार को किराने की दुकानों पर कतारबद्ध



इजराइली युद्धक विमानों की बमबारी के बाद दक्षिणी गाजा पट्टी के राफाह में उठता धुएं का गुबार।

दिखे। वहीं, इजराइल ने इलाके पर नए सिरे से हवाई हमला किया और कहा कि वह संभावित जमीनी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों ने चेतावनी दी है कि इजराइल द्वारा गाजा में खाने-पीने के सामान, पानी, ईंधन और बिजली की आपूर्ति रोके जाने के बाद इलाके में मौतों की संख्या बढ़ सकती है। फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास द्वारा गत शनिवार की सुबह इजराइल में घुसकर किए गए हमले के बाद युद्ध भड़क गया है और अबतक दोनों ओर से 2500 से अधिक जानें जा चुकी हैं। इजराइली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल रिचर्ड हेच्ट ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा कि बल फैसला होने पर जमीनी कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं लेकिन राजनीतिक नेतृत्व ने अबतक इस संबंध में आदेश नहीं दिया है।

गाजा महज 40 किलोमीटर लंबी पट्टी है जिसमें 23 लाख लोग रहते हैं और जमीनी कार्वाई से दोनों ओर से हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। हमास द्वारा गत सप्ताहांत इजराइल पर हजारों रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल ने गाजा में जवाबी बमबारी की है। वहीं आंतकवादी समूह ने एक आकलन के मुताबिक इजराइल के 150 लोगों को बंधक बनाया है। हवाई हमले से हुए विनाश से डरे फलस्तीनी पहले ही अपना सामान लेकर सुरक्षित स्थानों पर जाने की कोशिश कर रहे हैं। हजारों की भीड़ ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित स्कूलों में शरण ली है जबकि अन्य ने अपने रिश्तेदारों और यहां तक कि अनजान लोगों के यहां भी शरण ली है। बेकरी और किराने की दुकानें कुछ घंटे खुल रही हैं और इस दौरान लोगों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं क्योंकि लोग घर में खाना खत्म होने से पहले आने वाले दिनों के लिए भोजन की व्यवस्था कर लेना चाहते हैं। गाजा का एकमात्र बिजली उत्पादन संयंत्र भी ईंधन की कमी की वजह से बुधवार को बंद हो गया जिससे अब गाजा बिजली के लिए कुछ जेनरेटर पर निर्भर रह गया है। रेडक्रॉस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने चेतावनी दी है कि बिजली की कमी से अस्पतालों की व्यवस्था चरमरा सकती है। रेडक्रॉस के क्षेत्रीय निदेशक फैब्रिजियो कार्बोनी ने कहा, गाजा में बिजली चली गई है, अस्पतालों में बिजली नहीं आ रही है जिससे इनक्यूबेटर में रखे गए नवजात और ऑक्सीजन के सहारे सांस ले रहे उम्र दराज मरीजों के जीवन को खतरा उत्पन्न हो गया है। गुर्दे का डायलिसिस भी बंद है, एक्स रे नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा, बिजली के बिना अस्पतालों के मुर्दाघर में तब्दील होने का खतरा है। इजराइल के ऊर्जा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा है कि जब तक बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता, तब तक गाजा में किसी भी सामान की आपूर्ति नहीं की जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, जब तक इजराइली बंधकों को रिहा नहीं किया जाता, तब बिजली का एक स्विच भी ऑन नहीं किया जाएगा, एक नल नहीं खोला जाएगा, ईंधन का एक ट्रक गाजा में दाखिल नहीं होगा। हमास आतंकवादियों द्वारा शनिवार को सीमा पार कर इजराइल में दाखिल होने और सैकड़ों इजराइलियों को उनके घरों, सड़कों और संगीत समारोह में मार डाले जाने के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकल्प लिया कि 2007 से गाजा पर शासन कर रहे हमास को कुचल कर नष्ट कर दिया जाएगा।

इजराइल की सरकार पर शनिवार के हमले के बाद हमास को खत्म करने का दबाव है जो पूर्व के चार संघर्षों के बावजूद गाजा पर मजबूती से बना हुआ है। इजराइल ने 3,60,000 रिजर्व सैनिकों को सक्रिय किया है और गाजा के नजदीक हजारों सैनिकों को जमा किया है तथा वहां के अपने हजारों नागरिकों को हटाया है। नेतन्याहू के पास अब नए युद्ध मंत्रिमंडल का समर्थन है जिसमें उनके दीर्घकालिक विपक्षी नेता भी शामिल हैं। अमेरिका ने इजराइल का पूरी तरह से समर्थन करने का वादा किया है और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन बृहस्पतिवार को नेतन्याहू एवं अन्य इजराइली नेताओं से मिलने के लिए तेल अवीव पहुंचे। उनका शुक्रवार को फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास (शेष पेज 9)





- **परिणामः** दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 134 रन से हराया
- **आजः** न्यूजीलैंड और बांग्लादेश

## क्विक न्यूज

### वैश्विक भूख सूचकांक को सरकार ने खारिज किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वर्ष 2023 के वैश्विक भूख सूचकांक (जीएचआई)को खारिज करते हुए इसे भूख का गलत आकलन करार दिया जोकि भारत की वास्तविकस्थिति को नही दर्शाता। जीएचआई-2023 में भारत को 111वें स्थान पर रखा गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (डब्ल्यूसीडी) ने कहा कि सूचकांक तय करने में गंभीर प्रविधि (मेथडलाजिकल) की समस्या है और यह दुर्भावनापूर्ण मंशा प्रदर्शित करता है। वैश्विक भूख सूचकांक-2023 बृहस्पतिवार को जारी किया गया जिसमें भारत को 125 देशों की सूची में 111वें स्थान पर रखा गया है। इसके मुताबिक भारत की चाइल्ड वेस्टिंग की दर सबसे अधिक 18.7 प्रतिशत है जो अतिकुपोषण को इंगित करती है।

# भारतीयों को इजराइल से निकालने का काम शुरू

- 230 भारतीय विशेष विमान से आज आएंगे, वर्तमान में 18,000 भारतीय इज़राइल में हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इजराइल** में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन अजय के तहत लगभग 230 भारतीयों को एक विशेष विमान (चार्टर्ड उड़ान) से शुक्रवार को वापस लाए जाने की उम्मीद है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय (एमईए) ने दी।

भारत ने यह अभियान उन भारतीयों की वापसी को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया है जो स्वदेश वापस आना चाहते हैं, ज्ञात रहे कि सप्ताहांत में हमास आतंकवादियों ने इजराइली शहरों पर किए सिलसिलेवार हमलों से क्षेत्र में तनाव उत्पन्न हो गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बृहस्पतिवार को एक प्रेसवार्ता में कहा कि चार्टर्ड उड़ान के बृहस्पतिवार शाम को तेल अवीव पहुंचने की उम्मीद है और यह शुक्रवार को लगभग 230 भारतीयों के पहले जत्थे को वापस लेकर आएगा। उन्होंने कहा, हम स्थिति पर करीब नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 18,000 भारतीय वर्तमान में इज़राइल में रह रहे हैं, जबकि लगभग एक दर्जन लोग वेस्ट बैंक में और तीन-चार लोग गाजा में हैं। बागची ने कहा, विदेश मंत्री ने दिन में एक तैयारी बैठक ली।



हम तेल अवीव में अपने दूतावास, रामल्ला में अपने प्रतिनिधि कार्यालय के साथ-साथ पड़ोसी देशों, विशेष रूप से जॉर्डन, सीरिया और मिस्र में अपने मिशनों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, हम घटनाक्रम पर कड़ी नजर रख रहे हैं और साथ ही इजराइल में मौजूद भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए हमें क्या कदम उठाने की जरूरत है, इस पर भी नजर रख रहे हैं। बागची ने कहा कि पहली चार्टर उड़ान से लगभग 230 नागरिकों को वापस लाने की संभावना है। हमास के हमलों में केरल के एक भारतीय के घायल होने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम उस मामले से अवगत हैं। वह व्यक्ति अस्पताल में है और उसकी हालत में सुधार हो रहा है। बागची ने कहा, भारतीयों को वापस लाने के लिए और अधिक चार्टर्ड उड़ानों की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि यह घर लौटने की इच्छा व्यक्त करने वाले लोगों की संख्या पर निर्भर करेगा।

उन्होंने कहा कि अभी तक किसी भारतीय के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि भारतीय वायु सेना ने इजरायल से भारतीयों को वापस लाने के लिए किसी भी संभावित तैनाती के लिए अपने परिवहन विमान को स्टैंड-बाय पर रखा है। इजराइली शहरों पर हमास के हमलों पर बागची ने कहा कि भारत इन्हें आतंकवादी हमला मानता है। फलस्तीन के मुद्दे पर भारत के रुख संबंधी एक सवाल पर उन्होंने कहा (शेष पेज 9)

# दुनिया में बुलंद हो रही भारत की आवाजः मोदी

- कहा, पिछले पांच वर्षों में देश में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए

**पायनियर समाचार सेवा।** पिथौरागढ़

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले पांच वर्षों में देश में साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। उन्होंने कहा, जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की ताकत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किया गया। चुनौतियों से घिरी दुनिया में भारत की आवाज बुलंद होती जा रही है। उन्होंने कहा कि इसी डरी हुई सोच को पीछे छोड़कर भारत आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, न हम डरते हैं, न डराते हैं।

यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सुदूर पहाड़ों तथा देश के कोनेकोने में रहने वाले लोगों की भी उनकी सरकार ने चिंता की। उन्होंने कहा, सिर्फ पांच वर्षों में देश में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बात पर दुनिया अचरज



पिथौरागढ़ स्थित पार्वती कुंड में पूजा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

कर रही है। उन्होंने कहा कि इनमें से बहुत से लोग आपकी तरह ही पहाड़ों में, सुदूर इलाकों में रहते हैं। उन्होंने कहा, ये साढ़े 13 करोड़ लोग इस बात का उदाहरण हैं कि भारत अपनी गरीबी मिटा सकता है। मोदी ने कहा कि पहले नारा दिया जाता था कि गरीबी हटाओ, मतलब आप हट जाओ। उन्होंने कहा, अब मोदी कह रहा है कि हम मिलकर गरीबी हटाकर रहेंगे। हम जिम्मेदारी लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिला आरक्षण विधेयक जैसे 30-40 साल से लंबित मुद्दों पर भी सरकार ने निर्णय किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया में भारत का गौरवगान हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब देश में चारों तरफ निराशा का माहौल था और तब हर भारतीय सोचता था कि हजारों करोड़ के घोटालों से देश को मुक्ति मिले और दुनिया में भारत का यश बढ़े। उन्होंने कहा, जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की ताकत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किया गया। चुनौतियों से घिरी दुनिया में भारत की आवाज बुलंद होती जा रही है। जी20 के शानदार आयोजन से हम भारतीयों का लोहा दुनिया ने माना है। मोदी ने इसका श्रेय (शेष पेज 9)

# बटला हाउस आतंकी को फांसी न देना दिल तोड़ने वाला फैसला

- दहशतगर्दों के साथ मुठभेड़ में शहीद इंस्पेक्टर की पत्नी ने फैसले पर हैरानगी जताई, कहा- दिल्ली पुलिस कर्मियों के मनोबल पर पड़ सकता है असर

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने 2008 के बटला हाउस मुठभेड़ मामले में दोषी करार दिए गए आरिज खान को सुनाई गई फांसी की सजा को बृहस्पतिवार को उम्रकैद में तब्दील कर दिया।

बटला हाउस मुठभेड़ के दौरान दिल्ली पुलिस के निरीक्षक मोहन चंद शर्मा शहीद हो गए थे। शर्मा की पत्नी ने फैसले पर हैरानी जताई। माया शर्मा ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश से दिल्ली पुलिस के कर्मियों





- दिल्ली हाईकोर्ट ने आतंकी आरिज खान को सुनाई गई मौत की सजा को उम्रकैद में तब्दील किया

के मनोबल पर असर पड़ सकता है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने निचली अदालत के एक आदेश को बरकरार रखा जिसमें खान को पुलिस अधिकारी की हत्या का दोषी ठहराया गया था लेकिन अदालत ने मृत्युदंड को कायम रखने से इनकार कर दिया। अगस्त महीने में दोषी और राज्य के वकीलों ने अपनी दलीलें समाप्त की थीं, जिसके बाद पीठ ने इस मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था। दिल्ली पुलिस की विशेष इकाई के अधिकारी शर्मा 19 सितंबर, 2008 को दक्षिणी दिल्ली के जामिया नगर में पुलिस और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में शहीद हो गए थे।

राष्ट्रीय राजधानी में पांच सिलसिलेवार बम विस्फोटों के कुछ दिन बाद हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी भी मारे गए थे। विस्फोटों में 39 लोगों की मौत हो गई थी और 159 लोग घायल हो गए थे। शर्मा ने विस्फोटों के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों की तलाश में इस इलाके में छापा मारा था। निचली अदालत ने आठ मार्च, 2021 को खान को दोषी ठहराया था और कहा था कि यह विधिवत साबित हो गया कि उसने (शेष पेज 9)

# दृष्टि बहाल कर दे सकते हैं भारत के विकास में योगदान

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

- दृष्टि हानि के कारण भारतीय राजकोष को सालाना 27 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है, यह चीन और अमेरिका को छोड़कर दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक है

**एक** वैश्विक अध्ययन के अनुसार कार्यबल में दृष्टि हानि के कारण भारतीय राजकोष को सालाना 27 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है। यह चीन और अमेरिका को छोड़कर दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक है, जिसने कार्यस्थल पर आंखों की सुरक्षा सहित श्रमिकों के कल्याण के लिए पहल की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

वर्तमान में भारत में दृष्टिबाधित 7 करोड़ लोग लोग रहते हैं। हालाँकि नेत्र संबंधी चोटों को रोका जा सकता है, लेकिन कार्यस्थल पर दृश्य खतरे और आंखों की सुरक्षा प्रमुख मुद्दे हैं। नेत्र संबंधी चोटों की रिपोर्ट की गई कई घटनाएं एक कर्मचारी के लिए दृश्य सुरक्षा अभ्यास, उपलब्धता और नेत्र सुरक्षा चश्मे के उपयोग को सुनिश्चित करने में कर्मचारियों की उदासीनता को दर्शाती हैं। इससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है क्योंकि जो कर्मचारी अपनी आंखें खो देते हैं उनकी नौकरी छूटने की आशंका अधिक होती है जबकि जो लोग नियोजित रहते हैं उनकी उत्पादकता कम हो सकती है। कुल मिलाकर दृष्टि हानि से वैश्विक अर्थव्यवस्था को हर साल 411 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस (आईएपीबी) के अध्ययन में कहा गया है। यह बच सकने वाले अंधापन और दृष्टि हानि के उन्मूलन की दिशा में काम करने वाले संगठनों का एक वैश्विक गठबंधन है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सार्वजनिक





स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के रूप में आंखों की देखभाल और अंधापन की रोकथाम में निवेश करके भारत आने वाले वर्षों और दशकों में खुद को और अपने लोगों को इस वित्तीय बोझ से बचा सकता है।

अध्ययन में कहा गया है कि 1.3 करोड़ लोग अपने काम से जुड़ी दृष्टि हानि के साथ रहते हैं। अनुमानित 3.5 लाख लोग हर साल कार्यस्थल पर आंखों की चोटों से पीड़ित होते हैं। इसने आगाह किया कि जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी काम की दुनिया को बदल देती है, भविष्य की अर्थव्यवस्था में स्क्रीन के लंबे समय तक उपयोग से जुड़े सेवा उद्योगों और कार्यालय-आधारित नौकरियों का वर्चस्व होगा। उचित सावधानियों के बिना, इससे आंखों पर तनाव पड़ सकता है और आंखों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। जैसा कि प्रत्येक वर्ष अक्टूबर के दूसरे गुरुवार को आयोजित होने वाले विश्व दृष्टि दिवस पर कहा गया है, इस वर्ष की थीम 'काम पर अपनी आंखों से प्यार करें' है, जो इसके महत्व पर प्रकाश डालती है। अमेरिका के जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के केविन फ्रिक के नेतृत्व में किए गए शोध में विश्व बैंक के प्रति व्यक्ति जीएनआई डेटा को आधार बनाया गया। डेटा का उपयोग मध्यम से गंभीर दृष्टि हानि और मोतियाबिंद के कारण अंधापन वाले 50-65 वर्ष की आयु के लोगों में उत्पादकता हानि का अनुमान लगाने के लिए किया गया था।

अनुमान है कि दृष्टि हानि वाले 30 प्रतिशत लोगों को रोजगार में कमी का अनुभव होता है, जिनमें महिलाएं, ग्रामीण समुदाय के लोग और जातीय अल्पसंख्यक समूह सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। हालांकि, 90 प्रतिशत दृष्टि हानि को शीघ्र पता लगाने और उपचार से टाला जा सकता है। मोतियाबिंद और मायोपिया जैसी आंखों की स्थितियों का शीघ्र पता लगाने और उपचार के साथ दृष्टि हानि को रोकना आजीविका की रक्षा करने और व्यवसायों को पनपने देने के लिए महत्वपूर्ण है। आईएपीबी के सीईओ और लव योर आइज़् अभियान के प्रवक्ता पीटर हॉलैंड ने एक बयान में कहा कि बिजनेस लीडर्स ने मानसिक स्वास्थ्य से लेकर (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 अक्टूबर, 2023



# सीएम योगी ने रैपिडएक्स की तैयारी परखी

## नवरात्र में प्रधानमंत्री करेंगे मोदी शुभारंभ, पहले चरण में गाजियाबाद से दुहाई तक चलेगी रेल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



रैपिड रेल की तैयारियों को जायजा लेते मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी, साथ में केंद्रीय मंत्री वीके सिंह व अन्य।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गाजियाबाद पहुंचे। उन्होंने रैपिड रेल प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

नवरात्र में 18 अक्टूबर के आसपास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ करने के लिए गाजियाबाद आ रहे हैं। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर शाम पौने चार बजे बटालियन के मैदान में उतरा। यहां से वे सड़क मार्ग से सीधे वसुंधरा सेक्टर-आठ में पहुंचे।

यहां पर एक बड़े मैदान में प्रधानमंत्री की जनसभा का मंच तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर और डीएम से कार्यक्रम स्थल की तैयारियों को लेकर चर्चा की। इसके बाद वे सीधे साहिबाबाद में रैपिडएक्स स्टेशन पर पहुंचे। यहां एनसीआरटीसी ने रैपिड रेल का संचालन शुरू करने को लेकर अपना प्रेजेंटेशन दिया। एनसीआरटीसी ने मुख्यमंत्री को बताया कि कितनी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और किस प्रकार रैपिडएक्स ट्रेनों का संचालन होगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री 18 से 21 अक्टूबर के बीच गाजियाबाद आ सकते हैं। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह सहित तमाम मंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। जनसभा वसुंधरा सेक्टर-8 के मैदान में होगी। इसमें 50 हजार लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है।

250 बसों और डेढ़ हजार निजी वाहनों से लोग सभास्थल पर लाए जाएंगे। दिल्ली से मेरठ तक बन रहे रैपिड रेल कॉरिडोर की लंबाई 82 किलोमीटर है। ये तीन फेज में चालू होगा। पहला फेज गाजियाबाद में दुहाई डिपो से साहिबाबाद डिपो तक 17 किलोमीटर लंबा है।

दूसरे फेज में रैपिड रेल का संचालन दुहाई डिपो से मेरठ दक्षिण स्टेशन और साहिबाबाद स्टेशन से सराय काले खां दिल्ली तक होगा। तीसरे और आखिरी फेज में ये ट्रेन दिल्ली से मेरठ तक संपूर्ण कॉरिडोर पर चलेगी। पूरा कॉरिडोर साल-2025 तक शुरू हो पाएगा। दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर के सभी स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए पार्किंग बनाई जा रही है। ये पार्किंग एंट्री.एग्जिट गेट के ठीक पास है, जिससे यात्रियों को ज्यादा दूर तक पैदल न चलना पड़े।

### जल्द तय होगा किराया

रैपिडएक्स ट्रेनों का अभी किराया तय नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि अगले एक-दो दिन के भीतर ही एनसीआरटीसी किराया घोषित कर देगा। अधिक उम्मीद है कि दो से ढाई रुपए प्रति किलोमीटर की दर से किराया लिया जाएगा। शुरुआत में साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच 13 से 15 रैपिडएक्स ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। जब संपूर्ण कॉरिडोर शुरू हो जाएगा, तब कुल 30 ट्रेनें चलेंगी। दावा है कि संपूर्ण कॉरिडोर शुरू होने के बाद हर रोज तकरीबन 7 लाख यात्री इससे सफर करेंगे। उसके बाद दिल्ली से मेरठ की दूरी 50 मिनट में तय हो सकेगी।

## गैर मान्यता प्राप्त 14 विद्यालयों को शिक्षा विभाग का नोटिस

**नई दिल्ली।** शिक्षा विभाग ने गैर मान्यता प्राप्त 14 विद्यालयों को बंद करने के लिए नोटिस दिया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर शुरू हुई जांच में विद्यालयों के गैर मान्यता प्राप्त होने की बात सामने आई है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद के आदेश पर जांच शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर चार दलों का गठन किया गया था। बिसरख ब्लॉक में सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के प्राचार्य अमित कुमार, सदर में सलेमपुर गुर्जर विद्यालय की प्राचार्य रजनी पिलानिया, जेवर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज के प्राचार्य तेजपाल भाटी और दादरी में राजकीय हाई स्कूल, शादीपुर छीड़ौली के प्राचार्य मूलचंद की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनाई गई थी। जांच दलों की रिपोर्ट के आधार पर विद्यालयों को बंद करने का आदेश जारी किया गया है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**नोएडा।** सड़क हादसे में घायल एक युवक की नोएडा के शिवालिक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना सेक्टर-49 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी संदीप चौधरी ने बताया कि सेक्टर 51 में रहने वाले संजय कुमार पुत्र सुरेश कुमार अपनी पत्नी के साथ दिल्ली गए हुए थे। वहीं पर किसी अज्ञात वाहन ने पति.पत्नी को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि संजय के सिर में गुम चोट लगी। उसने अपनी पत्नी का उपचार करवाया तथा उन्हें लेकर नोएडा आ गया। कल संजय को चोट की वजह से तेज उल्टी आई तथा उसे नोएडा की शिवालिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

## विधायक ने उठाए टेंडर पर सवाल नगर आयुक्त ने बिठाई जांच

● तीन दिन के अंदर देनी होगी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

विधायक सुनील शर्मा की आपत्ति के बाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने टेंडर की जांच बैठा दी। जांच टीम में तीन अधिकारियों को शामिल किया गया है।

इनमें एमएनएलपी विवेक सिंह, विधि अधीक्षक विशाल गौरव और जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता अश कुमार शामिल है। तीन दिनो के अंदर नगर आयुक्त ने इस पर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। हाल ही में इस मामले को लेकर शिकायत की गई थी। इस प्रकरण में कई ठेकेदारों की ओर से शिकायत की गई थी। बाद में पार्षद अजय शर्मा ने भी इस मामले में शिकायत की। इसके बाद साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा, पार्षद सचिन डागर आदि की ओर से इस मामले में शिकायत की गई थी।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने शिकायत को गंभीरता से लिया। इसके बाद उन्होंने इस प्रकरण में जांच बैठा दी। माना जा रहा है कि इस मामले में अब हकीकत का पता चल जाएगा कि खेल आखिर हुआ कहां है। आरोप है कि जिस ठेकेदार की हैसियत प्रमाण पत्र सितंबर में समाप्त हो गया था। उस फर्म को टेंडर में नगर निगम के निर्माण विभाग की ओर से पास कर दिया गया।

## पीली धातु देकर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाला पकड़ा

**नोएडा।** थाना जारचा के प्रभारी ज्ञान सिंह ने बताया कि बीते 22 अगस्त को वादी धर्मेन्द्र पुत्र बिजेन्द्र सिंह ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी कर पीली धातु की वस्तु को सोने की धातु बताकर 5 लाख रुपये ले लेने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कराया था। इस मामले में आज थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त भीम सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम बुटराडा थाना बाबरी जिला शामली को निधावली रोड रजवाहा से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके कब्जे से उक्त वस्तुएं बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त लोगों को यह कहकर ठगी करता है।



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Shashi Sharma is the owner of Property Bearing No. C-26, area measuring 190 Sq. Yds., out of Khasra No. 21/3/2, Situated at the area of Village Karawal Nagar, in the abadi of Gali No. 5, Harijan Basti, Karawal Nagar, Illaqa Shahdara Delhi-110094, vide GPA, ATS & Will dated 20.03.2007. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/ litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

### प्रपत्र सं. 3

[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]

ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2) प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए. चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)

वाद सं. : ओ.ए./506/2021

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन

ईएक्सएच. नंबर : 20610

**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**बनाम**
**केया सेन मित्रा**

सेवा में,

(1) केया सेन मित्रा डी/डब्लू/एस/ओ – श्री पिनाकी मित्रा मकान नंबर 1403, मैपल हाइट सुशांत लोक फेज-1, सी ब्लॉक, गुरूग्राम, हरियाणा –122001, गुरूग्राम, हरियाणा
अन्य पता : श्रीमती केया सेन मित्रा पत्नी श्री पिनाकी मित्रा निवासी बंगला नंबर 1, प्रथम तल, वर्टीकल स्ट्रीट, टावर-वीएस-9, स्काई राइज बंगलोज, प्लॉट नंबर जीएच-02, ग्राम सराय ख्वाजा, सेक्टर-41, फरीदाबाद-121002, हरियाणा फरीदाबाद, हरियाणा-121002

(2) पिनाकी मित्रा एस/ओ श्री हिमांशु कुमार कुमार मित्रा, मकान नंबर 1403, मैपल हाइट सुशांत लोक फेज-1, सी ब्लॉक, गुरूग्राम, हरियाणा
अन्य पता :– पिनाकी मित्रा पुत्र श्री हिमांशु कुमार मित्रा निवासी बंगला नंबर 1, प्रथम तल, वर्टीकल स्ट्रीट, टावर-वीएस-9, स्काई राइज बंगलोज, प्लॉट नंबर जीएच-02, ग्राम सराय ख्वाजा, सेक्टर-41, फरीदाबाद-121002, हरियाणा फरीदाबाद, हरियाणा-121002

(3) मैसर्स राइस प्रोजेक्ट्स प्रा. लि., आर/ओ 409, एलीगैंस टावर, जासोला डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली-110025

**सम्मन**

जबकि, ओए/506/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 26-09-2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,38,35,904/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 19-01-2024 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 27-09-2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

### प्रपत्र सं. 3

[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]

ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2) प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए. चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)

वाद सं. : ओ.ए./402/2021

ईएक्सएच. नंबर : 20522

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन

**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**बनाम**
**श्री राजेश सिंह**

सेवा में,

(1) श्री राजेश सिंह डी/डब्ल्यू/एस/ओ–श्री जवाहर श्री राजेश सिंह पुत्र श्री जवाहर, निवासी मकान नंबर 112, अगवानपुर सेक्टर 91, फरीदाबाद-121003 हरियाणा, फरीदाबाद, हरियाणा

(2) श्री रोहित चंद मकान नंबर 40, अगवानपुर, सेक्टर 91, फरीदाबाद, हरियाणा
अन्य पता :– फ्लैट नंबर 003, भू तल टावर ए 15, एवलोन रोज वुड, ग्राम खानपुर तहसील तिजारा भिवानी, हरियाणा
अन्य पता :– निवासी विजक्राट इंटरनैशनल एंटरटेनमेंट प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, सेक्टर-32, गुरूग्राम, हरियाणा

(3) मैसर्स एवलोन ग्रुप आर/ओ 9वां तल, एसएएस टावर निकट मेडिसिटी सेक्टर-38, गुरूग्राम, हरियाणा

**सम्मन**

जबकि, ओए/402/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 08-09-2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 40,29,273/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 29-11-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 25-09-2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

### प्रपत्र सं. 3

[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]

ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ डीआरटी 2) प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए. चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)

वाद सं. : ओ.ए./498/2021

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन

ईएक्सएच. नंबर : 20326

**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**बनाम**
**श्री गणेश दत्त जोशी**

सेवा में,

(1) श्री गणेश दत्त जोशी डी/डब्ल्यू/एस/ओ – श्री गिरीश चंद्र श्री गणेश दत्त जोशी पुत्र श्री गिरीश चंद्र जोशी, निवासी क्यू-1/1, तृतीय तल, साउथ सिटी-II, गुरूग्राम-122001, हरियाणा, गुरूग्राम, हरियाणा,
अन्य पता : फ्लैट नंबर 506, 5वां तल, टावर 16, सरे ग्रीन पार्क, फेज-II, वजीरपुर, मेवका, सेक्टर –92, गुरूग्राम, हरियाणा,

(2) श्रीमती ज्योति जोशी पत्नी गणेश दत्त जोशी, निवासी क्यू-1/1, तृतीय तल, साउथ सिटी –II, गुरूग्राम-122001,
अन्य पता : फ्लैट नंबर 506, 5वां तल, टावर 16, सरे ग्रीन पार्क, फेज-II, वजीरपुर, मेवका, सेक्टर –92, गुरूग्राम, हरियाणा,

(3) श्री दीप चंद्र जोशी निवासी क्यू-1/1, तृतीय तल, साउथ सिटी-II, गुरूग्राम-122001,
अन्य पता : फ्लैट नंबर 506, 5वां तल, टावर 16, सरे ग्रीन पार्क, फेज-II, वजीरपुर, मेवका, सेक्टर –92, गुरूग्राम, हरियाणा,

(4) मैसर्स रामप्रस्थ सरे रियल्टी प्रा. लि. प्लॉट नंबर 46, उद्योग विहार, फेज-4, गुरूग्राम-1220015, इसके अधिकृत अधिकारी के माध्यम से

**सम्मन**

जबकि, ओए/498/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 05-09-2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 75,01,489/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 14-12-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 13-09-2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

### प्रपत्र सं. 3

[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]

ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2) प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए. चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)

वाद सं. : ओ.ए./1543/2021

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन

ईएक्सएच. नंबर : 20307

**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**बनाम**
**एन संदीप**

सेवा में,

(1) एन संदीप पुत्र श्री नरसिंहैया मुनीश्वरप्पा, निवासी मकान नंबर 1520-ए, प्रथम तल, मारूति विहार, चक्करपुर, इन गेट रोड, गुरूग्राम-122002, हरियाणा गुरूग्राम, हरियाणा
अन्य पता :– निवासी फ्लैट नंबर ई-1603, एनसीआर ग्रीन, टावर-ई, 16वां तल, सेक्टर-95, गुरूग्राम-122001, हरियाणा गुरूग्राम, हरियाणा-122001

(2) श्रीमती अनूशा जे पत्नी श्री एन. संदीप निवासी मकान नंबर 1520-ए, प्रथम तल, मारूति विहार, चक्करपुर, इन गेट रोड, गुरूग्राम-122002, हरियाणा सह-आवेदक
अन्य पता :– निवासी फ्लैट नंबर ई-1603, एनसीआर ग्रीन, टावर-ई, 16वां तल, सेक्टर-95, गुरूग्राम-122001, हरियाणा गुरूग्राम, हरियाणा-122001

(3) मैसर्स सिद्धार्थ बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड आर/ओ दुकान नंबर 1 और 4, लोकल शॉपिंग सेंटर, पुष्प विहार, मदनगीर, नई दिल्ली-110062, इसके अधिकृत अधिकारी के माध्यम से।
बिल्डर

**सम्मन**

जबकि, ओए/1543/2021 माननीय पीठ अधिकारी के समक्ष 05-09-2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,03,04,349/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 13-12-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 13-09-2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

### प्रपत्र सं. 3

[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]

ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2) प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए. चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)

वाद सं. : ओ.ए./1565/2021

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन

ईएक्सएच. नंबर : 20121

**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**बनाम**
**अजय आहूजा और अन्य**

सेवा में,

(1) अजय आहूजा एवं अन्य डी/डब्ल्यू/एस/ओ – मुंशी राम आहूजा श्री अजय आहूजा पुत्र श्री मुंशी राम आहूजा, निवासी फ्लैट नंबर ई-104, एनसीआर वन, टावर ई, प्रथम तल, सेक्टर-95, गुरूग्राम-122001, हरियाणा, गुरूग्राम, हरियाणा
अन्य पता – निवासी मकान नंबर आर-748, रघुबीर नगर, नई दिल्ली-110018, नई दिल्ली, दिल्ली-110018

(2) श्री विजय आहूजा पुत्र श्री मुंशी राम आहूजा, निवासी लैट नंबर ई-104, एनसीआर वन, टावर ई, प्रथम तल, सेक्टर-95, गुरूग्राम-122001, हरियाणा, (सह-आवेदक)
अन्य पता – निवासी मकान नंबर आर-748, रघुबीर नगर, नई दिल्ली-110018, नई दिल्ली, दिल्ली-110018

(3) मैसर्स सिद्धार्थ बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड आर/ओ दुकान नंबर 1 और 4, लोकल शॉपिंग सेंटर, पुष्प विहार, मदनगीर, नई दिल्ली-110062, इसके अधिकृत अधिकारी के माध्यम से।
(बिल्डर)

**सम्मन**

जबकि, ओए/1565/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 28-08-2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,73,68,544/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 13-12-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 31-08-2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

### प्रपत्र सं. 3

[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]

ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2) प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए. चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)

वाद सं. : ओ.ए./642/2020

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन

ईएक्सएच. नंबर : 20617

**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**बनाम**
**नवीन अग्रवाल**

सेवा में,

(1) नवीन अग्रवाल डी/डब्ल्यू/एस/ओ – श्री पदम चंद अग्रवाल, श्री नवीन अग्रवाल पुत्र श्री पदम चंद अग्रवाल, निवासी मकान नंबर 104, सिद्धार्थ अपार्टमेंट, पी. नंबर 31, निकट केन्द्रीय विहार, सेक्टर-56, गुरूग्राम, हरियाणा

(2) श्रीमती सीमा अग्रवाल पत्नी श्री नवीन अग्रवाल निवासी मकान नंबर 104, सिद्धार्थ अपार्टमेंट, पी. नंबर 31, निकट केन्द्रीय विहार, सेक्टर-56, गुरूग्राम, हरियाणा,

अन्य पता :– प्रतिवादी सं. 1 एवं 2 का दूसरा पता :– निवासी फ्लैट नंबर 403, चतुर्थ तल, टावर-टी 11, क्रीसेंट पार्क ग्रीन पार्क, सेक्टर-92, गुरूग्राम-122022, हरियाणा

(3) मैसर्स रामप्रस्थ सरे रियल्टी प्रा. लि., प्लॉट नंबर 46, उद्योग विहार, फेज-4, गुरूग्राम-122015, इसके अधिकृत अधिकारी के माध्यम से

**सम्मन**

जबकि, ओए/642/2020 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 26-09-2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 38,33,119/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 06-12-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 27-09-2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

## संक्षिप्त समाचार

### फिटनेस जिम में पहुंचे भाजपा नेता मनोज गुप्ता




**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 61 शॉप्रिक्स मॉल में स्थित योर लाइफ फिटनेस जिम के 1000 मेंबरशिप होने के उपलक्ष मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में नोएडा भाजपा के महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने केक काटा और युवाओं को स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया करते हुए कहा कि जिम में जाकर एक्सरसाइज करने से बॉडी फिट होती है। इससे स्टैमिना, स्टैबिलिटी और पोस्चर भी सुधरता है। वहीं दूसरी तरफ जिम के साइड इफेक्ट्स भी होते हैं। इसीलिए जिम में ट्रेनर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। जिम को अगर प्रशिक्षित ट्रेनर के साथ किया जाए तो इसके परिणाम कहीं ज्यादा अच्छे होते हैं। योर लाइफ फिटनेस जिम के सीएमडी महेश यादव ने 1000 मेंबरशिप के मौके पर अपने पूरे स्टाफ को बधाई दी।

### ग्वालियर की घटना को लेकर गुर्जर समाज ने दिया ज्ञापन

**नोएडा।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर में गुर्जर समाज के लोगों के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ गुर्जर समाज द्वारा आज कलेक्ट्रेट सूरजपुर पर प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन दिया गया। यह ज्ञापन जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामशरण नागर एडवोकेट के नेतृत्व में दिया गया। रामशरण नागर एडवोकेट ने बताया कि 25 सितंबर को मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर में गुर्जर समाज द्वारा वहा पर एक गुर्जर समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस दौरान श्याम सिंह भाटी, विशाल नागर, नीरज भाटी, विकास भनोता, कपिल भाटी, सुमित भाटी, रोहित मत्ते गुर्जर, केके भाटी, सचिन भाटी, कृष्ण भाटी, देवेश भाटी, डॉक्टर अजय भाटी, अनिल कसाना, विनय चपराना, पवन भाटी, आदि मौजूद रहे।

### अपहरण की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे रोड पर दो पक्षों के बीच हुए झगड़े के दौरान एक गुट ने दूसरे पक्ष के युवक का अपहरण कर लिया है, इस सूचना के मिलते ही मुरादनगर थाना पुलिस घटनास्थल की और दौड़ पड़ी। पुलिस के मुताबिक पुलिस ने अपहरण की घटना की गुत्थी सुलझाने के लिये जहां मौके पर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। वहीं कई लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ भी की।

### अदालत पहुंची सुल्लमल रामलीला कमेटी की महाभारत

**गाजियाबाद।** सुल्लमल रामलीला कमेटी पर काबिज कमेटी और पूर्व अध्यक्ष के बीच चल रही चुनाव कराए जाने की महाभारत हाईकोर्ट जा पहुंची है। कल यानि 11 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने इस मामले में 7 नवंबर की डेट लगा दी है। ऐसें में कमेटी के सदस्यों की नजरें अब 7 नवंबर को हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई पर टिकी हुई हैं। श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय बंसल ने बताया कि कमेटी के चुनाव पिछले चार वर्षों से नहीं हुए हैं। कमेटी पर कालातीम पदाधिकारी काबिज हैं, जिन्हें कोई भी कार्य कराने के अधिकार प्राप्त नहीं हैं। अजय बंसल ने बताया कि श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी के चुनाव कराने जाने की मांग को लेकर उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली थी।

### विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दिया विवादित बयान

**गाजियाबाद।** लोनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने केन्द्र सरकार से अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की मान्यता रद्द करने की मांग करते हुए कांग्रेस को आतंकवादी संगठन तक कह डाला है। लोनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में आतंकी संगठन हमास के समर्थन में किए गए प्रदर्शन को देश विरोधी करार देते हुए देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि पूरा विश्व इजरायल में आतंकी संगठन हमास द्वारा किए गए वीभत्स नरसंहार की निंदा कर रहा है। लेकिन वहीं अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में छात्रों द्वारा हमास के समर्थन में रैली निकाली गयी है। यह भविष्य के किसी बड़े संभावित खतरे की ओर इशारा करती है। अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में छात्रों द्वारा पहले भी दर्जनों बम धमाकों और सैकड़ों लोगों की जान लेने वाले आतंकी संगठन सिमी का समर्थन किया गया है। वहीं संसद हमले के मास्टर माइंड अफजल गुरू को भी यहां के छात्र और प्रोफेसर शहीद बताते हैं। वहीं लाखों भारतीयों की हत्या का जिम्मेदार मोहम्मद अली जिन्ना की तस्वीर भी यूनिवर्सिटी में लगी हुई है।

# कनाडाई गैंगस्टर अर्शदीप के दो शूटर गिरफ्तार

● दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सराय काले खां के पास दबोचा

● कांग्रेस नेता की हत्या मामले में वांछित थे दोनों


दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की गिरफ्त में कनाडाई गैंगस्टर अर्शदीप के शूटर।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणपूर्व दिल्ली से कनाडाई गैंगस्टर अर्शदीप सिंह के दो शूटरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उनके कब्जे से एक हथगोला, एक पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद किए गए और मामले की जांच की जा रही है।

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने बुधवार रात को सराय काले खां के समीप रिंग रोड से दो लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें से एक की पहचान कृष्ण के रूप में हुई है।

एक अधिकारी ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ ने दोनों शूटरों को रोका और उनसे समर्पण करने के लिए कहा। अधिकारी ने बताया, कृष्ण ने पुलिस दल पर गोली चलाई हालांकि कोई भी अधिकारी घायल नहीं हुआ। अन्य आरोपी ने अपने थैले से हथगोला निकाला लेकिन वह उसकी पिन खींच पाता उससे पहले ही हमारी टीम ने उसे धर-दबोचा।

कनाडाई गैंगस्टर अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श दाला, पंजाब के मोगा के दाला गांव का रहने वाला है और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) व पंजाब पुलिस द्वारा वांछित अपराधी है।

पंजाब के सीमावर्ती राज्यों में सुपारी लेकर कई हत्याओं में उसकी संलिप्तता भी सामने आई है। सिंह पर पाकिस्तान से हथियार लेकर राज्य में गिरोहों को आरडीएक्स, आईईडी, एके 47 और अन्य हथियार की आपूर्ति करने का भी आरोप है। सिंह के खिलाफ मई 2022 में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस ने जिन दो शूटर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है वे हाल ही में पंजाब के मोगा जिले में एक कांग्रेस नेता की हत्या के मामले में दोनों वांछित थे। अमेरिका में छिपे अर्श के निर्देश पर दोनों पंजाब दिल्ली हरियाणा व राजस्थान में आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे थे। वहां की अदालत ने दोनों को भगोड़ा घोषित कर दिया था।

# आतिशी ने फ्लाईओवर निर्माण में देरी पर लगाई फटकार


मोती नगर-पंजाबी बाग के निर्माणधीन फ्लाइओवर का निरीक्षण करती पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी।

● मोती नगर-पंजाबी बाग के निर्माणाधीन फ्लाईओवर का पीडब्ल्यूडी मंत्री ने किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लोक निर्माण विभाग की मंत्री आतिशी से बृहस्पतिवार को पंजाबी बाग व मोतीनगर में निर्माणाधीन फ्लाइओवर का निरीक्षण कर काम में देरी पर अधिकारियों को फटकार लगाई।

निर्माण कार्य में हो रहे विलंब पर उन्होंने अधिकारियों चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी कार्य शेष है, उसे जनवरी तक पूरा किया जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो विलंब के लिए जिम्मेदार संबंधित अधिकारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

आतिशी ने दोनों फ्लाईओवर को रिंग रोड को जाम-मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम परियोजना बताया। साथ ही कहा कि कार्य समय से हो इसके लिए श्रमिकों और मशीनों की संख्या दोगुनी की जाए और दिन-रात काम किया जाए। हर सप्ताह परियोजना के निर्माण हुई प्रगति रिपोर्ट भी उन्हें कार्यालय में सौंपने का अधिकारियों को निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि मोती नगर फ्लाईओवर का ज्यादातर काम पूरा हो चुका है। यहां केवल एक हिस्से में भारत दर्शन पार्क के नजदीक चौराहे के ऊपर 50 मीटर का स्टील गर्डर इंस्टाल करना है।

चौराहे पर भारी ट्रैफिक होने के कारण यहां काम में देरी हो रही है। पंजाबी बाग फ्लाइओवर का भी अधिकतर काम हो चुका है और यहां गर्डर इंस्टाल किए जा रहे हैं लेकिन यहां बिजली की एक लाइन के शिफ्टिंग के कारण काम की गति धीमी हुई है।

पंजाबी बाग फ्लाईओवर और राजा गार्डन फ्लाईओवर के बीच का ये कारिडोर रिंग रोड का हिस्सा है और यहां ट्रैफिक का लोड काफी ज्यादा है। यहां हरियाणा से ट्रैफिक रोहतक रोड (एनएच -10) से आता है। ये उत्तरी दिल्ली को दक्षिणी दिल्ली, गुरुग्राम व एनसीआर के अन्य हिस्से से जोड़ने का भी काम करता है।

वर्तमान में मौजूद वन- वे फ्लाईओवर और कम क्षमता वाले चौराहे वर्तमान के ट्रैफिक लोड के लिए पर्याप्त नहीं थे, जिस कारण यहां जाम की समस्या पैदा होती थी।

फ्लाइओवर का निर्माण तय समय से पीछे चल रहा है जिसके कारण हर दिन हज़ारों वाहनों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है और लोगों को परेशानी होती है।

### परियोजना के मुख्य बिंदु

- ईएसआई हॉस्पिटल से पंजाबी बाग क्लब रोड तक 6 लेन के एलिवेटेड कोरिडोर का निर्माण
- ईएसआई हॉस्पिटल के पास मौजूदा सबवे रैंप को कैरिजवे के दोनों ओर सर्विस रोड की ओर स्थानांतरित करना
- आरसीसी ड्रेन, फूटपाथ, मौजूदा रोड का सुदृयीकरण व आर्ट-वर्क आदि का कार्य

# पीएम मोदी आज करेंगे पी-20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

● लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला मेट्रो से पहुंचे यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर


यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर के लिए मेट्रो से यात्रा करते लोकसभा स्पीकर ओम बिडला।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को नौवें जी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन- पी -20 का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। वहीं बृहस्पतिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर मेट्रो से पहुंचे।

बिड़ला ने कहा, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए केवल नीतियां और कानून बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि जीवनशैली में बदलाव करके सामूहिक योगदान की आवश्यकता है। ससंदीय कार्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत की जी-20 अध्यक्षता के अंतर्गत की जा रही है। नौवें पी - 20 शिखर सम्मेलन का विषय एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद है। इस कार्यक्रम में जी-20 सदस्य देशों और आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्ष भाग लेंगे।

अफ्रीकी संघ के जी-20 का सदस्य बनने के बाद अफ्रीकी संसद पहली बार पी- 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेगी। शिखर सम्मेलन के दौरान चार विषयों सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन, महिलाओं के नेतृत्व में विकास, एसडीजी में तेजी लाना और सतत ऊर्जा संक्रमण पर विचार विमर्श किया जाएगा।

पर्यावरण के लिए जीवनशैली विषय पर संसदीय मंच को संबोधित करते हुए बिरला ने जी20 और अन्य आमंत्रित देशों के सांसदों से संसद में मिशन लाइफस्टाइल पर चर्चा करने का आग्रह किया, ताकि यह संदेश दिया जा सके कि अभियान हमारे जीवन का हिस्सा है। बिरला ने भरोसा जताया कि यह जन आंदोलन बन जाएगा, जो एक बेहतर दुनिया बनाने में मदद करेगा।

## दिल्ली पुलिस ने जारी किया यातायात दिशा निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 12 से 14 अक्टूबर तक होने वाले पी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर यातायात परामर्श जारी किया है। सम्मेलन द्वारका के इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन और एक्सपो सेंटर में आयोजित की जा रही है। पी-20 शिखर सम्मेलन में 27 देशों के प्रतिनिधि और सांसद हिस्सा ले रहे हैं। वरिष्ठ यातायात अधिकारी ने बताया कि ये प्रतिनिधि शिखर सम्मेलन के लिए यशोभूमि जाएंगे। उन्होंने कहा कि अकबर रोड पर सुबह 7 बजे से रात 10 बजे के बीच, सरदार पटेल मार्ग से धौला कुआं फ्लाईओवर, मेहरम नगर हवाई अड्डे के पास, पालम फ्लाईओवर और दिलसीरा चौक के बीच यातायात को रेगुलेट किया।

# पराली गलाने को केजरीवाल सरकार करेगी पांच हजार एकड़ में छिड़काव


गोपाल राय

● पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा- तिगीपुर गांव से बायो डी-कंपोजर का छिड़काव होगा शुरू


फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में पराली गलाने के लिए केजरीवाल सरकारइस साल में 5 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल के खेतों में नि:शुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करवाएगी। यह जानकारी विकास मंत्री मंत्री गोपाल राय ने देते हुए बताया कि बायो डी-कंपोजर के छिड़काव को लेकर 13 टीम का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि बायोडी-कंपोजर का छिड़काव शुक्रवार को तिगीपुर , नरेला विधान सभा से शुरू किया जाएगा । विकास मंत्री ने कहा कि इसके लिए किसानों से फॉर्म भरवाया जा रहा है आगे जरूरत हुई तो और भी खेतों में इसका छिड़काव कराया जाएगा। पूसा संस्थान बायो डिकम्पोजर घोल बनाकर दिल्ली सरकार को मुहैया करा रही है। बासमती और गैर बासमती धान के सभी खेतों में सरकार द्वारा नि:शुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव किया जाएगा।

मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार दिल्ली के अंदर सर्दियों के मौसम में होने वाले वायु प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए 15 बिंदुओं का विंटर एक्शन प्लान बनाया है। 15 फोकस बिंदुओं में शामिल पराली जलाना भी प्रदूषण की समस्या को बढ़ाने में एक एहम भूमिका निभाता है। ऐसे में इस समस्या पर समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें, इसलिए हमारी सरकार ने पिछले सालों की तरह इस बार भी पराली गलाने के लिए खेतों में बायो डि-कंपोजर का नि:शुल्क छि ?काव करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है और कल से छिड़काव शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर कुछ हिस्सों में ही धान की खेती की जाती है। दिल्ली में पराली से प्रदूषण न हो, इसीलिए पिछले सालों में बायो डी-कंपोजर का नि: शुल्क छिड़काव सरकार द्वारा किया गया था। जिसका बहुत ही सकारात्मक परिणाम रहा है।

# यातायात पुलिस बन दो लोगों से लूट

● आईपी एस्टेट इलाके में 50 लाख रुपये की ठगी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने खुद को यातायात पुलिसकर्मी बताकर आईपी एस्टेट इलाके में एक निजी कंपनी के दो कर्मचारियों से 50 लाख रुपए लूट लिए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक यह घटना बुधवार शाम सलीमगढ़ फ्लाईओवर के पास आउटर रिंग रोड पर हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पान बहार प्राइवेट लिमिटेड के दो कर्मचारी कूचा घासीराम से 50 लाख रुपए की राशि एक बैग में लेकर अपने कार्यालय जा रहे थे, तभी दोनों को फ्लाईओवर के पास मोटरसाइकिल पर सवार एवं यातायात पुलिस की वर्दी पहने और हाथ में वायरलेस सेट लिए दो लोगों ने रोका। उन्होंने बताया कि वाहन की जांच करने के बहाने आरोपियों ने कार की डिक्की खोली, जिसमें रुपयों से भरा बैग था। इसी बीच, मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य व्यक्ति वहां आए और बैग लूट लिया। पुलिस ने बताया कि चारों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने इस घटना के संबंध में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 419 (अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करना) और 382 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## छतरपुर में 25 लाख रुपये का कपड़ा चोरी

**नई दिल्ली।** छतरपुर इलाके में बृहस्पतिवार को तड़के दो लोगों ने कपड़े की एक दुकान में सेंधमारी की और वहां से करीब 25 लाख रुपये के नए कपड़े लेकर फरार हो गए।

पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने कहा कि उन्हें सुबह छह बजकर 40 मिनट पर सूचना मिली कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और दुकान में चोरी हुई है। चौधरी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही अपराध जांच दल को बुलाया गया और घटना स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ सीसीटीवी फुटेज में दो लोगों को तड़के करीब पौने चार बजे से साढ़े चार बजे के बीच दुकान का ताला तोड़ते और वहां से कपड़े ले जाते हुए देखा गया।

# युवती पर चाकू से हमला, कैब चालक ने आरोपी को पकड़ा

● पीड़िता का पूर्व प्रेमी है आरोपी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


लाडो सराय इलाके में बृहस्पतिवार सुबह एक व्यक्ति ने युवती पर कथित तौर पर चाकू से वार किया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता का पूर्व में आरोपी के साथ प्रेम संबंध था लेकिन बाद में वह उसे नजरअंदाज कर रही थी।

आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ। वीडियो में एक युवती कैब के अंदर दिखाई दे रही है जिसके शरीर का ऊपरी भाग खून से लथपथ है। वह राहगीरों से मदद मांग रही है। वीडियो में अन्य लोगों की मदद से आरोपी को पकड़ने वाला कैब चालक कह रहा है कि वह युवती को ले जाने के लिए आया था। ये दोनों साथ थे और कार में सवार हुए और उसके बाद आरोपी ने युवती पर हमला कर दिया।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी के अनुसार आरोपी को हाल में युवती ने उसे नजरअंदाज करना शुरू कर दिया था। नाराज होकर इस दौरान आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। आरोपी के खिलाफ धारा 307 (हत्या का प्रयास) में मामला दर्ज किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पीरागढ़ी में जूता फैक्टरी में लगी भीषण आग



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पीरागढ़ी इलाके में स्थित एक फैक्टरी में बृहस्पतिवार को तड़के भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दमकल की कम से कम 33 गाड़ियों को आग बुझाने के काम में लगाया गया और करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

### केजरीवाल के इस्तीफे की मांग पर भाजपा का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई के कुछ कार्यकर्ताओं और संगठन के नेताओं ने बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) कार्यालय के पास प्रदर्शन किया और उनकी सरकार में कथित भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लिए और नारे लगाते हुए दीनदयाल उपाध्याय मार्ग आप कार्यालय की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें कुछ दूरी पर ही रोक लिया। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, हम भ्रष्ट केजरीवाल सरकार के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे हैं। केजरीवाल सरकार ने अपने नौ साल के कार्यकाल के दौरान दिल्ली को लूटा है। भाजपा तब तक पीछे नहीं हटेगी, जब तक केजरीवाल पद से इस्तीफा नहीं दे देते।

### रामलीला मैदान में 29 को मुस्लिम महापंचायत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में 29 अक्टूबर को मुस्लिम महापंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें समुदाय के सामने आने वाले मुद्दों को उठाया जाएगा। इसका आयोजन वी द इंडियन मुस्लिम के बैनर तले किया जा रहा है। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रज़ा ने कहा, यह आयोजन पूरी तरह से गैर-राजनीतिक है और समुदायों के बीच शांति की अपील करने के लिए है। उन्होंने वकील महमूद प्राचा के साथ मुसलमानों से महापंचायत में शामिल होने की अपील की। वकील महमूद प्राचा ने कहा, मुसलमानों की जनसंख्या भारत की आबादी का 15 प्रतिशत है। इस महापंचायत में भारतीय मुसलमानों के सामने आने वाले मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

**नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
सिबियन रोड, बठिंडा – 151003 (पंजाब)
एन एफ एल NFL
G20

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित मांग के लिए GeM के माध्यम से दो भाग में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:–

| एनआईटी संख्या | कार्य विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू) | ईएमडी (रू) | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| *जीईएम/2023/बी/3962726 | यूरिया रिएक्टर इनलेट आपातकालीन शटऑफ ऑन/ऑफ वाल्व यू–ईएमवी– 101 | 101.00 लाख (जीएसटी सहित) | 1,00,000/- | 20.11.2023 |

अधिक जानकारी और शुद्धिपत्र यदि कोई हो, के लिए हमारी वेबसाइट www.nationalfertilizers.com. GeM पोर्टल: www.gem.gov.in और CPP पोर्टल www.eprocure.gov.in पर जाएं। कोई भी संशोधन/शुद्धिपत्र केवल इन वेबसाइटों पर प्रदर्शित किया जाएगा।
मुख्य प्रबंधक (सामग्री)

@NFL_Kisan @nationalfertilizers National Fertilizers Limited

# दुर्गा पूजा पंडाल में दिखेगी नए संसद भवन की झलक

## राजधानी के चितरंजन पार्क में तैयारी जोरों पर, लोगों में कोरोना महामारी से पहले वाला उत्साह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इस साल राष्ट्रीय राजधानी में दुर्गा पूजा पंडालों में नए संसद भवन से लेकर पवित्र मुंडेश्वरी देवी मंदिर तक विविध विषयों को दर्शाया जा रहा है तथा इस बार इस त्योहार में कोरोना महामारी से पूर्व का जोश और उत्साह रहने की संभावना है।

बंगाली बहुल आबादी वाले चित्तरंजन पार्क में एक पूजा पंडाल को नव उद्घाटित संसद भवन का रूप दिया जाएगा। पंडाल की सजावट में स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रीय प्रतीकों की थ्री डी तस्वीर होगी।

सीआर पार्क के मेला ग्राउंड में इस साल बुद्ध के रूप में पंडाल निर्मित किया गया है जबकि के ब्लॉक पार्क में बिहार के मुंडेश्वरी देवी मंदिर की प्रतिकृति प्रदर्शित की जाएगी। गाजियाबाद किराना बाजार मार्केट में पूजा आयोजकों ने कहा कि उनके पंडाल का विषय



वन होगा। चित्तरंजन पार्क में मूर्तियों की दुकान के मालिक गोविंद नाथ ने कहा कि दुर्गा पूजा की तैयारी कोविड-19 दौर के पहले जैसी पूरे जोरशोर से चल रही है। उन्होंने कहा, इस बार पूरे जोरशोर से दुर्गा पूजा की तैयारी चल रही हैं, यह वैसी ही है जैसी कोविड-19 से पहले हुआ करती थी। ज्यादातर लोगों ने मूर्तियों को लेकर अपनी खास पसंद पहले ही बता दी है जिसका मतलब है कि वे इस बात अधिक खर्च करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, हमें इस साल मूर्ति का एक मजेदार आर्डर मिला है। यह बुद्ध रूपी दुर्गा मूर्ति है जो सात फुट ऊंची है। उन्होंने कहा कि काली मंदिर में उनकी दुकान पर कुल 12 मूर्तिकार काम कर रहे हैं और उन्हें इस बार 40 मूर्तियों का आर्डर मिला है।

नाथ ने कहा कि पिछली बार उन्हें दुर्गा पूजा के लिए बमुश्किल 20-25 मूर्तियों का आर्डर मिला था। उन्होंने कहा कि कुछ मूर्तिकार पश्चिम बंगाल अपने घर लौट जाएंगे जबकि अन्य यहीं रूकेंगे क्योंकि उन्हें काली पूजा (दिवाली) के लिए भी आर्डर मिलने लगे हैं। त्योहार से पहले मूर्ति निर्माण प्रक्रिया के आखिरी चरण के बारे में चर्चा करते हुए मूर्तिकार तपन विश्वास ने कहा कि वे लोग प्रतिदिन 15 घंटे काम कर रहे हैं।

## पॉक्सो मामलों के लिए 4 सरकारी वकीलों के नियुक्ति की मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) मामलों की सुनवाई के लिए चार विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उपराज्यपाल ने एक पखवाड़े पहले कथित देरी को लेकर दिल्ली सरकार से इस मामले से संबंधित फाइल वापस ले ली थी। राजनिवास ने यह जानकारी दी।

राजनिवास के एक अधिकारी ने कहा कि सरकार ने माना है कि दिल्ली की विभिन्न विशेष अदालतों में यौन अपराधों से पॉक्सो अधिनियम के मामलों की सुनवाई हेतु सीबीआई के लिए विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति के मद्देनजर उपराज्यपाल की राय की आवश्यकता होगी। इन मामलों की सुनवाई बीते नौ महीनों से अधिक समय से अटकी हुई है।

**ऋण वसूली न्यायाधिकरण-II, दिल्ली के समक्ष**
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

बैंक तथा वित्तीय संस्थाओं को देय ऋण की वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 19(4) के साथ पठित ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया नियमावली, 1993) के नियम 12 और 13 के तहत सूचना

**TA NO 282/2022** **तिथि : 13–09–2023**
**पंजाब एण्ड सिंध बैंक** **आवेदक**
**विरुद्ध**
**श्रीमती विजयवती तिवारी एवं अन्य** **प्रतिवादीगण**

सेवा में, **प्रतिवादीगण 3. मैसर्स जे एम हाउसिंग लिमिटेड,** डी–334 विवेक विहार दिल्ली–95
जबकि उपरोक्त नामक आवेदक (कों) ने आपके विरुद्ध रु. 10,77,539.60/– **(रुपए दस लाख सतहत्तर हजार पाँच सौ उन्तालिस तथा पैसे साठ मात्र)** की वसूली के लिए एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक **23–10–2023** को पूर्वा. 10.30 बजे इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
**सभी मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से की जाएगी और उस प्रयोजन हेतु :–**
(i) सभी अधिवक्ता/विवादी **"Cisco Webex"** ऐप्लीकेशन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे ;
(ii) माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार द्वारा मामलों की सुनवाई की अगली तिथि हेतु **"Meeting ID"** तथा **"Password"** अगली तारीख से एक दिन पहले डीआरटी के आधिकारिक पोर्टल नामतः **"drt.gov.in"** पर सार्वजनिक सूचना शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध होगा। (iii) किसी कार्याधिक्य की स्थिति में, अधिवक्ता/विवादी संबंधित पदाधिकारी से फोन नंबर 23748478 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत **13 सितम्बर, 2023** को दिया गया।
न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा, सहायक रजिस्ट्रार डीआरटी–II, दिल्ली

# गुरुग्राम में सबकुछ ठीक-ठाक था तब तो समस्याएं कहां से आ गईं अब...

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम के दायरे में शहर के भीतर व बाहरी क्षेत्र में समस्याओं के समाधान के सवाल पर सब कुछ ठीक-ठाक है कहने वाली गुरुग्राम की तत्कालीन मेयर मधु आजाद को अब समस्याएं नजर आने लगी हैं। अब उन्होंने मुख्यमंत्री व निकाय मंत्री को गुरुग्राम में विकास कार्यों की स्थिति, नगर निगम गुरुग्राम की कार्यशैली और समस्यओं के बारे में अवगत करवाया है।

गुरुवार को गुरुग्राम समेत अन्य नगर निगमों के मेयर के साथ गुरुग्राम की निवर्तमान मेयर मधु आजाद ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता के साथ बैठक में शिरकत की। मधु आजाद ने मुख्यमंत्री व निकाय मंत्री को गुरुग्राम में विकास कार्यों की स्थिति, नगर निगम गुरुग्राम की कार्यशैली तथा समस्यओं के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान कई बड़ी परियोजनाएं नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शुरू की गई, जिनका कार्य अभी चल रहा है। इन कार्यों में और अधिक तेजी लाने की आवश्यकता है, ताकि जल्द से जल्द कार्य पूर्ण हो। उन्होंने बताया कि सदर बाजार में बन रही मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसे


मुख्यमंत्री मनोहर लाल से सामूहिक चित्र में अन्य मेयर के साथ गुरुग्राम की निवर्तमान मेयर मधु आजाद।

जल्द पूरा करवाने की आवश्यकता है। इसके अलावा कमान सराय में पार्किंग निर्माण कार्य भी शुरू ही नहीं हो पाया है। मधु आजाद ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि जब तक नगर निगम चुनाव नहीं होते हैं, तब तक अधिकारियों को ये निर्देश दें कि महीने में एक बार निवर्तमान मेयर टीम व पार्षदों के साथ एक बैठक करें। अब सवाल उठता है कि बतौर मेयर रहते हुए मधु आजाद के कार्यकाल में कोई समस्या गुरुग्राम में नहीं थी। मीडिया द्वारा समस्याओं की जानकारी देने, सीवरेज, सड़कों की दुर्दशा बताने के बाद भी वे यही कहतीं कि सब कुछ ठीक-ठाक है। कहीं कोई समस्या नहीं है।

मेयर ने हमेशा विकास के झूठे दावे किए: सुखबीर तंवर

निवर्तमान मेयर मधु आजाद द्वारा बैठक में रखी गई बातों और पूर्व में किए गए दावों पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुखबीर तंवर ने कहा कि गुरुग्राम में विकास के झूठे दावे मेयर मधु आजाद की ओर से किए गए। उन्होंने शहर की कई सड़कों का जिक्र करते हुए कहा कि लोग दो-दो साल से गड्ढों में से अपने वाहन ले जाने को मजबूत हैं, लेकिन नगर निगम इन गड्ढों को नहीं भर पाया। बड़ा उदाहरण सेक्टर-10 चौक से गाडौली तक की सड़क है। यहां पुलिया बनाकर नगर निगम वाहवाही लूट रहा है, लेकिन सड़क थोड़ी सी बनाकर छोड़ी दी है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा व विधानसभा, निगम चुनावों में हार के डर से भाजपा चुनाव से भाग रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा प्रभारी बिप्लब देब से मिले सरपंच सुंदर लाल

**गुरुग्राम।** त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा भाजपा प्रभारी बिप्लब कुमार देब से भारतीय जनता पार्टी पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं सरपंच एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष सरपंच सुंदर लाल यादव ने मुलाकात की। उन्हें सम्मान स्वरूप पौधा भी भेंट किया। इस मुलाकात के दौरान सरपंच सुंदर लाल ने बिप्लब कुमार देब से आगामी चुनावों को लेकर चर्चा करते हुए उनसे मार्गदर्शन लिया। संगठन को मजबूत करने, मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान को प्रत्येक बूथ पर कार्य करने के लिए भी उनसे विस्तार से चर्चा करते हुए मार्गदर्शन लिया। मुलाकात के बाद जानकारी देते हुए सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब सादगी के धनी हैं। एक मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल बिता चुके और वर्तमान में राज्यसभा सांसद बिप्लब कुमार देब बेहद ही मिलनसार हैं। हर मुलाकात में वे संगठन के लिए काम करने का उत्साह तो जागृत करते ही हैं, साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए वे टिप्स भी देते हैं। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि जिस संगठन में बिप्लब कुमार देब प्रदेश प्रभारी का पद संभाल रहे हैं, उस संगठन की मजबूती पर कोई सवाल नहीं उठ सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में देश और पार्टी दोनों ही तरक्की कर रहे हैं। उनकी बेहतर नीतियों से जहां लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, वहीं संगठन को मजबूती भी मिल रही है।


हरियाणा भाजपा प्रभारी बिप्लब देब को पौधा भेंट करते सरपंच सुंदर लाल।

### गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में हुई इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में गुरुवार को इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरुग्राम विवि कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। कुलपति ने खिलाड़ियों को खेल को खेल भावना से खेलने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय के खेल विभाग द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में गुरुग्राम यूनिवर्सिटी से संबद्ध 16 कॉलेजों की टीम ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 10 टीम द्रोणाचार्य गवर्नमेंट कॉलेज, गवर्नमेंट कॉलेज सिधरावली, जाटौली गवर्नमेंट कॉलेज,गुरुग्राम यूनिवर्सिटी,गुरुग्राम, एनबीजीएसएम सोहना, द्रोणाचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज, फॉर मैनेजमेंट कॉलेज ,गुरुग्राम, गवर्नमेंट कॉलेज रिठौज, गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर-9, सूरज डिग्री कॉलेज और महिला वर्ग की 6 टीम ने पूरे उत्साह से भाग लिया। पुरुष वर्ग में पहले सेमीफाइनल मैच में द्रोणाचार्य गवर्नमेंट कॉलेज ने गवर्नमेंट कॉलेज सिधरावली को हराकर फाइनल में प्रवेश किया दूसरे सेमीफाइनल मैच में गुरुग्राम विश्वविद्यालय की टीम गवर्नमेंट कॉलेज जाटौली को हराकर फाइनल में पहुंची। द्रोणाचार्य गवर्नमेंट कॉलेज और गुरुग्राम विश्वविद्यालय के बीच खेले गए कबड्डी का फाइनल मुकाबला बहुत रोमांचक रहा, जिसमे द्रोणाचार्य गवर्नमेंट कॉलेज की टीम ने पहला और गुरुग्राम विश्वविद्यालय की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।


गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में इंटर कालेज कबड्डी प्रतियोगिता में खेलते खिलाड़ी।

# दीक्षांत समारोह में विधायक सुधीर सिंगला ने बांटी डिग्रियां

### विधायक ने सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुवार** को सेक्टर-14 स्थित महिला आईटीआई का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुधीर सिंगला पहुंचे। उन्होंने छात्राओं को डिग्रियां वितरित करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि स्कूली शिक्षा के बाद औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विद्यार्थियों को रोजगारपरक तकनीकी शिक्षा का माध्यम है। जो विद्यार्थी अपनी कालेज की पढ़ाई ना करके सीधे आईटीआई में दाखिल लेकर तकनीकी शिक्षा लेते हैं तो उनको जल्द रोजगार मिलने की संभावना बढ़ जाती है। अब गुरुग्राम समेत हरियाणा के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पढ़ाई का बेहतर स्तर पर और माहौल बना है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शी सोच के चलते इन संस्थानों में अच्छे ट्रेड में युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यहां से प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को विदेशों में भी जाने का अवसर मिलता है। गुरुग्राम रोजगार का हब है। यहां हजारों कंपनियों में रोजगार के अवसर खुल रहते हैं। निजी क्षेत्र में रोजगार मिलना अब काफी आसान हो गया है। अब युवाओं तक रोजगार चलकर आते हैं। कंपनियां कोर्स के दौरान ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, महाविद्यालयों में जॉब मेले लगाने लगी हैं। पढ़ाई के अंतिम समय में ही युवाओं को नौकरियां अच्छे वेतन पर मिल रही हैं। अब तो कंपनियां अपनी मांग के अनुसार भी युवाओं को प्रशिक्षण दिलवा रही हैं, ताकि उन्हें निपुण कर्मचारी मिलें और सीधे उनका शुरू हो जाए।



गुरुग्राम के सेक्टर-14 स्थित महिला आईटीआई के दीक्षांत समारोह में छात्रा को डिग्री देते विधायक सुधीर सिंगला।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि युवाओं को रोजगार दिलाने में जिला रोजगार कार्यालय भी समय-समय पर रोजगार मेले लगाता है। सरकारी के साथ युवाओं को निजी क्षेत्र में भी रोजगार के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्वयं भी निजी क्षेत्रों में उनकी जरूरतों के अनुसार विद्यार्थियों को निपुण करने में स्वयं भी संपर्क करते रहें। सरकार की यह प्रयास है कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार देकर प्रदेश की युवा शक्ति को मजबूत बनाया जाए। म

ुख्यमंत्री मनोहर लाल के आह्वान पर निजी कंपनियों ने स्कूल, कालेज, आईटीआई को गोद लेकर वहां की कायापलट की है। उनकी दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज हमारे युवाओं की प्रतिभा में निखार आ रहा है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जयप्रकाश यादव, रविंदर जैन, नवीन गुप्ता, हरीश वर्मा, एडवोकेट सचिन गुप्ता, देवेंद्र भाटिया, एडवोकेट सूरज यादव, आशीष गुप्ता, निशा गौड़, ओमप्रकाश जांगड़ा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने पंजाबियों का किया है अपमान: बोधराज सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राष्ट्र** के एकीकरण, सवृद्धि, सुरक्षा और उसके गौरव को बढ़ाने में पंजाबी समाज की सदैव से अग्रणी भूमिका रही है। मुगलों से संघर्ष हो या भारत का स्वतंत्रता संग्राम, खेल का मैदान हो या किसान का खलिहान पंजाबी समुदाय ने हर मोर्च पर खुद को साबित किया है। यह कहना है पंजाबी बिरादरी महा संगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी की।

बोधराज सीकरी ने कहा कि विदेशियों के अत्याचारों से लेकर भारत-पाक विभाजन की दर्दनाक विभिषिकाओं को भी सबसे ज्यादा पंजाबियों ने सहा है। अपनी कर्मठता, उद्यमता और उदारता के दम पर पंजाबी समाज ने देश और दुनियां में अपनी पहचान गढ़ी है। एक से बढ़कर एक सिनेमा और सीरियल इसी बिरादरी की देन हैं। दुर्भाग्य की बात है कि लंबे समय तक देश और हरियाणा में शासन करने वाली कांग्रेस ने इस पुरुषार्थ और देशभक्ति के बदले पंजाबी समुदाय को सिर्फ उपेक्षा का तोहफा दिया है। एक दिन पहले दो बार कांग्रेस के हरियाणा में मुख्यमंत्री रहे मौजूदा नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने परोक्ष रूप से कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार हरियाणा में बनती है तो वे ब्राह्मण को उप-मुख्यमंत्री बनाएंगे। दूसरे दिन प्रदेश अध्यक्ष उसका खंडन करते हैं। तीसरे


बोधराज सीकरी।

दिन उनके पुत्र घोषणा करते हैं कि वह चार जातियों ब्राह्मण, दलित, पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग से आने वाले लोगों को उप-मुख्यमंत्री बनाएंगे। सीकरी ने कहा कि हरियाणा में पंजाबी समाज जनसंख्या के लिहाज से न केवल तीसरा सबसे बड़ा वर्ग है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी असरदार भूमिका निभाता है। पंजाबियों ने भी हरियाणा का मान-सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पंजाबी बिरादरी ने खुद का भी निर्माण किया है और राष्ट्र का भी। हम किसी कांग्रेस की अपेक्षा या उपेक्षा के मोहताज नहीं हैं। रास्ता बनाना भी हमें आता है और उस पर चलना भी। सोचना उनको है, जिन्होंने दशकों तक देश की राजनीति पर इसी कौमी बंटबारे के सहारे सत्ता पर कुंडली मारे रखी है। पर अब रुत बदल गई है वो भी बदल जाएं तो बेहतर है।

# मेजबान शाह सतनाम जी छात्र महाविद्यालय ने जीती सर्वश्रेष्ठ जूडो चैंपियनशिप ट्रॉफी का खिताब

प्रवीन शर्मा। सिरसा

### शाह सतनाम जी छात्र महाविद्यालय में संपन्न अंतर महाविद्यालय पुरूष व महिला जूडो टूर्नामेंट

**शाह** सतनाम जी छात्र महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालय पुरूष और महिला जूडो टूर्नामेंट हुआ। जिसमें सभी भार वर्गों में पुरुष तथा महिलाओं ने अपनी प्रतिभा को दर्शाया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि व प्राचार्य डॉ. दिलावर सिंह द्वारा की गई।

प्राचार्य ने सीडीएलयू से आए मुख्य अतिथि डॉ. अशोक मलिक और स्पोर्ट्स काउंसिल से सुनील गोदारा तथा गवर्नमेंट नेशनल कॉलेज सिरसा से डॉ. बलदेव सिंह का स्वागत किया। इसके बाद प्रतियोगता शुरू की गई। जिसमें जूडो के सभी खिलाडयिों ने अपने जौहर दिखाए। टूर्नामेंट में निर्णायक मंडल की भूमिका रणवीर नैन, निर्मला नैन तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दिलावर सिंह ने निभाई। आयोजन कमेटी के रूप में राजवीर सिंह लक्खू, प्राध्यापक अमित, संदीप, हरचरण व कुलदीप ने कार्य किया। शाह सतनाम जी छात्र महाविद्यालय के जूडो खिलाड़ियों ने अन्य टीमों को पछाड़ते हुए सभी भार वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना दबदबा कायम किया।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दिलावर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर बधाई दी और सभी को संबोधित करते हुए कहा की एक स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है और स्वस्थ मस्तिष्क एकाग्रता, संयम, धैर्य और अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आए हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों को कार्यक्रम में पहुंचने पर धन्यवाद दिया। इस मौके पर सीडीएलयू से राजेश भादू, शमशेर कासनियां, अनिल पन्नीवाला तथा



शाह सतनाम जी छात्र महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालय में विजेता टीम।

महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

**यह रहे चैंपियनशिप के परिणाम :** चैंपियनशिप में 60 किलो में निर्भय सिंह, 66 किलोम में विनय, 73 किलो में साहिल दहिया, 81 किलो में मनजीत, 90 किलो में वनदीप, 100 किलो में करमवीर, 100 प्लस किलो में सुनील कुमार शाह सतनाम जी छात्र महविद्यालय सिरसा प्रथम रहे। दूसरे नंबर पर 60 किलो में राजीव डिफेंस डिग्री कॉलेज टोहाना, 66 किलो में पीयूष यूटीडी सिरसा, 73 किलो में कुलदीप गवर्नमेंट कॉलेज भट्टू, 81 किलो में संजय, 90 किलो में मनोज व 100 किलो में विक्की डिफेंस डिग्री कॉलेज टोहाना दूसरे नंबर पर रहे। 60 व 66 किलो में साहिल राजकीय महाविद्यालय भट्टू, 73 किलो में यूटीडी सिरसा तीसरे स्थान पर रहे।

# वार्ड-11 में हुआ सीवर समस्या का समाधान तो निगमायुक्त का जताया आभार

### पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पहुंचकर निगमायुक्त को भेंट किए बुके

**गुरुग्राम।** वार्ड-11 के गणमान्य व्यक्तियों ने गुरुवार को नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा का धन्यवाद व्यक्त किया। जनहित में किए जा रहे कार्यों के लिए आभार जताया।

स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में निवर्तमान पार्षद योगेन्द्र सारवान के नेतृत्व में वार्ड के कई गणमान्य व्यक्ति पहुंचे। बुके भेंट कर निगमायुक्त का धन्यवाद किया। लोगों ने विशेष रूप से सूरत नगर फेज-1 एक्सटेंशन को नियमित करवाने तथा क्षेत्र में सीवर समस्या का बेहतर समाधान करवाने पर निगमायुक्त का आभार जताया। निवर्तमान पार्षद योगेंद्र सारवान ने कहा कि क्षेत्र में सीवर की काफी समस्या चल रही थी, जिसका काफी हद तक राहत मिली है तथा आगे भी कार्य प्रगति पर है। वार्ड निवासियों ने छठ पूजा स्थल बनवाने,


गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में निगमायुक्त पीसी मीणा का आभार जताते निवर्तमान पार्षद योगेंद्र सारवान।

दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने, शमशान घाट का निर्माण करवाने का अनुरोध भी निगमायुक्त से किया। इस मौके पर बाबूलाल, जगदेव, रतन, दलीप यादव, सुनील रोहिल्ला, विरेन्द्र शुक्ला, विनोद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# खंड की 35 ग्राम पंचायतों से लाई गई मिट्टी वीर सैनिकों को सौंपी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नेहरु** युवा केन्द्र के तत्वाधान में खंड स्तर पर बनाया गया मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम में देश के वीर जवानों को एक साथ सैकड़ों की संख्या में मोजूद लोगों ने शल्यूट किया। एक करोड़ 40 करोड़ देशवासियों की दिन रात सज्जगता से रक्षा करने वाले वीर सैनिकों के हौसला और शौर्यता की कामनाएं की गई। खंड की सभी 35 ग्राम पंचायतों से लाई गई मोटी को जिला स्तर पर इक्कठा किए जाने के लिए एनएसजी के जवानों को सौंपा।

गुरुवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में ब्लॉक स्तर पर मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूल के विद्यार्थी और ग्राम पंचायतों से आए सरपंच, पंचायत विभाग के कर्मचारी व समिति सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला परिषद के उपचेयरमैन ओमप्रकाश, बीडीपीओ हितेष कुमार, एसईपीओ बलजीत सिंह और नेहरु युवा केन्द्र से आई ममता धवन ने कार्यक्रम का आयोजन


देश के वीर जवानों को ग्राम पंचायतों से लाई गई मिट्टी को सैनिकों को सौंपते हुए।

कराया। स्कूल की छात्राओं ने देश भक्ति पर सांस्कृत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

मानेसर में स्थित एनएसजी की यूनिट से आए नौजवानों को खंड की 35 ग्राम पंचायतों से लाई गई मिट्टी सौंपी गई। कार्यक्रम में मौजूद देश के वीरजवानों को पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। उनके हौसले को बढ़ाने के लिए देश भक्ति से संबंधित कार्यक्रम एक बाद एक किए गए।

**शहर में निकाली रैली :** मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत बीडीपीओ कार्यालय से लेकर अबेडकर बाईपास पहुंची जहा से तावडू जाने वाले मार्ग पर अग्रसैन पार्क तक निकाली गई। जिसमें कार्यक्रम में मौजूद वीर सैनिकों को सम्मानपूर्वक आगे रखा गया। रैली के बाद खंड की ग्राम पंचातयों से लाई गई माटी को सौंपा गया।

**महिला सरपंच पहुंची कार्यक्रम में :** गुरुवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में हुआ मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम में महिला सरपंच को दरकिनार किया गया। खंड की 35 ग्राम पंचायतों में से एक मात्र महिला सरपंच पहुंची। जबकि 10 से 12 पुरुष थे। जिनमें से 5 से 6 महिला सरपंचों को प्रतिनिधित्व करने पहुंचे। महिलाओं को अपना दायित्व निभाने के लिए पुरुष प्रधान परिवार से लेकर प्रशासनिक अधिकारी भी दरकिनार करने में पीछे नहीं है।

# खांडसा मंडी में उगाही के आरोप में दो एएसआई व एक हवलदार सस्पेंड

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### डीसीपी मुख्यालय ने सस्पेंड करने के जारी किए आदेश

**खांडसा** मंडी में अवैध उगाही करने के मामले में तीन पुलिस वालों को सस्पेंड किया गया है। इसमें दो एएसआई और एक हवलदार शामिल है। मंडी में अवैध रूप से उगाही करने में इनकी संलिप्तता पायी गई है। डीसीपी मुख्यालय दीपक गहलावत की ओर से इन तीनों को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए गए। गुरुवार को मंडी क्षेत्र में तीन पुलिस वालों की इस कथित उगाही के मामले की चर्चा रही।

खांडसा मंडी क्षेत्र में अवैध वसूली का खेल काफी समय से चल रहा है। यहां एक गैंगस्टर की अमित डागर की पत्नी लेडी डॉन बनकर लोगों से अवैध रूप से वसूली करती हुई पकड़ी जा चुकी है। उसके अलावा पुलिस ने 3 अक्टूबर को भी अवैध उगाही मामले 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। यह सभी गैंगस्टर कौशल के गुर्गे थे। अतुल खटाना इस अवैध वसूली की कार्रवाई को संचालित करता पाया गया था। अतुल खटाना के तार गैंगस्टर अमित डागर की पत्नी लेडी डॉन ट्विंकल के साथ जुड़े पाए गए थे। जिसके बाद गुरुग्राम पुलिस ने लेडी डॉन को भी गिरफ्तार किया था। लेडी डॉन ट्विंकल इससे पहले भी गुरुग्राम पुलिस द्वारा इस अवैध उगाही मामले में गिरफ्तार हो चुकी है। अवैध वसूली के इस खेल में बदमाशों के बाद अब पुलिस भी शामिल पायी गई है।

एस्कॉर्ट गार्ड की ड्यूटी पर तैनात सब-इंस्पेक्टर राजकुमार, सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच में तैनात सब-इंस्पेक्टर विनोद और शिवाजी नगर थाना में तैनात हेड कांस्टेबल देशराज को सस्पेंड किया गया है। डीसीपी मुख्यालय दीपक गहलावत की ओर से इन तीनों के सस्पेंशन ऑर्डर जारी किये गये हैं। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के आदेशों पर की गई है। खांडसा सब्जी मंडी में अवैध रूप से उगाही के मामले में इन पुलिस वालों की संदिग्ध भूमिका मिली।

# विद्यार्थी कृषि के क्षेत्र में नई खोज रोजगार और देश की अर्थ व्यवस्था बढ़ाए: प्रदीप सिंह



बुधवार को एसडीएम जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी में कृषि के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी एसडीएम प्रदीप सिंह का वक्तव्य सुनते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**एसडीएम** प्रदीप सिंह ने कहा कि कृषि विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्ती के साथ-साथ मोटा अनाज से संबंधित नये अविस्कार करके उद्यमियों की मदद करे। उद्यर्मियों का काराबार बढ़ने से युवाओं को रोजगार और देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी

बुधवार को कृषि विभाग की तरफसे जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी में मोटे अनाज जागरुकता को लेकर एक दिवसीय शिविर लगाया गया। इस अवसर पर एसडीएम प्रदीप सिंह मुख्य अतिथि पहुंचे। यूनिवर्सिटी में कृषि पाठ्यक्रम पढ़ने वाले विद्यार्थियों का प्रोत्साहन बढ़ाया गया। मुख्य अतिथि प्रदीप सिंह ने कृषि के विद्यार्थियों को बताया कि वर्ष 2023 को अंर्तराष्ट्रीय मोटा अनाज घोषित किया हुआ है। मोटे अनाजों के स्वादिष्ट व्यंजन, पौष्टिकता व स्वास्थ्य से भरपूर लाभ के साथ-साथ हितैषी होता है।

उन्होने कहा कि शिक्षा ग्रहण के दौरान विद्यार्थी कृषि के क्षेत्र में सर्च के द्वारा ऐसे अनाज की खोज करे। जिससे मनुष्य निरोग रह सके। किसान कम लागत से अधिक मुनाफा कमा सके। जिस प्रकार से मोटे अनाज का उपयोग करने से केंसर तक की बीमारी पनप नहीं सकती। मनुष्य के शरीर में पनपने वाली बीमारियों की संख्या कम हो सके। अच्छा स्वास्थ्य रहेगा। इन सबके अलावा विद्यार्थियों के नई-नई खोजों से उद्यमियों को उद्योग लगाने के अवसर मिलेंगे। जिससे देश की आयात निर्यात बढ़ने से देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी। रोजगार प्राप्ती के अवसर युवाओं को आसानी से मिलनेंगे। कृषि विभाग के खंड अधिकारी अरुण सोलंकी ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को कृषि को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों के अच्छे स्वास्थ्य को लेकर प्रदेश व केन्द्र सरकार की एक-एक योजना की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होन बताया कि मेरा पानी-मेरी विरासत, मेरी फसल-मेरा ब्योरा जैसी योजनाओं को किसानों को बहुत लाभ हो रहा है। किसान अब अच्छी फसल पैदावार के लिए समय-समय पर मिट्टी की उर्वकता की जांच कराने लगे है। जिससे खेत में अच्छी व अधिक फसल पैदावार को बढ़ावा मिल रहा है। क्योकि अतिरिक्त रासायनिक खाद्य का उपयोग करने से मनुष्य के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना है।

# विद्यार्थियों व शिक्षकों ने पंच तत्वों की रक्षा के लिए ली पंच प्राण प्रतिज्ञा

**मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत एशलॉन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने पर्यावरण जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**एशलोन** इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में समत्व क्लब के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना क्लब द्वारा मेरी माटी, मेरा देश अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हमें अपने पर्यावरण की देखभाल के महत्व की याद दिलाना था। जिसमें छात्रों और शिक्षकों दोनों ने बहुत ही उत्सुकता से भाग लिया।

इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों और शिक्षकों ने प्रकृति के पांच तत्वों की रक्षा के लिए पंच प्राण प्रतिज्ञा ली। यह प्रतिज्ञा हमारे पर्यावरण और हमारे ग्रहों को जिंदा रखने वाले प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

दिन की शुरुआत पारंपरिक कलश पदयात्रा से शुरू हुई। रंग-बिरंगे परिधान पहने छात्र और शिक्षक पर्यावरण की रक्षा के लिए अपना उत्साह दिखाते हुए एक साथ चले। इस आयोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा संस्थान के हरित स्थान अमृत वाटिका में औषधीय पौधों का रोपण था। इस आयोजन ने पर्यावरण की देखभाल के प्रति संस्थान के समर्पण को प्रदर्शित किया।

मेरी माटी, मेरा देश अभियान पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। इस आयोजन के माध्यम से एशलॉन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व और सभी को एक साथ काम करने की आवश्यकता के बारे में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया।

इस अवसर पर डायरेक्टर प्रथम वर्ष डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. इरफानुला खान, डॉ. जुगनेश कुमार, डॉ. मोनिका गर्ग, डॉ. शीतल प्रसाद, डॉ. सिंधु कुमार, नीतू चौहान, मोहम्मद दानिश, डॉ. वंदना अग्रवाल, सुमन चंदीला और अन्य वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का समापन डॉ. एमके सैनी, डीन छात्र कल्याण के भाषण के साथ हुआ और डॉ. पूनम क्लब समन्वयक ने सभी की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। डॉ. सैनी ने सभी उपस्थित लोगों को अपने दैनिक जीवन में मेरी माटी, मेरा देश के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# प्रदेश सरकार द्वारा दिया जा रहा है खेलों को बढ़ावा : दीपक मंगला





पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**तीन दिवसीय योग प्रतियोगिता के शुभारंभ पर प्रदेश के 900 खिलाड़ियों ने लिया भाग**

**नेताजी** सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में गुरुवार को हरियाणा राज्य स्कूली खेलकूद योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। योग प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक दीपक मंगला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करके किया। तीन दिवसीय योग प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों के करीब 900 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ियों ने मेडल लाकर देश का नाम रोशन करने का काम किया है। हरियाणा प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां के खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा मेडल देश की झोली में डालने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि योग हमारी प्राचीन धरोहर है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान दिलाई है। आज समूचा विश्व योग का अनुसरण कर रहा है। स्टेट लेवल पर आयोजित की गई योग प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। खेलों से ग्रामीण आंचल में छुपी हुई प्रतिभा निकलकर सामने आ रही है। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने मुख्य अतिथि विधायक दीपक मंगला को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य स्कूली खेलकूद योग प्रतियोगिता का आयोजन नेताजी सुभाषचंद्र बोस खेल स्टेडियम में 14 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य से लगभग 900 खिलाड़ियों, जिनमें 450 छात्राओं व 450 छात्रों ने भाग लिया है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य योग को बढ़ावा देना है और स्कूली बच्चों की प्रतिभा को निखारना है।

इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रामदिया, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुखबीर, योगाचार्य गुरमेश, प्रवीण ग्रोवर, सुरेंद्र सिंगला, विरेंद्र शर्मा, रणवीर सिंह मनोज, केशव भारद्वाज, जसवीर तेवतिया सहित विभिन्न जिलों के प्रतिभागीय खिलाड़ी मौजूद रहे।

# साइबर सेल ने 200 मोबाइल ट्रेस कर मालिकों को सौंपे



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**पुलिस ने मोबाइल फोन संभालकर रखने की दी हिदायत**

**साइबर** सेल पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर पिछले एक माह में गुम हुए 34,5159 रुपये के 20 मोबाइल फोन को ढूंढकर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मोबाइल फोनों के मालिकों को कार्यालय में बुलाकर एसपी पलवल डॉ अंशु सिंगला द्वारा मोबाइल फोन सौंपे गये। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस का आभार जताया। वहीं मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल की टीम की प्रशंसा की।

एसपी पलवल डॉ अंशु सिंगला ने कहा कि साइबर सैल पुलिस का यह एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि जहां मोबाइल फोन मालिकों को उनके मोबाइल फोन मिलने की खुशी है, वहीं उनके मोबाइल फोन अपराधी किस्म के लोगों के हत्थे चढ़ने से भी बचे हैं। उन्होंने कहा कि साइबर पलवल पुलिस लगातार गुमशुदा मोबाइल्स की मॉनिटरिंग करती है।

इसी के परिणाम स्वरुप ही 10 महीने पहले खोया हुआ मोबाइल भी पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से भी आह्वान किया कि वे अपने मोबाइल फोन को पूरी तरह सुरक्षित रखें और किसी अनजान व्यक्ति को न सौंपें, ताकि अपराधी किस्म के लोग उनका फायदा न उठा पाएं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत उसकी सूचना ई दिशा केंद्र में दर्ज कराएं, ताकि उसका गलत इस्तेमाल न हो तथा जल्दी से जल्दी उसे महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर ढूंढा जा सके।

# ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में मनाया इंटर स्कूल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट



पायनयिर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**ग्रैंड** कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल ने छत्तर सिंह मेमोरियल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट, एक इंटर-स्कूल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट की मेजबानी की। जो स्कूल के दिवंगत अध्यक्ष छत्तर सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर समर्पित है। स्कूल की प्रिंसिपल दीपिका शर्मा और प्रशासन निदेशक हार्दिक सोरयान ने एडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डबुआ कॉलोनी की टीम का स्वागत किया और दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं।

प्रतिस्पर्धी टीम का नेतृत्व स्पिट्र्स ऑर्बिट, एडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक कृष्णांशु सोरयान और प्रशिक्षकों ने किया। टूर्नामेंट में चार खेल प्रतियोगिताएं शामिल थीं। अंडर 14 और अंडर 17 लड़कों और लड़कियों की श्रेणी में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस और बैडमिंटन। दिन की शुरुआत बड़े उत्साह के साथ हुई और दोनों स्कूल टीमें एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही थीं। पूरा परिसर जयकारों और जयकारों से गूंज उठा। दोनों टीमों ने अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। रोलिंग ट्रॉफी स्कूल की प्रिंसिपल द्वारा एडी स्कूल टीम को सौंपी गई और उन्होंने भाग लेने वाली टीमों को इस आयोजन की शानदार सफलता के लिए बधाई दी और सराहना की और खेल चैंपियनशिप की शानदार यात्रा जारी रखने का वादा किया। दिन का समापन उत्साहपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ हुआ।

# दुर्गापुर में पराली जलाने पर ढाई हजार का चालान काटा

**पलवल।** जिला में प्रशासनिक अधिकारी किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक कर रहे हैं और यदि कोई किसान इस प्रकार की घटना में लिप्त पाया जाता है तो यथा समय उसका चालान काटकर दंडित भी किया जा रहा है। एसडीएम शशि वसुंधरा ने खंड पलवल के गांव दुर्गापुर में आगजनी की घटना को देख ग्राम स्तरीय टीम को अवगत कराया। कृषि विभाग ने कार्रवाई करते हुए किसान की पहचान की। राजेंद्र निवासी दुर्गापुर द्वारा फसल अवशेषों में आग लगाने के कारण उनका ढाई हजार का चालान काटा गया। इसके साथ-साथ हरसेक द्वारा प्राप्त तीन लोकेशन मांदकोल, लीखी तथा बांसवा में कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा कार्रवाई की गई। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा खंड पलवल के गांव अहरवां, देवली, फिरोजपुर, थंथरी, सुजवाडी तथा शेष दो खंडों में भी किसान गोष्ठियों का आयोजन करके कृषकों को पराली न जलाने के लिए जागरूक किया। इन गोष्ठियों के माध्यम से किसानों को बताया जा रहा है कि इन-सीटू व एक्स-सीटू द्वारा पराली प्रबंधन के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है। जिला के किसान अवशेष न जलाएं।

# अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए टास्क फोर्स टीम गठित



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**उपायुक्त** नेहा सिंह की अध्यक्षता में जिला सचिवालय के सभागार में अनाधिकृत अतिक्रमण को रोकने के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने टास्क फोर्स कमेटी के सदस्यों को निर्देश दिए कि जिला में अवैध अतिक्रमण हटाया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि इस संबंध में दी गई सभी हिदायतों को गंभीरता से लेवें।

उन्होंने जिला नगर योजनाकार को अनाधिकृत अतिक्रमण को हर हाल में रोकने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने व रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता जिला में अनाधिकृत अतिक्रमण वाले स्थानों का सर्वे करें। संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए कि वे शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए अवैध अतिक्रमण का विवरण शीघ्र प्रस्तुत कर कार्रवाई करें।

उपायुक्त ने जिला नगर योजनाकार को अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध जारी किए गए नोटिस, डेमोलेशन ड्राइव व एफआईआर का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने में किसी प्रकार की देरी न करें। उन्होंने कहा कि जिला नगर योजनाकार कार्यालय और पुलिस विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें, ताकि अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। इस अवसर पर एसडीएम शशि वसुंधरा, एसडीएम लक्ष्मी नारायण, एसडीएम रणवीर सिंह, डीएसपी दिनेश कुमार, आदि मौजूद थे।

# कैंप लगाकर 28 कुत्तों का करवाया पंजीकरण

**फरीदाबाद।** सेक्टर 88 स्थित आरपीएस सवाना सोसायटी की आरडब्ल्यूए की ओर से कुत्तों के पंजीकरण के लिए नगर निगम के साथ मिलकर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 29 कुत्तों का पंजीकरण करवाया गया। इसके अलावा उनके द्वारा ऐनिमल पॉलिसी को बनाया गया। जिसको लेकर सोसायटी के लोगों से सुझाव मांग रहे हैं। सुझाव आने के बाद उस पॉलिसी को कॉनलाइजर से अनुमति लेने के बाद लागू किया जाएगा।

आरपीएस सवाना आरडब्ल्यूए के प्रधान जितेंद्र भल्ला, संयुक्त सचिव श्वेता सिंह, उपप्रधान शारदा ने बताया कि सोसायटी में करीब 46 कुत्ते है, जिसमें लावारिस कुत्ते भी शामिल हैं। उन सभी कुत्तों को 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन करवाया है। इसके अलावा नगर निगम के साथ मिलकर उनके द्वारा पंजीकरण को लेकर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने 28 कुत्तों का पंजीकरण करवाया। डॉग लवर को लेकर एक ऐनिमल पॉलिसी को बनाया गया है। जिसमें उन्होंने फीडिंग प्वाइंट को भी शामिल किया गया। उन्होंने इस पॉलिसी को अनुमति के लिए भेजने से पहले सोसायटी के लोगों से सुझाव देने के लिए कहा है। जिसके चलते सुझाव के बाद फेरबदल किया जाएगा।

# आईटीआई पलवल में मनाया गया कौशल दीक्षांत समारोह

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**प्रशिक्षण** एवं उद्यमशीलता निदेशालय डीजीटी भारत सरकार और कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के आदेश अनुसार आईटीआई पलवल में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के पास आउट प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया एवं प्रमाण पत्र दिए गए।

कौशल दीक्षांत समारोह में उद्योगों की तरफ से विजय शर्मा एचआर मैनेजर शिवानी लॉक्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने भाग लिया। उनके द्वारा आईटीआई के पास आउट छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र दिए गए। विजय शर्मा द्वारा आईटीआई के पास आउट छात्र-छात्राओं को उद्योगों के बारे में शिक्षुता एवं रोजगार के बारे में भी प्रोत्साहित किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य एवं नोडल अधिकारी भगत सिंह ने छात्र-छात्राओं को सरकार और विभाग की तरफ से चल रही स्कीमों के बारे में बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आईटीआई पास छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार के माध्यम से अपने उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया और शिक्षुता एवं रोजगार के बारे में छात्रों को अवगत कराया।

इस मौके पर सुभाष चंद्र अधीक्षक, श्याम वर्ग अनुदेशक, उदय सिंह वर्ग अनुदेशक, मुकेश भारती, नरेंद्र, अजीत अनुदेशक एवं संस्थान के सभी अनुदेशक गण उपस्थित रहे। भगत सिंह ने बताया कि भारत सरकार एवं विभाग की ओर से इस प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। भविष्य में भी इस तरह के आयोजन किए जाते रहेंगे और छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार, शिक्षुता एवं रोजगार के बारे में भी प्रोत्साहित किया जाता रहेगा।

# उम्र बढ़ने के साथ बढंती हैं आंखों की रोशनी की समस्याएं : डॉ. मीनाक्षी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**विश्व** दृष्टि दिवस के अवसर पर हम उन नेत्र रोगों पर ध्यान केंद्रित करना चाहेंगे, जो 50 वर्ष की आयु के बाद लोगों को प्रभावित करते हैं। डॉ. प्रोफेसर मीनाक्षी यादव धर हेड ऑफ डिपार्टमेंट नेत्र विज्ञान विभाग अमृता अस्पताल फरीदाबाद के अनुसार उम्र के दो चरम बिंदु -युवा और वृद्ध, आंखों की समस्याओं से अधिक प्रभावित होते हैं। नेत्र रोगों के कारण दृष्टि की हानि हो सकती है, जो प्रतिवर्ती और अपरिवर्तनीय हो सकती है। अपरिवर्तनीय मामलों में, खोई हुई दृष्टि वापस नहीं आती है और इसका एक उदाहरण ग्लूकोमा है, जिसे हिंदी में काला मोतिया कहा जाता है। इसके विपरीत मोतियाबिंद (कैट्रेक्ट) के कारण होने वाला अंधापन (जो अंधेपन का सबसे सामान्य कारण है) प्रतिवर्ती है, इसे सफेद मोतिया कहा जाता है। मोतियाबिंद सर्जरी कॉर्निया के किनारे पर बने 2.2 से 2.8 मिमी के छोटे चीरे के माध्यम से फेकोइमल्सीफिकेशन के साथ की जाती है और एक इंट्राओकुलर लेंस आईओएल डाला जाता है।

आज मोतियाबिंद सर्जरी, रिफ्रेक्टिव सर्जरी के समान है, जिससे मरीज सभी दूर की चीजों को चश्मे के बिना देखना चाहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडी कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



**पलवल।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में इतिहास एवं राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र संगठन आइडियाज फर्स्ट के तत्वावधान में अंतरमहाविद्यालीय समसामयिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर एक लिखित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षाओं और संकायों के लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 25 प्रश्न पूछे गए। निर्णायक मंडल के गहन निरीक्षण के बाद बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हेमलता ने प्रथम (32 अंक), बीबीए तृतीय वर्ष के छात्र कुलदीप ने द्वितीय (28 अंक) और बीबीए तृतीय वर्ष के छात्र सुवाले को तृतीय (26 अंक) स्थान का विजेता घोषित किया गया। कॉलेज की प्राचार्या प्रतिभा सिगंला ने निर्णायक मंडल के सदस्यों डॉ. रणबीर सिंह, बलकार सिंह और सतीश देशवाल तथा आयोजकों डॉ. राजबीर सिंह और डॉ. रणबीर सिंह का प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने विजेताओं के साथ साथ सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया।

### कंपनी प्रबंधक से दुष्कर्म के मामले में 15 साल की कैद

**फरीदाबाद।** कंपनी प्रबंधक से दुष्कर्म के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ज्योति लांबा की कोर्ट ने दोषी को 15 साल कैद और 1.21 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। ये मामला पिछले साल का है। पीड़िता ने 30 सितंबर 2022 को बड़ौली गांव के योगेश चंदीला के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराया था। व्यक्ति ने जीवन साथी के लिए अपना प्रोफाइल ऑनलाइन साइट पर डाला हुआ था। तीन सितंबर को योगेश ने युवती को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी, जिसे युवती ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई। योगेश ने युवती को फरीदाबाद मेट्रो स्टेशन पर बुला लिया। योगेश उसे कार में बैठा कर अपने गांव के एक मकान में ले गया, जहां युवती ने उसके परिजनों के बारे में पूछा। योगेश ने कहा कि परिजन आने वाले हैं। योगेश उसे फिर मकान की दूसरी मंजिल पर ले गया। योगेश ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती ने विरोध किया तो मारपीट भी की। फिर योगेश ने उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। इससे की कुछ दिनों तक युवती ने डर के कारण किसी को कुछ बताया नहीं, जिस वजह से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी, लेकिन 30 सितंबर को युवती ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर योगेश को 15 साल कैद सहित एक लाख 21 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए ई केवाईसी जरूरी



**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 15वीं किश्त किसानों के खाते में माह अक्टूबर में आएगी। जिला फरीदाबाद में अभी तक 25228 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी हैं। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी किसान को अपने फार्म में ई-केवाईसी अपडेट कराना जरूरी है। जिन भी किसानों की ई-केवाईसी अपडेट नहीं है, उनकी 15वीं किश्त का लाभ रुक जाएगा। जिले में अभी भी 4861 किसानों की ई-केवाईसी अभी तक लंबित है। इस संबंध में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए 15वीं किश्त डलने से पहले पहले सभी फील्ड स्टाफ गांव गांव जाकर किसानों को केवाईसी करवाने के लिए जागरूक करने के लिए कहा गया है। डीसी विक्रम सिंह ने किसानों से जल्द से जल्द अपनी केवाईसी कराने की अपील करते हुए कहा कि किसान पीएम किसान मोबाइल ऐप द्वारा फेस ऑथेंटिकेशन, सीएससी या पोर्टल के माध्यम से ई-केवाईसी करा सकते हैं।

### राष्ट्रीय योगासन में एसआरएस स्कूल ने किया कमाल



**फरीदाबाद।** एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-88 की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी योग कला का परिचय देते हुए एक बार फिर कमाल दिखाया। विद्यालय के मैनेंजिग डायरेक्टर विनय गोयल, प्रधानाचार्या कृष्णा मिश्रा, मैनेजर तेजप्रकाश पांडे और विद्यालय के स्टाफ के समस्त सदस्यों ने छात्राओं की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि विद्यालय द्वारा भी छात्राओं को उनकी इस अद्भुत सफलता के लिए सम्मानित किया जाएगा। दिल्ली में दो दिवसीय नेशनल योगासन टूर्नामेंट 2023 का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनाडु सहित 10 राज्यों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें हरियाणा की बालिका टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर जीत का परचम लहराया। इसमें फरीदाबाद के एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-88 की पांच छात्राएं कनिका सिंह, श्रेष्ठा शर्मा, उदिता, दीक्षा व प्रांजल नेवर हरियाणा राज्य की विजेता टीम में शामिल रहीं और स्वर्ण व रजत पदक हासिल कर हरियाणा की जीत में अहम भूमिका निभाई। इनमें से 8-12 आयु वर्ग में कनिका सिंह ने स्वर्ण पदक और श्रेष्ठा शर्मा ने रजत पदक हासिल किया। वहीं 12-16 आयु वर्ग में उदिता ने स्वर्ण पदक, दीक्षा व प्रांजल नेवर ने रजत पदक हासिल कर विद्यालय व फरीदाबाद का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। विद्यालय की योगा कोच चित्रा अत्री के सही मार्गदर्शन में शहर का नाम रोशन कर दिया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरंगाबाद में आयुष्मान मेला



**फरीदाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरंगाबाद में सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग के निर्देशन व डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. भूपेंद्र के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग द्वारा जिला स्तरीय आयुष्मान भव अभियान मेले का रिबन काट कर शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अतुल चौधरी ने सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग का पौधा भेंट कर स्वागत व सम्मान किया तथा डॉ. पंकज राज ने नोडल अधिकारी डॉ. भूपेंद्र सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. रवि विहान ने किया तथा आयुष्मान भव मेले के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला पलवल में होने वाले सभी आयुष्मान भव मेले लगाने में मंच संचालन कर कार्यक्रम आयोजित जाएंगे। आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. रूप ने आयुष्मान भव मेले के उद्देश्य के बारे में विचार रखे तथा अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मुहिम चलाने व कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने के लिए एक कविता सुनाई। इस अवसर पर डॉ प्रशांत, डॉ रविंद्र, डॉ. रीना अग्रवाल, डॉ. अरुण, विकास देशवाल, खंड विस्तार शिक्षक कपिल देव, अनिल, आशीष, चरण सिंह, सविता आदि स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी व गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विधानसभा चुनाव

## राजनीतिक झुकाव

**पांच** विधानसभा चुनावों की अधिघोषणा जारी हो गई है। इन चुनावों के परिणामों से देश में राजनीतिक झुकाव का काफी सीमा तक पता चल जाएगा। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभाओं के चुनाव नवंबर में होंगे। ये चुनाव न केवल क्षेत्रीय मुकाबले हैं, बल्कि इनका 2024 में होने वाले आम चुनाव पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। मध्य प्रदेश संकेतक राज्य की तरह रहा है और इसके नतीजों से अक्सर राष्ट्रीय झुकाव का पता चलता है। भाजपा यहां अगले मुख्यमंत्री के सवाल पर मौन है, इससे अनुमान लगाए जाते हैं कि यह वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की विदाई का संकेत है। मध्य प्रदेश में भाजपा सत्ता बनाए रखने के सारे प्रयास कर रही है, जबकि कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस 20 साल के भाजपा शासन के खिलाफ 'सत्ता-विरोधी लहर' का लाभ उठाना चाहती है। राजस्थान में कांग्रेस के कद्दावर नेता मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी सत्ता बचाये रखने के लिए सत्ता-विरोधी लहर का मुकाबला करेंगे। तेलंगाना में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव-केसीआर सत्ता वापसी के लिए प्रयासरत हैं। बीआरएस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में भारी सफलता प्राप्त की थी और तब से केसीआर राष्ट्रीय राजनीति में 'संघीय मोर्चा' की पैरोकारी करने वाले प्रमुख नेता के रूप में उभरे हैं। कांग्रेस व भाजपा समेत विपक्ष राज्य में केसीआर के प्रभुत्व को चुनौती देने का प्रयास कर रहा है। इस चुनाव से तय हो सकता है कि क्या केसीआर एक मजबूत क्षेत्रीय शक्ति बने रहेंगे और क्या राष्ट्रीय मंच पर उनके संघीय मोर्चे को महत्व मिलेगा। वामपंथी उग्रवाद के इतिहास वाले छत्तीसगढ़ में भी चुनाव होंगे। यहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कांग्रेस पार्टी की लोकप्रियता की परीक्षा होगी। सीमान्त राज्य राजस्थान में कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधा मुकाबला हो सकता है। मिजोरम 7 नवंबर को विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहा है। राज्य की 40 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में चुनाव होगा। मिजोरम के चुनाव में कांटे की टक्कर होगी और जनमत सर्वेक्षण त्रिशंकु विधानसभा की भविष्यवाणी कर रहे हैं। इन चुनावों में दो खास कारणों से लोगों की दिलचस्पी है। पहला, यह अनेक विपक्षी दलों द्वारा बनाए 'इंडिया' गठबंधन के गठन के बाद चुनावों का पहला बड़ा दौर होगा जिसमें उसकी परीक्षा होगी। दूसरा, ये चुनाव आम चुनाव के कुछ ही महीने पहले हो रहे हैं।




चुनाव विशेषज्ञों का मानना है कि जब राज्य चुनाव और आम चुनाव के बीच समय का अंतराल कम होता है तब अधिकांश मतदाता एक ही पार्टी को वोट दे सकते हैं। चुनावों से इन पांच महत्वपूर्ण राज्यों में जनता के झुकाव का पता चलेगा जिनमें से चार हिंदी पट्टी क्षेत्र से हैं। ये चुनाव केवल क्षेत्रीय चुनाव न होकर केन्द्रीय महत्व वाले हैं जो पूरे भारत की राजनीतिक दिशा को स्वरूप दे सकते हैं। राष्ट्रीय राजनीतिक परिवेश, गठबंधन गत्यात्मकता तथा मतदाताओं की भावनाओं का पता लगाने के लिए इन विधानसभा चुनावों पर गहरी नजर रहेगी क्योंकि इन सबका प्रभाव 2024 के आम चुनाव के नतीजों पर पड़ सकता है। हालांकि, राज्यों के चुनाव लोकसभा चुनाव से अलग होते हैं, पर राजनीतिक पार्टियां ये चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत लगाएंगी। आम चुनाव के थोड़े ही समय पहले कोई राजनीतिक पार्टी जनता के बीच अपनी जमीन नहीं खोना चाहती है।

# इज़राइल पर हमास का हमला

## इज़राइल के पास तगड़े जवाबी हमले के सिवा और कोई विकल्प नहीं था। लेकिन उसे ज्यादा गंभीर आत्मावलोकन कर अपने प्रशासन को पुनर्गठित करने पर भी ध्यान देना चाहिए।

**भोपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)





इज़राइल पर हमास का हालिया हमला अनेक प्रकार से चिन्ताजनक है। इससे इज़राइल की छवि पर धब्बा लगा है। हालांकि, हमास के पास कोई महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल करने का उद्देश्य नहीं था, पर इज़राइल इतने व्यापक और तेज हमले का पूर्वानुमान लगाने में विफल रहा। यह इज़राइली अवस्थापना के लिए अपने आत्मावलोकन का अवसर उपस्थित करता है। अब तक इज़राइली सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया व्यवस्था को अपराजेय माना जाता था, पर इस हमले से उसे धक्का लगा है।

इज़राइली खुफिया एजेंसियों की क्षमताओं को बहुत बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया गया था जिसमें मोसाद, अमान, शिन बेट, आदि शामिल हैं। दुनिया के अधिकांश लोग मानते थे कि इज़राइली खुफिया एजेंसियों व सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां इतनी सटीक हैं कि वे किसी भी प्रकार के हमले का जवाब देने में पूर्णत: सक्षम हैं। ऐसे में हमास के बहुत बड़े पैमाने पर हुए हमले को देखते हुए उन पर अनेक सवाल उठना स्वाभाविक है। सवाल है कि इज़राइल इतने बड़े पैमाने पर लड़ाकों के एकत्र होने, उनके द्वारा हथियार एकत्र करने तथा ऐसी योजना बनाने की जानकारी क्यों नहीं जुटा सका जिससे इतना व्यापक हमला संभव हुआ? हमास का दावा है कि उसने इज़राइल पर 5,000 राकेट दागे, हालांकि इज़राइल इनकी संख्या दो-तीन हजार मानता है। इसके साथ ही लड़ाकू बहुत अच्छी तरह सुरक्षित की गई सीमा को पार करने में सफल हुए, जबकि सीमा पर तकनीकी दृष्टि से उत्कृष्ट बैरियर, कंक्रीट की दीवालें, सेंसर व कैमरे, आदि लगे थे। यह भी माना जाता था कि इन सीमाओं की चौबीसों घंटे निगरानी प्रशिक्षित सैनिक करते थे तथा यहां नियमित सैनिक गश्त होती थी।

हमास के हमले से 'आयरन डोम' मिसाइल सुरक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठते हैं। माना जाता था कि यह अत्यधिक उत्कृष्ट प्रणाली लगभग अभेद्य है। सवाल है कि क्या बहुत अधिक राकेटों के हमलों के कारण यह सुरक्षा प्रणाली विफल हो गई। हमास लड़ाकुओं ने 6-7 पैराग्लाइडरों के साथ इज़राइली सीमा पार करने में सफलता पाई और वे इज़राइली क्षेत्र में उड़ते देखे गए। हमास ने जमीन के रास्ते से इज़राइल में हमला करने के साथ समुद्र के रास्ते से नौकाओं द्वारा भी हमला किया। सीमा पर लगी सुरक्षात्मक बिजली की बाड़ों को गिराने के लिए सिविलियन बुलडोजरों का प्रयोग किया गया जिन्होंने इन बाड़ों को नष्ट कर दिया। हमास के लड़ाकुओं ने पिक अप ट्रकों का प्रयोग कर चारों दिशाओं से हमला बोला। उन्होंने सीमाओं पर लगी बाधाओं को तोड़ कर अनेक स्थानों से इज़राइल में प्रवेश किया।

राजनीतिक रूप से देखें तो वर्तमान इज़राइली अवस्थापना का नेतृत्व शिमोन पैरेज़ जैसे 'शांतिवादी' राजनेता या गैर-सैनिक पृष्ठभूमि वाले एहुड ओल्मार्ट, गोल्डा मायर या मैनाकेम बेगिन नहीं कर रहे थे। वर्तमान इज़राइली अवस्थापना का नेतृत्व धुर-दक्षिणपंथी बेंजामिन नेतनयाहू 'बीबी' के हाथ में था। वे इज़राइल के रक्षा बलों में काम कर चुके हैं तथा उनके भाई प्रख्यात 'योनी' नेतनयाहू ने विशेष आपरेशन समूह 'सीरेट मटकाल' का नेतृत्व किया था। इस समूह ने साहसी इंटेबे हमले का नेतृत्व किया था जिसमें अपने प्राणों का बलिदान करने वाले योनी एकमात्र सैनिक थे। सवाल है कि इतनी 'आक्रामक' राजनीति, दृष्टिकोण व प्रतिबद्धता वाला राजनेता इस सीमा तक देश की सुरक्षा करने में विफल कैसे हो गया जब हमास के हमले ने पूरी अवस्थापना को पूर्णत: आश्चर्यचकित कर दिया? क्या संप्रभु व्यवहार में अपनी ऐतिहासिक जिद के कारण इज़राइल अपनी रक्षा करने के मामले में भारी गलतियों का शिकार हुआ और वह अपनी कार्रवाइयों की प्रभावशीलता का सटीक आंकलन नहीं कर सका।

यह बात खासकर उग्रवाद पर लगाम लगाने के मामले में लागू होती है। यह सच है कि इज़राइल के इतिहास और भूगोल ने उसके समक्ष असाधारण चुनौतियां पेश की हैं जिनसे निपटने के लिए लोकप्रिय आक्रामकता की जरूरत है। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब वह पूर्णत: आश्चर्यचकित हुआ हो। ठीक पचास साल पहले इसी दिन मिस्र, सीरिया, जार्डन, ईराक, आदि के 'अरब गठबंधन' ने अचानक, समन्वित व तेज हमला पूरी युद्धविराम रेखा पर बोला था और वे इज़राइल के कब्जे वाले सिनाई प्रायद्वीप तथा गोलान पहाड़ियों पर प्रवेश कर गए थे। इस युद्ध को 'योम किप्पूर वार' के नाम से जाना जाता है। उस समय इज़राइली बलों ने संयुक्त अरब महत्वाकांक्षाओं को भयानक नुकसान पहुंचा कर उनकी इज्जत तथा सोच को मिट्टी में मिला दिया था। उसी तरह आज भी अपनी पूरी खुफिया क्षमता और दृढ़ इच्छाशक्ति के बावजूद इज़राइली हमले का पूर्वानुमान लगाने में विफल रहे और पूरी तरह आश्चर्यचकित हो गए।

इसी प्रकार '9-11' हमले के बाद अमेरिकी खुफिया सेवाओं के बारे में कहा गया था कि उनको कुछ 'खतरनाक संकेत' दिखे थे, पर वे 'बिंदुओं को मिलाने' में विफल हो गए। हमास हमले के बाद विश्लेषण में निश्चित रूप से कुछ ऐसी ही बात सामने आएगी। हमास के हमले में प्रयुक्त मानवशक्ति, सामग्री तथा अनेक मोर्चों पर हमलों को देखते हुए इज़राइल ने इसे अपना '9-11' घोषित किया है। मूल '9-11' की तरह इस हमले का मुकाबला करने में विफलताओं को छिपाया नहीं जा सकता है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी खुफिया एजेंसी, 3 बिलियन डालर के शानदार बजट तथा अब अरब देशों से लगभग नगण्य खतरे को देखते हुए मोसाद को एकमात्र असली खतरे की तरह देखना चाहिए था। हालांकि, लेबेनान के आक्रामक हिजबुल्ला समूह भी खतरा हैं, पर हमास के खतरे का उचित आंकलन नहीं किया गया। हाल के समय में इज़राइली समाज अत्यधिक विभाजित तथा ध्रुवीकृत हो गया है, ऐसे में तुलनात्मक रूप से मध्यमार्गी खुफिया एजेंसियों की भूमिका ठीक करने की जरूरत है। इज़राइली समाज के अनेक बुद्धिजीवी, विशिष्ट लोग तथा आईडीएफ का वरिष्ठ नेतृत्व नेतनयाहू का घोर विरोधी है क्योंकि वे संविधान और सर्वोच्च न्यायालय से खेल रहे हैं। इसके कारण अनेक कट्टरपंथियों की सुरक्षा आवश्यकताओं के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

बेंजामिन नेतनयाहू बड़ी तेजी से इज़राइली राज्य में यथास्थिति और उसकी भावनाओं को बदल रहे हैं, ऐसे में निरुत्साही सुरक्षा परिवेश सहायक नहीं हो सकता था। दो साल पहले 6 पूर्व सुरक्षा प्रमुखों ने नेतनयाहू को सुरक्षा व्यवस्था के राजनीतीकरण के खिलाफ चेतावनी दी थी क्योंकि वे अपनी राजनीति चमकाने के लिए उसकी परंपरागत अराजनीतिक प्रकृति से छेड़छाड़ कर रहे थे।

नेतनयाहू के दु:साहस के साथ इज़राइली खुफिया एजेंसियों का अति-विश्वास स्पष्ट है। इसने उसकी छवि 'हालीवुड' जैसी बनाते हुए भयानक नुकसान पहुंचाया। इज़राइल का यथार्थ कभी 'जेम्स बांड' जैसा सरल नहीं था, जैसा उसे पेश किया गया। संरा. के बार-बार प्रतिबंधों की अवमानना के कारण उसकी छवि बहुत बड़ी बन गई, पर वह अजेय नहीं था। ऐतिहासिक घटनाओं के आधार पर 1973 के योम किप्पूर युद्ध या वर्तमान हमास हमले को स्वाभाविक कहा जा सकता है।

हमास का हमला उन देशों के लिए चेतावनी है जो बिना आवश्यक राजनीतिक-सामाजिक जानकारियों के विद्रोहों को कुचलने में केवल 'आक्रामकता' प्रदर्शित करते हैं। इज़राइल संभवत: 90 के दशक में ज्यादा सुरक्षित था जब सिमोन पेरेज़ जैसे लोगों ने ओस्लो समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन यह नेतनयाहू या शेरोन जैसे कट्टरपंथी शासकों के शासनकाल में निर्णायक रूप से ज्यादा आक्रामक हो गया। वर्तमान समय में इज़राइल के पास हमास के हमले का तगड़ा जवाब देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है, पर उसे अपना गंभीर आत्मावलोकन करते हुए शासन-प्रशासन के पुनर्गठन पर भी गौर करना चाहिए। यह काम काफी समय से लंबित है।

# मानवता को शर्मसार करती धार्मिक कट्टरता

> "यदि धर्म-प्रेरित घृणा द्वारा निर्दोष लोगों की जान लेना उत्सव का कारण बने तो यह मानवता को शर्मसार करने वाली बात है।"

**प्रदीप बाजपेयी**
(लेखक, स्तम्भकार हैं)



हमास का आतंक सामने आने पर दुनिया भर में उत्साहित मुसलमानों की भीड़ ने जश्न मनाया। यहां तक कि महानगरीय, बहु-जातीय लंदन में भी, मेट्रोपॉलिटन पुलिस को लोगों द्वारा सड़क पर जश्न मनाने की खबरें मिलीं, जैसा कि एक राजनीतिक रूप से प्रमुख और उचित ब्रिटिश अखबार ने कहा था। मुस्लिम ड्राइंग रूम के अदृश्य दायरे में क्या हो रहा है, इसका अंदाजा लगाना आसान है। शिक्षित, बुद्धिमान, समृद्ध व्यक्तियों और समूहों द्वारा अपेक्षित, यहां तक कि आवश्यक, घृणा और आलोचना के बजाय बर्बरता का ऐसा गलत, अशोभनीय जश्न क्यों मनाया जाता है?

आइए इस पर प्रकाश डालने के लिए अतीत की ओर रुख करें।

1973 के योम किप्पुर युद्ध में, मिस्र और सीरिया द्वारा इज़्राइल पर अचानक हमले के समर्थन में लगभग पूरा मुस्लिम जगत एक साथ आया था। पाकिस्तानी पायलटों ने इज़्राइल पर छापे में सीरियाई विमान उड़ाए, अल्जीरिया ने लड़ाकू विमान और टैंक प्रदान किए, और सऊदी अरब और लीबिया ने हल्के बख्तरबंद बटालियन भेजे। कुवैत, मोरक्को, ट्यूनीशिया, लेबनान और सूडान जैसे छोटे इस्लामी देशों ने भी हथियार या सैनिक दिए। इजराइल किसी एक देश से नहीं बल्कि पूरे मुस्लिम उम्माह से लड़ रहा था।

अब भी चल रहे संकट में, पाकिस्तान और ईरान हमास और फिलिस्तीनी मुद्दे के समर्थन में मजबूती से सामने आए हैं, ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने हमले की प्रारंभिक सफलता पर हमास नेता इस्माइल हानियेह को बधाई भी दी है। हमास के बड़े पैमाने पर हमलों और अच्छी तरह से समन्वित सैन्य योजना को देखते हुए, यह काफी संभावना है कि उसके पास कुछ मुस्लिम देशों से धन, हथियार और रक्षा सलाहकार हैं। हमास की बर्बरता धर्म-प्रेरित है, जो मध्ययुगीन धर्मयुद्ध की याद दिलाती है, और इसके प्रायोजकों की प्रेरणाओं को निर्धारित करने में नैतिकता कहीं भी नहीं आती है।

पिछले दिनों कश्मीर में इस्लामी आतंकवाद की मुखर समर्थक महबूबा मुफ्ती ने संतुष्ट मुस्कान के साथ टिप्पणी की थी कि जब दूसरे पैर पर होता है तो जूता चुभता है। हैदराबाद के औवेसी ने भी हमास के प्रति अपना समर्थन जताया. भारत में अधिकांश अन्य मुस्लिम राजनीतिक हस्तियों ने हमास और हिजबुल्लाह की अपमानजनक कार्रवाइयों पर साजिशपूर्ण चुप्पी साध रखी है, जो आतंकवादियों के प्रति उनकी अंतर्निहित सहानुभूति के साथ-साथ उनके अपराध को भी उजागर करती है। सभी तार्किक और नैतिक विचारों को दरकिनार करते हुए, पैन-इस्लामवाद यहां काम कर रहा है।

यहां तक कि भारत में भी मुख्य रूप से गैर-मुस्लिम राजनीतिक दल भी बड़े, समुदाय-प्रतिबद्ध मुस्लिम वोट-बैंक के खिसकने के डर से मितभाषी और दुविधा में रहे हैं। मगर इसके विपरीत, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमास हमले की निंदा करने और इज़्राइल के लिए भारत सरकार के समर्थन के आश्वासन में त्वरित और स्पष्ट रहे हैं। इससे पहले कोई भी पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री ऐसा नहीं कर सका।

यह धार्मिक कट्टरता 21वीं सदी में हममें से कुछ लोगों के राजनीतिक दृष्टिकोण को निर्धारित करेगी, मानव बुद्धि का अपमान है। कोई उम्मीद करेगा कि मानवता इस तरह की भावुक मीडियावादी कट्टरता को बहुत पीछे छोड़ देगी, दुख की बात है कि यह हममें से कुछ लोगों के लिए अच्छा नहीं है। यदि धर्म-प्रेरित नफरत द्वारा निर्दोष लोगों की जान ले ली जाती है और यह उत्सव का कारण बन जाता है तो यह मानव समाज के विकास और विकास की धारणा को अस्वीकार करता है।

मानवता को बहुलवाद और शांति के रास्ते पर वापस लाने के लिए क्या करने की आवश्यकता है? ऐसा होने के लिए, धर्म को राजनीति, वाणिज्य और विचारधारा की अस्थायी, सार्वजनिक दुनिया से दूर मंदिर, मस्जिद, चर्च या आराधनालय और हमारे घरों और व्यक्तिगत स्थानों पर जाना होगा, जो आज वैश्वीकृत, बहु-जातीय है। और सभ्य, उस सुखद स्थिति को लाने के लिए, हमें मध्यकालीन कट्टरता, धर्म की विकृतियों और निहित स्वार्थों द्वारा इसके दुरुपयोग को दूर करना होगा। हमें मानवता के विमर्श में असंदिग्ध सत्य को अस्पष्ट नहीं होने देना चाहिए, यहां तक कि फैशनहीन रूप से असभ्य दिखने के जोखिम पर भी।

बेवजह, आज सच्चाई अस्पष्ट है और कट्टरता स्पष्ट है। बीबीसी हमास को आतंकवादी संगठन कहने से परहेज करता है; इसके बजाय यह कम अप्रिय अभिव्यक्ति उग्रवादी समूह को प्राथमिकता देता है। हमारी दुनिया की कठोर वास्तविकताओं को तटस्थ दिखने के लिए नरम करने की इस प्रवृत्ति की एक सीमा होनी चाहिए। ब्रिटिश मुसलमानों को नाराज़ करने से बचने के लिए बीबीसी द्वारा ऐसा करना पूरी तरह से डरपोक कदम है। आजकल चल रही पेड फेक न्यूज की चर्चा के बीच कोई भी यह सोचने से खुद को रोक नहीं सकता है कि क्या इस तरह के पेटेंट पाखंड के पीछे गंदी कमाई का हाथ है।

हिंसा में शामिल मुस्लिम समूहों को संदर्भित करने के लिए शास्त्री एक समुदाय, एक विशेष समूह और ऐसी अन्य व्यंजनाओं को प्राथमिकता देते हैं। इस्लामी देशों में राजनेता इस्लामी भावनाओं को भड़काते हैं, भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देशों में राजनेता उन्हें वोट के लिए खुश करते हैं।

अपनी बातचीत में, हम स्पष्ट अंतर-धार्मिक चर्चाओं से बचते हैं। प्रेस उन लेखों को प्रकाशित करने से कतराता है जो छिपी हुई वास्तविकता को चित्रित करते हैं। यह काम नहीं करेगा। यदि मानवता को अपने उजले चेहरे पर जमा दागों को मिटाना है, तो असुधार्य, धमकाने वाले कट्टरपंथियों को बाहर का रास्ता दिखाना होगा।

# आप की बात

## हमास का हमला

**एक-दो देशों** को छोड़ सारी दुनिया ने इजराइल पर हमास के अचानक हमले की निंदा की है। भारी तादाद में आधुनिक असलहों और सैनिकों के जरिये वार करके हमास ने इजराइल में छोटे-छोटे बच्चों की हत्या की, परिवारों को उजाड़ दिया तथा घरों को बर्बाद कर दिया। यह एक प्रकार से आतंकी हमला ही है। अगर कोई हमास का हमदर्द बनता है तो इसका मतलब है कि वह आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। आतंकवाद के खिलाफ जी-20 में सभी देशों ने एकमत से आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा था कि दुनिया से आतंक खत्म होना चाहिए साथ ही किसी भी तरह की आतंकी गतिविधि के विरूद्ध हमें सख्त कार्रवाई करने से पीछे यहीं रहना चाहिए। भले ही समस्या बहुत चाहे जितनी पुरानी और जटिल हो किन्तु युद्ध और वो भी धोखे से युद्ध उसका समाधान नहीं हो सकता है। किसी भी समस्या के समाधान के लिए शांतिपूर्वक वार्ता ही सबसे बेहतर उपाय है। युद्ध से सिर्फ और सिर्फ बर्बादी ही होती है। यदि इज़राइल-हमास युद्ध लंबा चलता है तो इससे सारी दुनिया की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। यदि इससे कच्चे तेल के मूल्य बढ़ते हैं तो उसका असर भारत समेत सारी दुनिया के गरीब व विकासशील देशों पर पड़ेगा।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

## युद्धरत इज़राइल

**इज़राइल-फिलिस्तीन** जंग फिर शुरू हो गई है। हमेशा इजरायल को दुनिया भर के देश हमेशा मदद करने को तैयार रहते हैं। इसी कारण इसराइल चारों ओर से मुस्लिम देशों से घिरा होने के बावजूद कभी भी अपने को अकेला महसूस नहीं करता है। इजरायल को वैसे भी आप कोई कमजोर देश मत समझिए। हिम्मत, ताकत एवं बहादुरी इस देश के डीएनए में शामिल है। वहां काफी छोटी उम्र से ही देश के दुश्मनों से लड़ने की ट्रेनिंग किशोर किशोरियों को दी जाती है। हमास जैसे आतंकवादी संगठन के इसराइल पर हमले के खिलाफ पूरा देश प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू के साथ एकजुट होकर खड़ा है। देश से बाहर नौकरी करने वाले इज़राइली भी देश की रक्षा के लिए वापस लौट कर लड़ने के लिए तैयार हैं। युद्धरत इज़राइल में सभी विपक्षी दल अपने तमाम आंतरिक विरोधों व मतभेदों के बावजूद देश की रक्षा के मामले में एकजुट हैं। भारतीय राजनीतिक दलों को इससे सबक लेना चाहिए जो अपने संकुचित राजनीतिक व चुनावी स्वार्थ के लिए मोदी द्वारा इज़राइल को समर्थन पर सवाल खड़ कर रहे हैं। इसके साथ ही अनेक लोग इस युद्ध को धार्मिक चश्मे से देख रहे हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

## विकृत सोच

**इज़राइल** के जन्म के समय से ही इस्लामी देश उसका अस्तित्व मिटाने का सपना देख रहे हैं। इजरायल और इस्लामिक देशों के बीच जितनी भी झड़पें और युद्ध हुए उनमें से एक भी झड़प इजरायल की तरफसे नहीं हुई। विश्व जानता है कि हमास एक अन्तर्राष्ट्रीय खुंखार आतंकी संगठन है। उसने इजरायल पर हमले में बहशीपन की सभी हदें पार कर दी। बच्चों और महिलाओं के साथ हमास के लड़ाकों ने जो बर्ताव किया है वह हृदयविदारक ही नहीं पाशविक भी है। महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके ऊपर पैर रखकर आतंकी धार्मिक नारे लगा रहे थे। क्या इस्लाम यही सिखाता है? हमास के इस दुष्कृत्य की एक भी इस्लामिक देश ने निन्दा क्यों नहीं की, उलटे उसके पक्ष में वे खड़े दिखाई दे रहे हैं। भारत के एएमयू में हमास के पक्ष में रैलियां निकाली जा रही हैं। आश्चर्य है कि अमेरिका का 9-11 हो, भारत का 26-11 या दुनिया के किसी कोने में होने वाली आतंकी घटना, उसे अंजाम देने वालों का एक ही धर्म क्यों है? सरकार को समय रहते ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी, नहीं तो वे भविष्य में देश को संकट में डालने से भी नहीं चूकेंगे।

– **नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

## पैसे का दिखावा

**भौतिकता** की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं। सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन-किन तरीकों से होने लगा है यह सब कल्पनातीत है। आज इंसान को अपने धन की बहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है। वो ऐसा मान बैठा है कि विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धन खर्च किया जाए। जबकि वास्तव में विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मर्यादा का पालन करते हुए सम्पन्न करना अपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। आज अगर कुछ युवा विवाह बिना किसी दिखावे के कर समाज को राह दिखा रहे हैं तो इसकी सराहना करनी चाहिए। लेकिन चाहे कोई कितना विरोध करे, वह तब तक सार्थक नहीं हो सकता जब तक समाज के बहुसंख्यक लोगों की सहमति न हो। यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि आज के इस धन-संपदा दिखावे के युग में यह कब होगा।

– **सत्यवान सौरभ,** भिवानी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## उच्चाधिकारियों को मुख्यमंत्री की दो टूक

# तारीख पर तारीख की प्रवृत्ति कतई स्वीकार नहीं

● इजराइल-फिलिस्तीन मामले में बयान से उन्माद फैलाने वालों के खिलाफ करें कठोर कार्रवाई



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने नामांतरण, वरासत, पारिवारिक बंटवारे, पैमाइश जैसे आमजन से जुड़े राजस्व वादों के निस्तारण में अनावश्यक लेटलतीफी पर कड़ी नाराजगी जताई है। इस संबंध में तहसीलवार प्रदर्शन रिपोर्ट जारी करते हुए उन्होंने कहा है कि राजस्व वादों में तारीख पर तारीख की प्रवृत्ति कतई स्वीकार नहीं की जा सकती। ऐसा करने वाले लेखपाल, राजस्व निरीक्षक आदि राजस्व कर्मियों के विरुद्ध तो कार्रवाई होगी ही, आवश्यकतानुसार मंडलायुक्त और जिलाधिकारी की भी जवाबदेही तय होगी।

गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों,पुलिस कप्तानों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि फील्ड में तैनाती जनसेवा का सबसे अच्छा अवसर होता है। यहां हर एक तैनाती मेरिट के आधार पर ही होनी चाहिए। यदि कहीं भी सिफारिश अथवा किसी के दबाव में किसी की फील्ड पोस्टिंग की गई है तो ऐसा करना संबंधित अधिकारी के लिए अपने कॅरियर से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसे हर प्रकरण को गंभीरता से लिया जाएगा। हाल के दिनों में जनता दर्शन में प्राप्त आवेदकों के बारे में जानकारी देते हुए और आइजीआरएस में प्रदर्शन की रिपोर्ट जारी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जनता के लिए तैनात हैं, जनता से मिलना और उनकी समस्याओं का निस्तारण शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। फील्ड में तैनात जो अधिकारी.कर्मचारी ऐसा कर पाने में सक्षम न हो, उसे तत्काल फील्ड की तैनाती छोड़ देनी चाहिए।

आगामी दिनों में शारदीय नवरात्र, दुर्गा पूजा, विजयादशमी, दशहरा, दीपावली, छठ आदि पर्व त्योहारों को हर्ष, उल्लास और सौहार्द के साथ मनाए जाने के लिए सभी पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बीट सिपाही से लेकर हल्का इंचार्ज और पुलिस कप्तान सहित हर अधिकारी सड़क पर उतरे। त्योहार के दिनों में कुछ अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में पुलिस को अलर्ट रहना होगा। आम आदमी को उसकी सुनिश्चित सुरक्षा के लिए पूरा भरोसा दिलाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत वर्षों में नियोजित प्रयासों से धर्मस्थलों पर अनावश्यक लगे लाउडस्पीकर उतारे गए थे, किंतु कतिपय क्षेत्रों से इनके पुन: लगने की सूचना मिल रही है। इसी तरह त्योहार में अश्लील गीतों और कानफोड़ डीजे संगीत से भी आम आदमी को समस्या होती है। ऐसी किसी भी गतिविधि को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइ का उल्लंघन कर होने वाली ऐसी गतिविधियों पर सम्बंधित पुलिस कप्तान की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने बलरामपुर, सहारनपुर, सीतापुर और मीरजापुर जैसे शक्तिपीठ वाले जनपदों में नवरात्र मेले की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट ली और श्रद्धालुओं के हित में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि त्योहारों पर हर गांव.नगर को पर्याप्त बिजली मिलनी चाहिए। लोकल फाल्ट रोस्टरिंग के नाम पर अनावश्यक कटौती न हो। वहीं दुर्गापंडालों में फायर सेफ्टी के निर्देश देते हुए उन्होंने पटाखों की दुकानों को आबादी से दूर लगाए जाने और इन दुकानों के लाइसेंस निर्गत करने में देर न करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए कहा कि आगामी 14 अक्टूबर से मिशन शक्ति का चौथा चरण प्रारंभ हो रहा है। अभियान के लिए हर विभाग की कार्ययोजना पूर्व से ही तय हैए तदनुसार हर विभाग अपनी कार्यवाही सुनिश्चित कराये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज.4 के दौरान प्रदेश भर के बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों को साथ में जोड़ते हुए उनके द्वारा जनजागरूकता की प्रभात फेरियां निकाली जाएं। जन जागरुकता अभियान के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम का इस्तेमाल किया जाए। मिशन शक्ति अभियान से जुड़े सभी विभागों द्वारा आगामी 14 और 15 अक्टूबर को जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। 16 अक्टूबर से मिशन शक्ति से सम्बन्धित समस्त विभाग गृह, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, नगर विकास ध् युवा कल्याण, राजस्व, संस्कृति एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा निर्धारित विभागीय कार्य योजना के अनुरूप कार्यक्रम सम्पादित किये जाएं। अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत व वार्ड में सप्ताह में एक दिन कार्यक्रम आयोजित किया जाएए जिसमें बीट पुलिस अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, बीसी सखी, लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, रोजगार सेवक आदि की निर्धारित दिन को उनकी उपस्थिति उस ग्राम,न्याय पंचायत व वार्ड में सुनिश्चित की जाये। आयोजन में ग्राम प्रधानों, सभासदों से भी समन्वय कर आवश्यक सहयोग लिया जाये। प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में लोगों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही समस्याओं का निराकरण कर कार्य को आगे बढ़ाया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से आवेदन प्राप्त कर उनका पंजीयन करते हुए उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। महिला सशक्तिकरण जन जागरण के ये कार्यक्रम प्रदेश के समस्त 14,000 वार्ड व 57,705 ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किये जाएंगे। इन कार्यक्रमों में निम्नानुसार महिला सुरक्षा, महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन, फोरम के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए मौके पर समस्याओं का निस्तारण भी किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने हाल के दिनों वैश्विक स्तर पर चल रहे इजरायल-फिलिस्तीन विवाद का भी जिक्र किया। पुलिस अधिकारियों को सतर्क करते हुए उन्होंने कहा कि सभी पुलिस कप्तान अपने क्षेत्र में धर्मगुरुओं से तत्काल संवाद करें। इस प्रकरण में भारत सरकार के विचारों के विपरीत किसी तरह की गतिविधि स्वीकार नहीं की जाएगी।

## कार्ड जारी कर किसानों को समय से दिलाया जाए फसली ऋण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने किसानों के समुचित विकास के लिए हर स्तर पर पहल की है। अफ सरों को निर्देश दिया गया है कि किसानों की समस्याओं का हर हाल में समय से निस्तारण किया जाए। रबी 2022-23 की बात करें तो 82513.32 करोड़ का फ सली ऋ ण किसानों को दिया गया था। 2023-24 में 101000.93 करोड़ की व्यवस्था की जानी है। इस वर्ष 31 जुलाई तक 19.12 लाख किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किया जा चुका है। वहीं समय से फसली

● 2023-24 में 61.70 लाख किसान क्रेडिट कार्ड कराए जाएंगे वितरित

ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। रबी 2022-23 में 82513.32 करोड़ का फसली ऋण किसानों को दिया गया था। वर्तमान वर्ष रबी 2023-24 में 101000.93 करोड़ की व्यवस्था की जानी है। किसानों को सुगमतापूर्वक ऋण उपलब्ध कराने के लिए 2023-24 में 61.70 लाख किसान क्रेडिट कार्ड प्राथमिकता पर वितरित कराए जाने हैं। इसमें से 31 जुलाई तक 19.12 लाख किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया जा चुका है।

किसान क्रेडिट कार्ड जारी करते हुए उन्हें समय से फसली ऋ ण की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। सूबे के 18 मंडलों में किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण होना है। इसमें सर्वाधिक क्रेडिट कार्ड लखनऊ मंडल में वितरित होगा। लखनऊ में वितरित होने वाले कार्ड की संख्या 5.15लाख से अधिक है, वहीं गोरखपुर व आगरा में चार-चार लाख कार्ड वितरण किया जाएगा। गोरखपुर में 4.37 लाख, फैजाबाद में 4.41 लाख, देवीपाटन मंडल में 4.39, आगरा में 4.35 लाख कार्ड वितरण कराया जाएगा।

# लापरवाही के आरोपी चिकित्सकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी: पाठक

● नोएडा के गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस का मामला



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नोएडा** में गवर्नमेन्ट इन्स्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में 17 दिन तक शव फ्रीजर में रखकर भूलने के प्रकरण को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। साथ निदेशक से स्पष्टीकारण तलब करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को निर्देश भी दिए हैं।

इंस्टीटयूट कर्मचारी लापरवाही से फ्रीजर में 17 दिन तक शव रखकर भूल गए थे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच कराकर जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को इंस्टीट्यूट के निदेशक से स्पष्टीकरण भी लेने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कौशाम्बी के पोस्टमार्टम हाउस में कर्मचारी की धन वसूली का वीडियो वायरल हुआ है। डिप्टी सीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को दोषियों के खिलाफ जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डॉ एचपी मणि से जांच करायी जा रही है। जांच के बाद दोषी पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध बर्खास्तगी की कार्यवाही की जाएगी। उधर, कानपुर के उर्सला अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर में रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल हुआ है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि निदेशकए उर्सला ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आनंद मोहन वर्मा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है। इसमें चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेंद्र तिवारी व वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ धीर सिंह को सदस्य बनाया गया है। जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध समयबद्ध रूप से कार्यवाही की जाएगी। बदायूं के जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन एवं एक्सरे जांच के लिए अवैध वसूली का वीडियो वॉयरल का संज्ञान लेते हुए उन्होंने अवैध वसूली की घटना को शर्मनाक बताया। इस संबंध में बरेली की निदेशक डॉ पुष्पा पन्त को मौके पर जाकर जाँच करने व दो सप्ताह में आख्या उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है। इस घटना में संलिप्त स्वास्थ्यकर्मियों एवं दलालों के विरूद्ध कठोर एवं विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# अवैध बांग्लादेशियों की घुसपैठ कराने वाले सिंडीकेट का खुलासा, तीन गिरफ्तार

● प्रारंभिक पूछताछ में सिंडीकेट को 20 करोड़ रुपए की विदेशी फंडिग प्राप्त होने का हुआ खुलासा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आतंकवाद** निरोधक दस्ते (एटीएस) ने विदेशी फंडिग का दुरुपयोग कर संगठित रूप से अवैध बांग्लादेशियों की घुसपैठ कराकर, उन्हें कूटरचित भारतीय दस्तावेजों के आधार पर आवासित कराने व मानव तस्करी कराने वाले सिंडिकेट का खुलासा किया है।

एटीएस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले एक बांग्लादेशी सहित इस सिंडिकेट को संचालित करने वाले तीन अभिक्तों को गिरफ्तार किया है। अभी तक की जांच के आधार पर इस सिंडिकेट को लगभग रुपए 20 करोड़ की विदेशी फंडिंग प्राप्त होने एवं लगभग रुपए 1.5 करोड़ की धनराशि की दुरुपयोग होने की बात प्रकाश में आई है। एटीएस को इस संबंध में सूचना प्राप्त हो रही थी कि उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में कुछ व्यक्तियों द्वारा एक सिंडिकेट बनाया गया है, जो अवैध घुसपैठियों को उनकी पहचान छिपाकर, फर्जी भारतीय दस्तावेजों के आधार पर भारत में आवासित कराता है एवं एफसीआरए एकाउंट्स में प्राप्त होने वाली विदेशी फंडिंग के माध्यम से उनको आर्थिक सहयोग कर, राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। इस सूचना को एटीएस की फ ील्ड इकाई वाराणसी द्वारा तकनीकी एवं मानवीय सूत्रों से विकसित किया गया। इस दौरान ज्ञात हुआ कि इस सिंडिकेट का एक सदस्य पश्चिम बंगाल से दिल्ली या सहारनपुर जाने की फि राक में है, जिस पर एटीएस की टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए उसको गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम आदिल मोहम्मद असरफ ी उर्फ आदिल उर रहमान निवासी मीरपुर, बांग्लादेश बताया। जिसके पास से कूटरचित भारतीय आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि बरामद हुए। अधिक गहराई से पूछने पर बांग्लादेशी आदिल उर रहमान द्वारा बताया गया कि यह फ र्जी भारतीय दस्तावेज, पश्चिम बंगाल के रहने वाले शेख नजीबुल हक एवं अबु हुरायरा गाजी की सहायता से उसने प्राप्त किए हैं। साथ ही यह भी बताया कि उक्त शेख नजीबुल हक एवं अबु हुरायरा गाजी वर्तमान में देवबंद, सहारनपुर उत्तर प्रदेश में निवास कर रहें हैं। उक्त सूचना के आधार पर शेख नजीबुल हक एवं अबु हुरायरा को पूछताछ के लिए एटीएस मुख्यालय, लखनऊ बुलाया गया।

## उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में नई खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति पर सेमिनार आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन 13 अक्टूबर 2023 को पूर्वान्ह लगभग 10.30 बजे इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर लखनऊ के प्लूटो ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। कार्यशाला में उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। प्रभारी निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सेमिनार के दौरान उप मुख्यमंत्री द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2017 के लाभार्थियों को चेक वितरण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 की योजनाओं के लाभार्थियों को लेटर ऑफकम्फर्ट वितरण व राजकीय खाद्य प्रौद्योगिकी संस्थान के एमएससी फूड टेक के प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण भी किए जायेंगे। सेमिनार को कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह भी सम्बोधित करेंगे।

## पंचायतीराज विभाग का 30 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल कर्नाटक दौरे पर

**लखनऊ।** प्रदेश के पंचायतीराज विभाग में कार्यरत 8 अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा 22 पंचायत प्रतिनिधियों को कर्नाटक राज्य में आयोजित 7 दिवसीय एक्सपोजर विजिट में प्रतिभाग हेतु नामित किया गया है। 30 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल 14 अक्टूबर 2023 तक एक्पोजर विजिट पर रहेगा। पंचायतीराज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिनिधि मण्डल में जनपद बस्ती, कानपुर देहात, बांदा, कौशाम्बी, सुल्तानपुर एवं बाराबंकी के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा कानपुर देहात, बरेली, कन्नौज, लखनऊ, बाराबंकी, आजमगढ़, अयोध्या, कानपुर नगर, मऊ, सुल्तानपुर, रायबरेली, जालौन, महोबा, सीतापुर, खीरी, बस्ती, मिर्जापुर, बागपत एवं बुलन्दशहर के 22 ग्राम प्रधान शामिल हैं। यह प्रतिनिधि मण्डल 8 अक्टूबर 2014 से ही एक्सपोजर विजिट पर है।

# हमेशा प्रासंगिक रही डॉ. लोहिया की विचारधारा: अखिलेश

## राजधानी सहित पूरे प्रदेश में सपा कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि पर प्रखर समाजवादी राममनोहर लोहिया को श्रद्धापूर्वक किया नमन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जनपदों में बृहस्पतिवार को प्रखर समाजवादी नेता एवं चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गोमतीनगर लखनऊ स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया पार्क में डॉ. लोहिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस मौके पर अखिलेश यादव ने डॉ. लोहिया को श्रद्धापूर्वक भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी विचारधारा हमेशा प्रासंगिक रहेगी। सामाजिक अन्याय और विषमता के विरुद्ध



उनकी 'सप्तक्रांति' की अवधारणा को अपनाते हुए समाजवादी पार्टी उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, पूर्व नेता विरोधी दल राज्य विधानसभा रामगोविन्द चौधरी, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल तथा पूर्व मंत्री एवं विधायक अवधेश प्रसाद ने भी डॉ. राममनोहर लोहिया को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं फ्रं टल संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे। महिलाएं, छात्र-नौजवान, अल्पसंख्यक सभी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में डॉ. राममनोहर लोहिया अमर रहें, अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। अखिलेश यादव ने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया ने जो रास्ता दिखाया वह आज भी प्रासंगिक है। अगर आज भी हम उस रास्ते पर चलें, उनके सिद्धांतों पर चलें तो समाज की तमाम समस्याओं का समाधान हो सकता है। राजनीतिक, सामाजिक आर्थिक गैरबराबरी खत्म करने के लिए लोहिया जी का रास्ता और नेताजी का संघर्ष अनुकरणीय है। यादव ने कहा कि आज की परिस्थितियों में देश और समाज को कोई दिशा दे सकता है तो वह हैं डॉ. राममनोहर लोहिया के सिद्धांत। जो शोषित, वंचित, पीड़ित हैं, उन्हें समाज में हक और सम्मान दिलाने के लिए डॉ. राममनोहर लोहिया और नेताजी ने अपना पूरा जीवन लगा दिया है। उन्हीं सिद्धांतो और मूल्यों पर चलकर हम लोग आगे बढ़ रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि जब साथ आने की बात हो गई, गठबंधन की बात हो गई तो सीटों का भी कोई बड़ा मसला नहीं है। भाजपा को घबराहट है कि उसका सफाया होता जा रहा है। लोकनायक जयप्रकाश की प्रतिमा को ढक देना, टीन शेड लगा देना, गेट पर ताला लगाना क्या नियत थी इनकी। क्या छुपाना चाहते थे? यादव ने कहा कि गोमती रिवरफ्रंट और समाजवादी म्यूजियम को भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है। इनमें जनता का पैसा लगा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकतांत्रिक मूल्यों को चोट पहुंचाई है। 2024 के लोकसभा चुनाव में पीडीए और इंडिया गठबंधन भाजपा का सफाया कर देगा।

# वर्तमान भाजपा सरकार देश की सुरक्षा के प्रति घोर लापरवाह: गोयल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




### पूर्व सैनिक बाहुल्य 34 जिलों में विभाग के पदाधिकारियों को बनाया जाए लोकसभा प्रत्याशी

**रिटायर** एयर मार्शल अशोक कुमार गोयल ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व सैनिक विभाग के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला व शहर अध्यक्षों की एक बैठक भी की। उन्होंने बैठक में लोकसभा चुनाव के संबंध में तैयारियों की समीक्षा भी की। बैठक में पूर्व सैनिक विभाग के पदाधिकारियों द्वारा यह मांग की गई कि प्रदेश के सैनिक/पूर्व सैनिक बाहुल्य 34 जिलों में पूर्व सैनिक विभाग के पदाधिकारी, पूर्व सैनिक, वीर नारियां सभी जातियों एवं धर्मों से हो को आगामी लोकसभा चुनाव में उन्हें प्रत्याशी बनाया जाए जिन्होंने विगत विधानसभा चुनाव की तैयारी की थी लेकिन चुनाव लड़ने का अवसर नहीं मिला तथा वर्तमान में जो जमीनी स्तर पर चुनाव के लिए तैयारी कर रहे हैं। उन्हें लोकसभा के चुनाव में प्रत्याशी बनाये जाने पर विचार किया जाउ। पूर्व सैनिक विभाग अपना मान, सम्मान, प्रतिष्ठा दांव पर लगाते हुए उन प्रत्याशियों को विजयी बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। बैठक मे प्रमुख रूप से विभाग के वाइस चेयरमैन/कोऑर्डिनेटर सुभाष मिश्र, दीपक भट्ट, जिला चेयरमैन जयप्रकाश सिंह, जय शंकर ओझा, मेजर राणा शिवम सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

**रिटायर** एयर मार्शल व चेयरमैन पूर्व सैनिक विभाग उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अशोक कुमार गोयल ने वर्तमान भाजपा सरकार को देश की सुरक्षा के प्रति घोर लापरवाही यहां तक सैन्य ढांचा को कमजोर करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि 8 दिसंबर 1989 को देश के तत्कालीन गृहमंत्री मुफ्ति मोहम्मद सईद की बेटी रूबिका अपहरण के रिहाई के बदले में कुख्यात अपराधी जिन्हें सुरक्षा बलों ने शहादत देकर पकड़ा था, उसे 13 दिसंबर 1989 को 5 कुख्यात अपराधियों सहित छोड़ा गया। 19 जनवरी 1990 से 300 कश्मीरी ब्राहम्णों की हत्या/बलात्कार कर सरकार के नियंत्रण में कश्मीर से निष्कासन होने को मजबूर किया गया जो अभी तक निष्कासित हैं। 24 दिसंबर 1999 को 40 सुरक्षा बलों की शहादत का गुनहगार मसूद अजहर को आइसी-814 इंडियन एयरलाइंस के विमान अपहरण नाटक के बदले देश की मर्यादा को तार-तार कर छोड़ा गया। गोयल बृहस्पतिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 3 मई 1999 को भारतीय सीमा में कारगिल पर पाकिस्तानी सेना का कब्जा जिसे वापस छुड़ाने में सेना के 562 जवान शहीद और 1363 विकलांग हुए थे। यही नहीं 24 सितंबर 2002 को आतकवादियों का अक्षरधाम पर हमला जिसमें सेना के 32 जवान शहीद 79 गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। 2 जनवरी 2016 को पठानकोट वायुसेना स्टेशन पर भारी मात्रा में गोला बारूद, असलहा, से लैस आतंकवादी हमला हुआ जिसमें 7 जवान शहीद और 28 जवान घायल हुए थे। यही नहीं 18 सितंबर 2016 को उरी में सेना के हेड क्वाटर पर सुबह 5.30 बजे आतंकी हमला हुआ जिसमें सेना के 19 जवान शहीद हुए थे।

14 फरवरी 2019 का केन्द्रीय सुरक्षा बलों पर पुलवामा में हमला हुआ जिसमें 45 केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवान शहीद हुए जिस पर भाजपा सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव में इस शहादत को चुनावी लाभ लिया जिस पर प्रश्न चिन्ह सर्वविदित है।

गोयल ने कहा कि स्वाधीनता के उपरान्त प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू जी द्वारा अंग्रेजों की नीति जो संभावित युद्ध को ध्यान में रखकर भारतीय जनता को सेना में कुछ अवधि के लिए भर्ती कर युद्ध उपरान्त रिजर्व में भेज दिया जाता था के स्थान पर नियमित सेना तथा सभी पेंशनरी लाभों को प्रदान किया गया था। यहां तक कि किसी कारणवश एक भी दिन की सैन्य सेवा में यदि कोई सैनिक अपंग हो जाता था को सरकार द्वारा आजीवन विकलांगता पेंशन लागू करने की नीति प्रदान की गई थी जिसको वर्तमान भाजपा ने अग्निपथ (अग्निवीर) योजना 16 जून 2022 को सैन्य ऑफिसर से नीचे सैनिकों के लिए लागू किया गया। जिसकी सैन्य सेवा अवधि मात्र 4 वर्ष है। जिसमें से 25 प्रतिशत को नियमित सैनिक और शेष 75 प्रतिशत को सेना से बाहर कर बेरोजगारी के साथ ही अभी तक विश्व में जो भारतीय सेना अजेय थी उसको कमजोर कर दिया।

## मनरेगा से बनाए जा रहे सोकपिट से गांवों में कीचड़ से मिल रही निजात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में गांवो में जलजमाव व जलभराव से निजात दिलाने के लिए मनरेगा से नाली निर्माण व आन्तरिक गलियों का निर्माण युद्ध स्तर पर तो कराया ही जा रहा है, साथ ही साथ साकपिट बनाने का कार्य बड़े पैमाने पर कराया जा रहा है।

इससे गांवों में न तो जल भराव होगा और न ही कीचड़ होगा और न ही जल की बर्बादी होगी। इस कार्य से स्वच्छता अभियान को बल मिल रहा है, साथ हीए जलजमाव से होने वाली वेक्टरजनित व मच्छरों से होने वाली बीमारियों पर भी अंकुश लग रहा है। यही नहीं घरों व अन्य जलस्रोतों से निकलने वाला इस्तेमाल पानी बर्बाद भी नहीं हो रहा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि स्मार्ट सिटी की तरह स्मार्ट विलेज बनाए जाएंगे और गांवों को स्मार्ट बनाने के लिए पहले स्वच्छ होना बेहद जरूरी है। सोकपिट के निर्माण से गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में बड़ी मदद मिल रही है। गांव-गलियों को कीचड़ से निजात भी मिल रही है। विभाग सोकपिट के निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर कर रहा है। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि सोकपिट प्रत्येक हैंडपंप और मुख्य नाली के पास बनाए जा रहे हैं। इसके निर्माण को लेकर ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों और गांव स्तरीय कर्मचारियों को पहले से निर्देश जारी हैं। सोकपिट बनाने का कार्य तेजी से जारी है। और गांव को स्वच्छ बनाने में मदद भी मिल रही है।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश भर में जलसंचय को लेकर सोकपिट का निर्माण कार्य जारी है। इस वर्ष सोकपिट निर्माण के करीब 4151 कार्य प्रारंभ कराए जा चुके हैं। वर्ष 2023-23 में सीतापुर, आजमगढ़ और बहराइच निर्माण कार्य में अग्रणी जनपद हैं। सीतापुर में 1172, आजमगढ़ में 793 और बहराइच में 607 सोकपिट का निर्माण कार्य किए गए हैं। पूरे प्रदेश में वर्ष 2022-23 में 12946 सोकपिट के निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है

## रवि फसल के दौरान किसानों को मिले समय से पानी: स्वतंत्रदेव

**लखनऊ, वाराणसी।** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नहरों की युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर सुनिश्चित कराए जाने हेतु विभागीय अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा कि रबी फसल के दौरान किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार ससमय पानी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैंए उनकी सुविधाओं का प्राथमिकता पर ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गुरुवार को अपने वाराणसी दौरे के सर्किट हाउस सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रबी फसल का लक्ष्य हैंए नहरो की सफाई कराकर उसके टेल तक पानी पहुंचाया जाना सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले फसल के दौरान सुखा की स्थिति रहीए वाराणसी में 600 किलोमीटर नहर का संचालन कराकर काशी के बॉर्डर तक पहुंच पानी पहुंचाया जाना सुनिश्चित कराया गया। उन्होंने कहा कि वाराणसी में कुछ नहर में शारदा सहायक तथा लखीमपुर से पानी लाकर काशी के बॉर्डर तक नहरो में पानी दिया गया। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल पाइपलाइन से घरों तक पानी पहुंचाये जाने के कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान विभागीय अभियंताओं को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन पाइपलाइन परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर पूरा कराये। इसमें किसी भी स्तर पर कत्तई शिथिलता न बरते जाने की भी उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 13 अक्टूबर 2023



# पराली जलाने वालों को सेटेलाइट ने दबोचा

● तहसील प्रशासन ने किसान से वसूला जुर्माना, क्षेत्रीय लेखपालो को प्रतिकूल प्रविष्टि

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**प्रशासन** की लाख हिदायतों के बाद भी किसान खेतों में पराली जलाकर वायु प्रदूषण बढ़ाने से बाज नहीं आए। रात के अंधेरे में या दिन में चोरी.छिपे पराली जलाकर किसानों ने यह मान लिया कि उनकी यह करतूत किसी के सामने नहीं आएगी। लेकिन सेटेलाइट के जरिए उनकी चोरी पकड़ी गई। बुधवार को सेटेलाइट के जरिए जिले में खेत में पराली जलाने के तहसील गोला एवं मितौली में एक.एक मामले सामने आए। जिनमें तहसील प्रशासन ने जुर्माने सहित अन्य कार्रवाहिया की है। गोला। एसडीएम रत्नाकर मिश्रा ने बताया कि जिला स्तर से सेटेलाइट के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर बढैयाखेडा मजरा सिकन्द्राबाद परगना हैदराबाद तहसील गोला की गाटा संख्या 1727ध0ण्267 हे0 रवीन्द्र कुमार पुत्र स्वामीदयाल के नाम दर्ज हैए जिसमें लगी धान की फसल को कम्बाइन मशीन गाडी सं. यूपी 71 एआर 9428 द्वारा बिना एसएमएस प्रयोग किये कटाई की। जिसे उक्त किसान द्वारा 11 अक्टूबर को पराली जला दी गयी। खातेदार से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि कम्बाइन मशीन वर्तमान में थाना फरधान क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बेलवा गयी हुयी है। नायब तहसीलदार, आरआई, एडीओ (कृषि) व लेखपाल ने मौके पर जाकर कम्बाइन मशीन ग्राम रौसा से बेलवा के बीच में मिली। कम्बाईन मशीन को ले जाकर के निकटस्थ थाना फरधान के प्रभारी को विधिक कार्यवाही के लिए सुपुर्दगी में दे दी। शासनादेशानुसार जुर्माना धनराशि वसूल कर सम्बंधित लेखा शीर्षक में जमा कराई गई। घटना की सूचना समय से न दिये जाने के कारण क्षेत्रीय लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता ने उक्त घटना के सम्बंध में खातेदार रवीन्द्र कुमार पुत्र स्वामीदयाल के विरूद्ध अंतर्गत धारा 107/116 दं0प्र0सं0 की कार्यवाही की है।

मितौली। सेटेलाईट के जरिए प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम मुरईताजपुरए परगना कस्ता में नायब तहसीलदार मितौली ने मय क्षेत्रीय लेखपाल व बीट सिपाहीए स्थलीय निरीक्षण किया। ग्राम मुरईताजपुर परगना कस्ता तहसील मितौली की भूमि गाटा संख्या 100/0.571 हे., जो विनोद कुमार पुत्र मथुरा के नाम बतौर सहखातेदार संकमणीय भूमिधर दर्ज हैए पर खातेदार विनोद कुमार पुत्र मथुरा द्वारा अपने हिस्से की भूमि रकबा 0.099हे0 पर बोई गन्ने की फसल की पराली जलाये जाने की घटना सत्य मिली।

एसडीएम विनीत उपाध्याय ने बताया कि विनोद कुमार पुत्र मथुरा ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण व उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की। शासनादेशनुसार कृषि अपशिष्ट/ पराली जलाने के दोषी व्यक्ति के विरूद्ध 2,500 रू का जुर्माना वसूल कर रजिस्टर नं0 4 में जमा कराया गया। थानाध्यक्ष मितौली ने खातेदार विनोद कुमार पुत्र मथुरा के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 107/116दं0प्र0सं0 की कार्यवाही की है। घटना की सूचना समय से न दिये जाने के कारण क्षेत्रीय लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदत्त की गई।

# डीएम ने की 50 लाख से अधिक लागत के निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**रू. 50 लाख** से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए गुरुवार को देर शाम कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने प्रशासकीय विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री अनुश्रवण प्रणाली (सीएम डैश बोर्ड) का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें तथा सभी कार्यदाई संस्थाएं अद्यतन प्रगति की सूचना अपडेट करना सुनिश्चित करें ताकि जनपद की रैंक प्रभावित न होने पायें।

डीएम ने प्रशासकीय विभागों को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह कम से कम 02 बार विभागीय निर्माण परियोजनाओं की गुणवत्ता का स्वयं निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का नियमित रूप अनुश्रवण कर यह सुनिश्चित करें कि हो रहे निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानकों पर खरे उतरें। संबंधित अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक माह किये गये निरीक्षण की निरीक्षण आख्या डीएसटीओ एवं सीडीओ के जरिए उन्हें उपलब्ध कराई जाये तथा समीक्षा बैठक में निरीक्षण आख्या के साथ संबंधित अधिकारी उपस्थित होंगे। डीएम ने प्रशासकीय विभागों को निर्देश दिया कि ऐसी परियोजनाएं जिसमें पूरा बजट प्राप्त होने के बावजूद कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं है ऐसे प्रकरणों में सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के विरूद्ध शासन को यथास्थिति से अवगत कराया जाय। डीएम ने कहा कि इस सम्बन्ध में प्रशासकीय विभाग का दायित्व होगा कि वे उत्पन्न व्यवधान का समुचित निराकरण कराएंए जिससे कार्य की प्रगति एवं निरन्तरता प्रभावित न हो। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ मानक के अनुरूप पूर्ण कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी है नियमानुसार प्रशासकीय विभाग को हस्तान्तरण की कार्यवाही समय से पूर्ण कराकर परियोजना को जनउपयोग में लाया जाय। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि यदि निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यवधान एवं भूमि विवाद उत्पन्न होता है तत्काल प्रशासकीय विभाग को समाधान हेतु अवगत कराया जाए।

**PUBLIC NOTICE**
**TO WHOM IT MAY CONCERN**
This is to inform all concerned and the general public that M/s. Eden Hospital Pvt. Ltd., B-162, East of Kailash, New Delhi is no more a unit of Stellent Healthcare Pvt. Ltd., and the tie-up business relationship between the 2 stands ceased with effect from 04.03.2023. General public is therefore hereby cautioned that for any of their dealings with the Eden Hospital Pvt. Ltd. after 04.03.2023, Stellent Healthcare Pvt. Ltd., will not be responsible / liable.
Sd/-
Solutions Incorporation
Advocate
Dr. T P Vipin

# विद्यार्थी के ऊपर गिरी दीवार तो एबीवीपी ने किया विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन

● युवराज दत्त महाविद्यालय की उदासीनता का शिकार हुआ छात्र विद्यार्थी के ऊपर गिरी जर्जर दीवार

**लखीमपुर खीरी।** युवराज महाविद्यालय में स्नातक में पढ़ने वाले विद्यार्थी अंशुमन के ऊपर जर्जर दीवार की ईट गिर पड़ी, जिस पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध जताते हुए कॉलेज प्रशासन से यह मांग की है कि उनको लिखित में या आश्वासन दिया जाए की जर्जर दीवारों की मरम्मत का कार्य त्वरित कराया जाए, लेकिन कॉलेज प्रशासन की तरफ से अमानवीय रवैया और यह कह देना की हलकी.फुलकी चोट लगी हैए सही हो जाएगा। यह कहना बहुत ही निंदनीय है विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने नारे बाजी करते हुए आंदोलन कर प्राचार्य कक्ष में ताला लगा दिया और यह मांग की कि हमें लिखित में आश्वासन दिया जाए। लगभग आधा घंटा आंदोलन के बाद यह लिखित में आश्वासन दिया गयाए कि अगले दिन से ही मरम्मत का कार्य की शुरुआत हो जाएगी। विभाग संयोजक अमन गुप्ता ने बताया कि इस छात्रा का पट्टी बंधा हुआ हाथ महाविद्यालय की जर्जर व्यवस्था और बदहाली का जीता जागता उदाहरण है। हादसा और भी बड़ा हो सकता था। परिषद या बता देना चाहती है कि जल्द से जल्द अगर महाविद्यालय मैं व्याप्त समस्याओं एवं मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया तो विद्यार्थी परिषद वृहद आंदोलन के लिए बाध्य होगी और इसका जिम्मेदार स्वंय कॉलेज प्रशासन होगा। इस मौके पर सुधांशु प्रजापति, नगर मंत्री शिखर तिवारी, ऐश्वर्य सिंह, उमंग, सूरज, मानस ठाकुर, उत्कर्ष, दिव्यांश, हर्षित यादव, ऋषभ, विकास प्रिंस, कृष्ण आदि दर्जनों विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्मैक तस्कर शराफत की 1.31 करोड़ की संपत्ति जब्त

**संवाददाता।** बरेली

**फतेहगंज** पश्चिमी क्षेत्र में स्मैक तस्कर शराफत हुसैन की 1.31 करोड़ की संपत्ति प्रशासन ने की जब्त कर नोटिस चस्पा किया। जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के आदेश पर फतेहगंज पश्चिमी स्मैक तस्कर शराफत हुसैन की 1.31करोड़ संपत्ति की जब्तीकरण की कार्रवाई की गई। आज मीरगंज एसडीएम राजीव शुक्ला, मीरगंज एसओ हरेंद्र सिंह, फतेहगंज पश्चिमी एसओ ललित मोहन की मौजूदगी में पुलिस प्रशासन की टीम ने फतेहगंज पश्चिमी मोहल्ला सराय वार्ड नंबर 13 ने स्मैक तस्कर शराफत हुसैन की सब्जी मंडी चौक में रोड़ के पास बने शोरूम (दुकान) एवं और उसकी पांच मंजिला बने आलीशान मकान को अपने कब्जे में लेकर सीज कर नोटिस चस्पा किया। पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं मीरगंज एसडीएम राजीव शुक्ला ने बताया शराफत हुसैन फतेहगंज पश्चिम का बड़ा स्मैक तस्कर है और उसके ऊपर मीरगंज और फतेहगंज पश्चिमी



समेत अन्य थानो में उसके खिलाफ मादक पदार्थों की स्मैक तस्करी समेत नौ मुकदमे है दर्ज। मीरगंज थाने में स्मैक तस्कर शराफत हुसैन पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। मीरगंज पुलिस ने पिछले दिनों शराफत हुसैन की एक करोड़ 31 लाख 6027 रुपये की संपत्ति चिन्हित कर जब्त करने के लिए डीएम को प्रस्ताव भेजा था। जिसे मंजूरी मिलने के बाद आज दोपहर लगभग 3 बजे बुधवार को उसकी संपत्ति जब्त की गई।इससे पहले भी पुलिस फतेहगंज पश्चिमी के स्मैक तस्करों की 100 करोड रुपये से ज्यादा की संपत्ति जब्त कर चुकी है। फतेहगंज पश्चिमी के तस्कर उस्मान, रेहना, फतेहगंज पश्चिमी चेयरमैन पति मोहम्मद शाहिद उर्फ कल्लू डॉन, नन्हे लंगड़ा समेत कई तस्करों पर कार्रवाई हो चुकी है।

# बिहार राज्य की जातीय जनगणना का भारत जोड़ो पार्टी ने किया विरोध



**बरेली।** बिहार राज्य में हुई जातीय जनगणना को लेकर भारत जोड़ो पार्टी ने विरोध किया है और बिहार में हुई जातिगत जनगणना में घोटाले की बात को लेकर महामहिमा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन बरेली कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा है।बरेली कलेक्ट्रेट पहुंचकर भारत जोड़ो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नासिर अली ने बताया कि सामाजिक सर्व समाज फाऊंडेशन इंडिया व एम राष्ट्रीय शाह समाज फाऊंडेशन इंडिया और शाह उलिमा ए काउंसिल बोर्ड संगठन और राजनीतिक संगठन के कार्यकर्ताओं से बात करने के बाद ये फैसला लिया है कि बिहार सरकार की जातीय जनगणना में भारी घोटाला हुआ है भारी चूक हुई है। बिहार राज्य में पिछड़ा अति पिछड़ा और साई फकीर, दीवान, मदार, मुस्लिम समाज की 20 लाख की बड़ी जनसंख्या है, जिसे 7 लाख के करीब दिखाया गया है जोकि सरासर गलत है। मुस्लिम 17.7 प्रतिशत दिखाया गया है जबकि बिहार प्रदेश में मुस्लिम आबादी 2011 में 17 प्रतिशत थी अब करीब 20 प्रतिशत से 22 प्रतिशत करीब होनी चाहिए बताई गई सर्वे रिपोर्ट गलत है।बताया कि सर्वे करने वाले लोगों ने डोर टू डोर न जाकर एक जगह पर बैठकर राजनैतिक लोगों से बात कर जातिगत जनगणना को पूरा किया है। बताया कि अगर गलत जातीय जनगणना होती है तो कई लोग आरक्षण, राजनीति आदि कई हिस्सेदारी से वंचित रह जायेंगे। राष्ट्रपति को ज्ञापन देते हुए भारत जोड़ो पार्टी के पदाधिकारी ने बिहार राज्य में दोबारा से निष्पक्ष जातीय जनगणना कराई जाने की मांग की है।

# बाजार खुर्द एमबीए मेमोरियल स्कूल में बुखार से पीड़ित लोगों के लिए लगा स्वस्थ कैंप

**मोहम्मदी खीरी।** अधीक्षक डा. मयंक मिश्रा के निर्देश पर बाजार खुर्द मे स्थित एमबीए मेमोरियल स्कूल में डेगू, मलेरिया और टाइफाईड की जॉच और बुखार से पीड़ित लोगों के लिए स्वास्थ्य कैंप लगाए जिसमें बुखार से पीडित लोगों की जाच और दवाइयों का वितरण किया गया जिसमे 100 बुखार से पीड़ित लोगो को दवाएं और 35 लोगो की डेगू, मलेरिया और टाइफाईड की जांच की गयीएइस टीम मे डाक्टर धर्मेंद्र वर्मा, डॉ धर्मेंद्र कुमारएअचल सिह, मो. इमरान सहित अन्य विभाग के लोग मौजूद विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद अब्बास नकवी ने कहा कि जाच कराएं, घवराएं नही मोहम्मदी उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार से बायरल बुखार और सफाई के समबन्ध मे वार्ता की गयी एजिसमे उपजिलाधिकारी ने बताया कि नगर पालिका मोहम्मदी नगर पंचायत बराबर विकासखंड अधिकारियों सहित स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षको उचित दिशा निर्देश साफ, सफाई और स्वास्थ्य विभाग को गतिशील किया गया है।

# चाचा की धारदार हथियार से की हत्या

● शराब पीकर गाली देने से मना करने पर हुई घटना

**संवाददाता।** संडीला (हरदोई)

**शराब** के नशे में धुत्त होकर गालियां बक रहे भतीजे को रोकने का खामियाजा चाचा को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। नाराज भतीजे ने चाचा की बांके से प्रहार कर निर्मम हत्या कर दी। यह दर्दनाक घटना कोतवाली अतरौली के अंतर्गत ग्राम लालपुर बंजरा में घटी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी उमाशंकर रात में लगभग 9 बजे घर के बाहर चारपाई पर लेटे थे। उसी समय उसका चचेरा भाई मिथुन शराब के नशें में धुत्त होकर आया और गालियां बकने लगा।

इसी पर उमाशंकर ने मिथुन को डांटते हुए उसे वहां से चले जाने के लिए कहा। जब वह नहीं माना तो उमाशंकर चारपाई से उठे और उसे कुछ दूर तक धक्का देकर छोड़ आए। इसके बाद मिथुन गालियां बकता हुआ वहां से चला गया और घर में रखा हुआ बांका लेकर लौटा और जब तक उमाशंकर कुछ समझ पाते तब तक उसने उनकी गर्दन पर कई प्रहार कर दिए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। यह घटना उनकी बेटी मीना ने अपनी आंखों के सामने देखी। वह काफी चिल्लाई लेकिन मिथुन पर कोई असर नहीं हुआ और वह अपने चाचा पर प्रहार करता रहा। इस घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। इस हत्याकांड के बाद आरोपी मिथुन फरार हो गया है। उसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

# गांव उड़ला जागीर को एनीमिया मुक्त बनाने की हुई पहल

**बरेली।** मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने आज जनपद बरेली के ब्लॉक बिथरी चौनपुर में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में 'कल्याणी' (खुशी और लाभ युक्त एनीमिया निवारण इनिशिएटिव) कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें मौके पर गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन की जांच कराकर उन्हें आयरन की गोलियों का वितरण कर प्रत्येक गर्भवती महिलाओं को अपने सामने आयरन की गोली खिलवाई गयी।मण्डलायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गर्भवती महिलाओं, सास माताओं किशोरियों एवं अन्य ग्रामीण को कार्यक्रम के प्रति प्रोत्साहित किया और कार्यक्रम के लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी से अपेक्षित सहयोग की अपील भी की एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिन लोगों उत्कृष्ट कार्य किया उनको प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया।

तत्पश्चात मण्डलायुक्त ने उपस्थित लाभार्थियों में से पांच कल्याणी नायिका (किशोरियां) पांच कल्याणी नायिका (सास माताओं) का चयन किया, जिनका कार्य यह रहेगा कि वह घर-घर जाकर गर्भवती महिला एवं किशोरियों को आयरन की गोलियां खाने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। उन्होंने कहा कि 100 दिन बाद फिर से एक आयोजन करेंगे और जिन लोगों ने इस दिशा में अच्छा कार्य किया होगा उसे सम्मानित किया जायेगा।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने सभी लाभार्थियों को संबोधित करते हुये आयरन के फायदे के बारे में बताया तथा उन्होंने लोगों को उड़ला जागीर को एनीमिया निवारण के लिए उदाहरण बनाने को कहा। उन्होंने लोगों को बताया कि आयरन व अन्य पोषक तत्वों के लिये हरी साग सब्जियां, दालें, दूध आदि का प्रयोग करें।

यह ना सोचें की महंगे खाद्य पदार्थों में ही पोषक तत्व होते हैं। कल्याणी कार्यक्रम के संबंध में डॉ दीक्षा जोशी (पै), खंड विकास अधिकारी बिथरी चौनपुर के द्वारा विस्तारपूर्वक बताया गया कि कल्याणी कार्यक्रम शुभारंभ किए जाने का यह उद्देश्य है कि ब्लॉक में जितनी भी गर्भवती महिलाएं या किशोरियां हैं, उनकी खून की जांच कर, जो भी एनीमिया से ग्रसित है उनका चिन्हीकरण कर उन्हें आयरन की गोलियों का वितरण और उसको समय अनुसार खिलाना सुनिश्चित किया जाएगा ताकि वह महिला एवं किशोरी एनीमिया से मुक्त हो पाए और मां और शिशु दोनों स्वस्थ रहें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन हेतु सभी का धन्यवाद दिया और सभी से एनीमिया मुक्त भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये कार्यक्रम में सहयोग करने को कहा।कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, यूनिसेफ से डीएमसी, चिकित्सा अधिकारी बिथरी चौनपुर, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बीएमसी यूनिसेफ, पंचायत सेक्रेटरी, आशा, आंगनबाड़ी, कॉलेज की छात्राएं सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन यूनिसेफ के रीजनल कोऑर्डिनेटर द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

# 21 सितंबर को महिलाओं के सम्मान के लिए स्वर्णिम रूप में जाना जाएगा

गाजीपुर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के सफलता से पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद आभार करने के लिए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा वृहस्पतिवार को सैदपुर विधानसभा के एक पैलेस में सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष रनिका जायसवाल ने कहा कि तीन दशकों से ठंडे बस्ते में लम्बित पड़ा महिला आरक्षण बिल सुखद स्वरूप में 21 सितम्बर 2023 को भारतीय संसद में पारित हो गया यह दिन भारत के इतिहास और महिलाओं के सम्मान के लिए स्वर्णिम दिवस के रुप में जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच 2047 तक भारत को विश्व का अग्रणी देश बनाने मे भारतीय महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण भागीदारी के साथ बढ गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य है कि भारत की हर नारी प्रतिवर्ष लाख रुपए की बचत कर लखपति दीदी बने। रनिका जायसवाल ने कहा कि नारी शक्ति वन्दन अधिनियम नये भारत के नयी लोकतांत्रिक व्यवस्था की घोषणा है। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 33ःआरक्षण महिलाओं को और सशक्त बनने का माध्यम है। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश की अध्यात्मिक परम्परा और इतिहास में नारी शक्ति के साहसए त्याग ए शौर्यए पराक्रम कि अनेक अनुठी गाथा और कहानियां वर्णित है।

**प्रपत्र सं. 3**
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2) प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./1545/2021
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 20104
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**बनाम**
**अमित कुमार ठाकुर**
सेवा में,
(1) अमित कुमार ठाकुर डी/डब्ल्यू/एस/ओ - श्री इन्द्रदेओ अनूठालाल ठाकुर पुत्र श्री इन्द्रदेओ अनूठालाल ठाकुर, निवासी फ्लैट नंबर ई-1804, एनसीआर ग्रीन, टावर-ई, 18वां तल, सेक्टर-95, गुरूग्राम-122001, हरियाणा (कर्जदार), गुरूग्राम, हरियाणा
अन्य पता :- अमित कुमार ठाकुर पुत्र श्री इन्द्रदेओ अनूठालाल ठाकुर, निवासी फ्लैट नंबर 303, बी विंग, श्री साई लीला समर्थ नगर, रमेश वाडी, बदलापुर, थाने-421503, महाराष्ट्र, थाने, महाराष्ट्र-421503
(2) श्रीमती इंदिरा ठाकुर पत्नी श्री अमित कुमार ठाकुर निवासी फ्लैट नंबर ई-1804, एनसीआर ग्रीन, टावर-ई, 18वां तल, सेक्टर-95, गुरूग्राम-122001, हरियाणा (सह-आवेदक)
अन्य पता :- श्रीमती इंदिरा ठाकुर पत्नी श्री अमित कुमार ठाकुर निवासी फ्लैट नंबर 303, बी विंग, श्री साई लीला समर्थ नगर, रमेश वाडी, बदलापुर, थाने-421503, महाराष्ट्र, थाने, महाराष्ट्र-421503
(3) मैसर्स सिद्धार्थ बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड आर/ओ दुकान नंबर 1 और 4, लोकल शॉपिंग सेंटर, पुष्प विहार, मदनगीर, नई दिल्ली-110062, इसके अधिकृत अधिकारी के माध्यम से।
बिल्डर
**सम्मन**
जबकि, ओए/1545/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 28-08-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,65,68,672/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 18-12-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 31-08-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

# मेरी माटी मेरा देश, शहीदों को किया नमन शहीदों के परिवारों का किया गया सम्मान

**संवाददाता।** बरेली




**नगर निगम** ने देश के वीरों को नमन करने के मकसद से मेरी माटी मेरा देश के नाम से एक कार्यक्रम आयोजित किया । इस कार्यक्रम में यूपी सरकार के मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार के साथ भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल के साथ मेयर उमेश गौतम , नगर आयुक्त निधि वत्स आदि मौजूद रही। इस मौके पर मौजूद कार्यक्रम में सभी को आजादी की शपथ दिलाई गई और देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने का भी संकल्प लिया।

बरेली के अक्षर बिहार में देश के वीरों को सम्मान देने के लिए शिलापट भी लगा हुआ है जिसमें शहर के 17 वीरों के नाम दर्ज है।इस मौके पर महापौर उमेश गौतम ने मीडिया को बताया कि बरेली के सभी वार्डो से चावल के साथ मिट्टी को एकत्र किया गया है। मिट्टी से एक पार्क में पौधे लगाने का काम किया जाएगा वही एकत्र चावल को सीएम योगी जी के पास भेजा जाएगा । मेयर उमेश ने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम के एक मकसद था कि हम अपने देश के वीरों को याद करके उन्हें नमन करें।यूपी सरकार के वनमंत्री डॉ अरुण कुमार ने कहा कि अमृत महोत्सव के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम के तहत हम मेरी माटी मेरे देश के नाम से ऐसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे है जहां देश के वीरों को नमन किया जा रहा है। हमारे पूर्वजों ने देश की आजादी के लिए तमाम कुर्बानी दी। अब हमारी जिम्मेदारी है की देश को महान बनाना हैं।

# विश्व दृष्टि दिवस पर हुई जागरूकता गोष्ठी

**लखीमपुर खीरी।** जिला पुरुष अस्पताल एमसीएच विंग में विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें इस वर्ष की थीम अपनी आंखों से प्यार करें पर विस्तार से स्वास्थ्य कर्मियों और जनमानस को जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने की। सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने कहा कि लोगों को नियमित जांच करानी चाहिए। खिड़कियों एवं लाइट द्वारा कंप्यूटर पर पड़ने वाली चकाचौंध से बचने की कोशिश करनी चाहिए। यदि आवश्यक हों, तो एंटी ग्लेयर स्क्रीन का उपयोग करें। कांटेक्ट लेंस का प्रयोग करें। यदि आप कॉन्टेक्ट लेंस पहनते हैंए तो उन्हें लंबी अवधि तक पहनने से बचें। तैराकी करने और सोने के समय इसका प्रयोग करने से बचें। साथ ही उन्होंने कहा कि अपनी आँखों को आराम देने के लिए हर बीस मिनट में बीस फीट की दूरी पर बीस सेकंड के लिए देखेंश। साथ ही उन्होंने नेत्रदान करने के लिए और लोगों को इसके लिए प्रेरित करने की भी बात कही।इस दौरान नेत्र चिकित्सक पूनम वर्मा ने कहा कि इस दिवस का केंद्रीय बिंदु अंधेपन की रोकथाम के बारे में लक्षित दर्शकों को शिक्षित तथा विज़न 2023 एवं विज़न 2023 कार्यक्रम की गतिविधियों के बारे में सहयोग उत्पन्न करना हैं। इस वर्ष विश्व दृष्टि दिवस का विषय कार्यस्थल पर अपनी आंखों से प्यार करें है। विश्व में नेत्रहीनता की स्थिति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे बहुत से सरकारी और गैर सरकारी संस्थान हैंए जो शहरों और गांवों में लोगों को आंखों की समस्याओं से लेकर नेत्र जागरूकता के लिए प्रेरित करते रहे हैं।

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जी डी ट्रेडर्स/ अमित कुमार/ आशा कुमार/ सुमित कुमार/ 125755000015/ 125705000933 | 43, ओम साईं संतपुरा गोविंदपुरी मोदी नगर, उत्तर प्रदेश/ अक्टूबर 10, 2023 | जुलाई 13, 2022 रु. 47,61,249.23/- | मोदी नगर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अक्टूबर 13, 2023
स्थान : मोदी नगर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# नहरों का सुचारु संचालन शुरू करने के लिए बुंदेली सेना ने उठाई आवाज़

●समय से शुरू न हुईं नहरें तो होगा आंदोलन-आश्रय सिंह

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**बुंदेली** सेना ने नहरों के सही से संचालन हेतु जिलाधिकारी जालौन से मांग की है। बुंदेली सेना के बुन्देलखण्ड संयोजक आश्रय सिंह ने बताया कि चार सूत्रीय शिकायती पत्र जिलाधिकारी जालौन को संबोधित कर दिया गया जिसमें मांग की गयी कि नहरों को किसी भी दशा में 15 अक्तूबर से शुरू कर दिया जाए।

जिलाधिकारी जो पत्र दिया गया उसमें कहा गया कि बुन्देलखण्ड में जनपद जालौन पूरे राज्य में मटर उत्पादन में प्रथम नंबर पर है। हरी मटर की बुबाई अक्तूबर माह के मध्य में लगभग 15 अक्तूबर के पास होती तभी समय से मटर की फसल का उत्पादन होता है। ऐसी स्थिति में जनपद का किसान एक साल में दो फसलें करने में सक्षम हो जाता है। परंतु पिछले तीन वर्षों से प्राकृतिक बारिश सही से नही होने के कारण एवं नहरों में पानी नहीं आने के कारण देर से मटर की खेती शुरू हो पाती है या अन्य वैकल्पिक संसाधनों के माध्यम से सिंचाई की जाती है जैसे ट्यूबवेल जिनका सिर्फ बड़े किसान ही लाभ उठा पाते हैं। छोटे किसान या तो फसल करते नही हैं या कम मात्रा में फसल कर पाते हैं।

जनपद जालौन की अन्य फसलों को उगाने में भी नहर के पानी की जरूरत होती है चूंकि जनपद में पानी काफी गहराई में लगभग 130-210 फिट पर उपलब्ध है इसीलिए गरीब किसान न तो ट्यूबवेल से सिंचाई कर पाता है न ही सिंचाई हेतु पानी खरीद पाता है। ऐसी स्थिति में नहर के पानी ही एक मात्र साधन है। गांवों में सूखी नहर की फोटो भी जिलाधिकारी को प्रेषित की है।

साथ ही जिलाधिकारी से यह भी निवेदन किया है कि सक्षम अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण के लिए निर्देशित किया जाय। जिलाधिकारी ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# प्रेम प्रसंग में हुई थी महिला की हत्या, दोनों आरोपी हुए गिरफ्तार



**संवाददाता।** चित्रकूट

**अपराधियों** के खिलाफ जारी कार्रावाई में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेंन्द्रचन्द्र पांण्डेय की टीम ने घर के अन्दर महिला के दो हत्यारोपी गिरफ्तार किये हैं। आरोपियों की निशानदेही पर खून लगे कपड़े बरामद किये हैं।

ज्ञात है कि एक अक्टूबर को रैपुरा थाने के देउंधा गांव के श्रीचन्द्र पुत्र पिताम्बर ने थाने में तहरीर दी कि उसकी बहू रिंकू देवी पत्नी रामबहादुर की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी है। थानाध्यक्ष रैपुरा ने आज लवलेश गुप्ता व शुभम गुप्ता उर्फ शिवम निवासी देउधा को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटना के समय पहनी अधजली खून लगी शर्ट बरामद की।

दबोचे शुभम ने पूंछताछ में बताया कि रिंकू देवी से उसके नाजायज सम्बंध थे। इसकी जानकारी लवलेश को थी। मृतका के कुछ अन्य लोगों से भी नाजायज सम्बंध थे। उसे जब पता चला तो उसने व लवलेश ने मर्यादा को तार-तार होते देख रिंकू देवी की हत्या कर दी। टीम में थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय, सिपाही मेहेन्द्र, राममूरत मिश्रा व तिलकराज शामिल रहे।

# पीस कमेटी बैठक में डीएम-एसपी ने बनाई त्योहार सकुशल संपन्न कराने की रणनीति

●सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाएं आगामी त्यौहार-डीएम

अराजकता फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई-एसपी

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में नवरात्रि / दशहरा पर्व के आयोजन के संबंध में पीस कमेटी की बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी त्योहारों में नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा एवं अन्य त्योहारों के अवसर पर जल की आपूर्ति रहे, इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में भी टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरपालिका /नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त त्योहारों में साफ-सफाई, चूने का छिड़काव एवं अन्य आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि विसर्जन स्थल संबंधित उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकार भ्रमण कर देखें। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गहराई वाले स्थलों पर बैरिकेडिंग व नाव गोताखोर की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने सभी धर्म गुरुओं के प्रतिनिधियों एवं उपस्थित जनपद के संभ्रांत व्यक्तियों से कहा कि इन त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनाएं। किसी की भावनाओं को आहत न होने दें। कहा कि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार पंडालों व मूर्ति विसर्जन होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व पर नजर रखें एवं ऐसे तत्वों से दूरी बनाते हुए किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को अवश्य अवगत कराएं।

# दीक्षांत समारोह में 116 छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाएगी शोध उपाधि

**संवाददाता।** मेरठ

विवि कार्य परिषद की बैठक



**चौधरी चरण** सिंह विश्वविद्यालय के 18 अक्टूबर को आयोजित होने वाले 35 वें दीक्षांत समारोह में 116 शोध छात्र.छात्राओं को शोध उपाधि प्रदान की जायेंगी। पिछले दिनों आत्महत्या करने वाले बीटैक के छात्र प्रशांत पाण्डेय के परिजनों की 50 लाख रुपए के मुआवजे और एक परिजन को विश्वविद्यालय में नौकरी देने की मांग को कार्यपरिषद ने यह कहकर खारिज कर दिया कि विश्वविद्यालय की नियमावली में ऐसा कोई प्रावधान नही है।परिसर स्थित कुलपति कार्यालय के भूतल स्थित सेमिनार हॉल में गुरुवार को कार्य परिषद की बैठक कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई । इसमें कार्य परिषद की गत आठ मार्च 2023 को हुई बैठक के कार्यरत की संपुष्टि की गई। इसके बाद 12 सितंबर 2023 को हुई वित्त समिति में लिए गए निर्णय की संपुष्टि की गई। नौ अक्टूबर 2023 को संपन्न हुई विद्वत परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय की संपुष्टि की गई साथ ही विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय की संपुष्टि की गई। कार्यपरिषद की बैठक में 116 शोध छात्रों को 18 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षांत समारोह में शोध उपाधि दिए जाने का निर्णय लिया गया।स्ववित्त पोषित योजना के अंतर्गत संचालित एफ्एमजी अकैडमी नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा संस्थान द्वारा बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रम की संबद्धता समाप्त किए जाने का अनुरोध किया गया था जिस पर कार्य परिषद ने दोनों पाठ्यक्रमों की संबद्धतासमाप्त करने का निर्णय लिया। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्ववित्त पोषित योजना के अंतर्गत इंस्टीट्यूट आफ बिजनेस स्टडी में डिप्टी डायरेक्टर तथा इंस्टीट्यूट आफ लीगल स्टडी में डायरेक्टर का पद सृजित करने का निर्णय लिया गया।सर छोटू राम इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र प्रशांत पांडे के प्रकरण में कार्य परिषद ने विश्वविद्यालय की नियमावली में आत्महत्या करने पर परिजनों को मुआवजा और नौकरी देने की मांग का कोई प्रावधान न होने के कारण खारिज कर दिया और इस निर्णय शासन को अवगत कराने के लिए एक पत्र भेजा जाएगा। कार्य परिषद की बैठक में कुलसचिव धीरेंद्र कुमार वित्त अधिकारी रमेश चंद कार्य परिषद सदस्य न्यायाधीश आरबी मिश्राए प्रोफेसर वाई विमलाए डॉ हरी भाऊ खांडेकर ए डॉक्टर शैलेंद्र जायसवाल, प्रोफेसर संजीव कुमार शर्मा प्रोफेसर दिनेश कुमारए प्रोफेसर अतवीर सिंहए प्रोफेसर रविंद्र सिंहए प्रोफेसर शैलेंद्र शर्माए प्रोफेसर अशोक कुमारए प्रेस प्रवक्ता मितेंद्र कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला और कृषि उद्योग प्रदर्शनी 17 से

**संवाददाता।** मेरठ



**सरदार** बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 17 से 19 अक्टूबर तक तीन दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। मेले में देश भर से आये करीब 150 स्टाल लगेंगे जिससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हजारों किसान लाभान्वित होंगे। मोटे अनाज को बढावा देने के लिए भी लोगों को जागरूक किया जायेगा साथ ही महिला सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

डॉग शो और मनोरंजन के लिए रागिनी और जादूगर वी सम्राट भी मेले का आकर्षण होंगे। यह जानकरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केके सिंह ने वृहस्पतिवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि मेले और प्रदर्शनी का उद्घाटन 17 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। समारोह में पूसा दिल्ली के डाक्टर संजय कुमारए प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलाद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री डाक्टर संजीव कुमार बालियान भी मौजूद रहेंगे। प्रोफेसर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में इस बार बड़े स्तर पर कृषि मेले और प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। पंजाब से कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी एवं पुणे से आने वाले किसान ड्रैगन फ्रूट की पैदावार के बारे में यहां के किसानों को तकनीकी और सुरक्षा के बारे में जागरूक करेंगे।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल महिला सशक्तिकरण को बढावा देने के लिए 50 अशिक्षित महिलाओ को उनके द्वारा शुरु किये गए निजी व्यवसाय के लिए सम्मानित करेंगी। राज्यपाल विश्वविद्यालय में फ्रूट्स की गुणवत्ता की जांच के लिए स्थापित की जाने वाली प्रयोगशाला का शिलान्यास और महिला संवाद कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगी। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि मेले में ओ आईसीएसएसआरए कृषिए पशुपालनए गन्ना एवं मत्स्य पालन आदि विभागों के स्टाल लगाए जायेंगे। इनमें किसानों को पैदावार से लेकर फ्सल की रक्षा और बिज़नेस तक की समस्त जानकरी उपलब्ध करायी जाएगी। मेले में आपातकालीन चिकित्सा सेवा के लिए डाक्टर व दवाईयां भी उपलब्ध होंगी।

## क्विक न्यूज

### अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर की चेंबर की मांग

**कानपुर देहात।** जब चारों तरफ अंधेरा हो जाता है और नौकरशाही से न्याय की उम्मीद टूटने लगती है तब आम जनमानस को न्याय पाने के लिए अदालत की चौखट पर दस्तक देना पड़ता है और यहीं न्याय मिलता भी है। न्याय दिलाने की प्रक्रिया में वकील के बिना आपकी बात न्यायाधीश के सामने कानूनी और संविधान संमत तरीके से पेश करना संभव नहीं है। उक्त बातें मुलायम सिंह यादव एडवोकेट अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात ने जिलाधिकारी कानपुर देहात को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र चेंबर बनाने के लिए देते वक्त कही। उन्होंने कहा न्याय को दिलाने के लिए अधिवक्ता समाज दिन-रात एक कर अपने मुवक्किल के लिए जी तोड़ मेहनत करता है और अधिवक्ता के पास कचहरी ,तहसील या जनपद न्यायालय परिसर में बैठने की व्यवस्था न हो तो काफी तकलीफ देय नजारा होता है।

### जनपद आगमन पर पूर्व सीएम अखिलेश का हुआ स्वागत



**कानपुर देहात।** कानपुर देहात के रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र के कई जगहों पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जोरदार ढंग से स्वागत हुआ। रसूलाबाद क्षेत्र में तीन जगह पर प्रोटोकॉल के हिसाब से राष्ट्रीय अध्यक्ष सपा अखिलेश यादव का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ था। इसमें सबसे पहले वह कटरा नैला स्थित गंधर्भ सिंह इंटर कॉलेज पहुंचे। जहां उन्होंने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पुष्पेंद्र सिंह यादव के माता-पिता व सदस्य जिला पंचायत अंकित सिंह यादव के दादा-दादी की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उनका काफिला रसूलाबाद कस्बे के लिए रवाना हुआ। जहां बेला मार्ग तुलसी नगर में स्थित समाजवादी पार्टी के नेता हाजी फैजान खान के पास पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने जोरदार ढंग से स्वागत किया। वहीं इसके बाद झींझक मार्ग पर विकास नगर में स्थित सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष नसीम अहमद वारसी के आवास पर अखिलेश यादव पहुंचे। जहां उन्होंने दिग्गज सपा नेता रहे स्व.हाजी वाजिद अली शाह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 'प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा, पुनि सब विप्रन आयुष दीन्हा', मानस सम्मेलन का हुआ समापन



**फर्रुखाबाद।** मानस सम्मेलन के पांचवे समापन दिवस पर मानस विद्वानों ने भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक पर चर्चा की और कहा कि रामराज्य की तरह ही इस कलयुग में राजा को सुख और भलाई के काम करना चाहिए। नगर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी का मंच पर अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि मुझे हर वर्ष इस मानस सम्मेलन में आने का सौभाग्य मिलता है। मानस विद्वान डा. रामबाबू पाठक ने राम राज्यभिषेक प्रसंग पर कहा कि लंका युद्ध के बाद श्रीराम को भाई भरत की याद आई। श्रीराम ने हनुमान को अयोध्या में प्रतीक्षा कर रहे भरत के पास भेजा कि श्रीराम शीघ्र अयोध्या आ रहे हैं। गुरु वशिष्ठ ने शुभ मुहूर्त देखकर श्रीराम का राज्याभिषेक करके मुकुट पहनाकर सिंहासन पर बैठाया। प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा,पुनि सब विप्रन आयुष दीन्हा।

# मार्ग निर्माण लिये आयोजित बीआरएस का धरना समाप्त

**फतेहपुर।** गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय के नेतृत्व में धरने पर बैठे क्षेत्रीय लोगों ने धरना स्थल पहुंचे अधिकारियों के समझाने बुझाने एवं एक माह के भीतर निर्माण कार्य शुरू कराने के आश्वासन पर धरना समाप्त करने का ऐलान कर दिया। गुरुवार को 12 बजे के करीब धरना स्थल पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शील कुमार के साथ पहुंचे एसडीएम व सीओ सिटी द्वारा करीब 5 घंटे तक बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास जारी रहा।

# देवी प्रतिमाएं स्थापना को तैयार मूर्तिकारों ने दिया अंतिम रूप

●महंगाई का दिखाई दिया असर, प्रतिमाओं के दाम बढ़े

●जिले में इस बार सजेंगे 1848 पंडाल, 84 पंडाल बढ़े

**फतेहपुर।** नव दुर्गा पर्व पर दुर्गा पंडालों में बिराजने वाली माता की प्रतिमाओं को कारीगरों ने अंतिम रूप दे दिया है। 15 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले नवरात्र पर्व को लेकर कारीगरों में उत्साह देखने को मिला। शहर सहित जिले भर में शारदीय नवरात्र की अधिक धूम है। इस बार जिले में 1848 पंडाल लगेंगे। जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 84 पंडाल बढ़े हैं। पंडाल स्थलों के आस-पास सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

आयोजकों द्वारा पंडाल लगाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। शहर के कई स्थानों में दुर्गा प्रतिमाओं को कारीगरों ने बनाने के साथ ही साज सज्जा कर मूर्तिरूप दिए जाने का कार्य लगभग छह माह पूर्व ही शुरू कर दिया था।

# जिले में 14 अक्टूबर को मिशन शक्ति का शुभारंभ, निकलेगी जागरूकता रैली

**कानपुर देहात।** जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु आगामी शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-4) के शुभारम्भ की तैयारियों की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एनश की अध्यक्षता में विकास भवन में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु पूर्व वर्षों की भांति एक व्यापक कार्ययोजना तैयार करते हुए अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित कर आगामी शारदीय नवरात्र पर्व से मिशन शक्ति अभियान शुभारम्भ किये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति के विशेष अभियान के अन्तर्गत दिनांक 14 अक्टूबर को प्रात: 08:30 बजे से डेढ़ घंटा के लिए जनपद मुख्यालय पर चार पहिया और दो पहिया वाहनों से जनजागरुकता हेतु महिला सशक्तिकरण रैली निकाली जाएगी, जिसमें 112, पी.आर.वी. वाहन तथा एम्बुलेंस भी सम्मिलित रहेंगी। एक वाहन पी.ए. सिस्टम के साथ होगा, जिससे मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित गीत जिंगल प्रसारित होंगे।

# पेज एक का शेष

## सोते में...

और जॉर्डन के राजा अब्दुल्लाह द्वितीय से मिलने का कार्यक्रम है। इजराइल की सेना ने बताया कि गत रात की गई कार्रवाई में हमास के विशेष नुकहबा बलों को निशाना बनाया जिसमें शनिवार को इजराइल पर हमला करने के लिए लड़ाकों द्वारा इस्तेमाल कमान केंद्र और वरिष्ठ हमास नौसेना संचालक का आवास भी शामिल है। माना जाता है कि उसमें हथियार रखे हुए थे। सशस्त्र समूह इस्लामिक जिहाद का कमांडर उत्तरी शहर बेइत लाहिया में हवाई हमले में मारा गया। समूह से जुड़े मीडिया ने यह जानकारी दी। इजराइली सेना के प्रवक्ता ने बताया, अभी हमारा ध्यान वरिष्ठ नेतृत्व पर केंद्रित है। न केवल सैन्य नेतृत्व बल्कि सरकार के नेतृत्व को भी, जो शीर्ष हमास कमांडर एहिया सिनवार तक है। वे लोग सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। हमास के तहत चल रही सरकार के आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि इजराइली हमले में बिना चेतावनी दिए, दो बहुमंजिला इमारतों को ध्वस्त कर दिया गया जिससे बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं या घायल हुए हैं , खासतौर पर आम नागरिक। हमास ने चेतावनी दी है कि अगर इजराइल फलस्तीनी नागरिकों को बिना चेतवानी निशाना बनाएगा तो वह बंधकों की हत्या कर देगा। हेच्ट ने कहा कि इजराइल बेतरतीब हमला नहीं कर रहा है बल्कि खुफिया जानकारी के आधार पर बमबारी की जा रही है और आम नागरिकों को पूर्व में चेतावनी दी जा रही है।

## भारतीयों को...

कि नई दिल्ली ने इजराइल के साथ शांतिपूर्ण सहअस्तित्व वाले एक संप्रभु एवं व्यवहारिक फलस्तीन देश की स्थापना के लिए सीधी बातचीत फिर से शुरू करने की हमेशा वकालत की है। गाजा से हमास आतंकवादियों द्वारा इजरायल पर शनिवार को किए गए बहुआयामी हमलों के बाद इजराइल की जवाबी कार्रवाई में लगभग 2,600 लोग मारे गए हैं। हमास के हमलों का बदला लेने के लिए इजराइल ने गाजा में बड़े पैमाने पर जवाबी हमला शुरू कर दिया है। इज़राइल और फ़लस्तीन के बीच शत्रुता में अचानक वृद्धि ने वैश्विक चिंताओं को जन्म दिया है। जर्मनी, अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन जैसी अग्रणी शक्तियों ने स्थिति को और अधिक गंभीर होने से रोकने के महत्व पर जोर दिया।

## दुनिया में...

लोगों को देते हुए कहा कि अपने वोट के जरिए 30 साल बाद केंद्र में एक स्थिर और मजबूत सरकार चुनकर उन्होंने यह किया है। उन्होंने कहा, यह आपके वोट की ताकत है। जब मैं दुनिया के बड़ेबड़े लोगों से हाथ मिलाता हूं तो उनसे आंख भी मिलाता हूं। और जब वे मेरी ओर देखते हैं तो मुझे नहीं बल्कि 140 करोड़ हिंदुस्तानियों को देखते हैं। प्रधानमंत्री ने सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रही सुविधाओं के तेजी से हो रहे विकास का जिक्र करते हुए कहा कि यह काम पहले की सरकारों ने क्यों नहीं किया। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें डर था कि कहीं इसका फायदा उठाकर दुश्मन अंदर न आ जाए। उन्होंने कहा कि इसी डरी हुई सोच को पीछे छोड़कर भारत आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, न हम डरते हैं, न डराते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सीमा पर हम आधुनिक सड़के, सुरंगे और पुल बना रहे हैं। उन्होंने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों में पिछले नौ वर्षों में 4200 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सड़के बनाई गईं, सीमा पर 250 बड़े पुल और 22 सुरंगे बनाईं। आज के कार्यक्रम में भी अनेक पुलों का शिलन्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि अब तो हम सीमावर्ती क्षेत्रों में रेलगाड़ियां तक लाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीमांत गांवों को देश का अंतिम नहीं बल्कि पहला गांव मानकर उनका विकास किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने वाइब्रेंट विलेज योजना का जिक्र किया और कहा कि सरकार का प्रयास है कि सीमांत गांवों से पलायन कर गए लोग वापस आएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि माना जाता है कि पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी पहाड़ के काम नहीं आती लेकिन उन्होंने कहा कि उन्होंने संकल्प लिया है कि इस अवधारणा को वह बदल देंगे। उन्होंने कहा कि अतीत की गलत नीतियों के कारण उत्तराखंड के गांव वीरान हो गए। लेकिन उन्होंने कहा कि अब स्थितियां बदल रही हैं और लोग वापस लौटने लगे हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का प्रयास है कि गांव वापसी का काम तेजी से हो और इसके लिए बिजली परियोजनाओं, मोबाइल टावरों, स्कूल कॉलेजों और अस्पतालों पर बड़ा निवेश किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने सेब सहित फलों और सब्जियों के उत्पादन की अपार संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यहां बिजली, पानी और सड़कें पहुंचने से किसान भी प्रोत्साहित हो रहे हैं तथा सेब तथा अन्य योजनाओं पर 1100 करोड़ रू खर्च होने वाला है। उन्होंने कहा कि केदारखंड की तरह मानसखंड को भी उंचाई पर ले जाना है और वह इसीलिए यहां आए हैं। उन्होंने कहा, यहां की कनेक्टिविटी पर बहुत बल दे रहे हैं। जो चारधाम यात्रा पर जाते हैं वे जागेश्वर धाम, आदि कैलाश और ओम पर्वत तक भी आसानी से आ सकें, यह प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानस मंदिर माला मिशन शुरू हुआ है जिससे मंदिरों तक आनाजाना आसान होगा। मोदी ने कहा कि उनका अनुभव कहता है कि बदरीनाथ और केदारनाथ आने वाले लोग भविष्य में इस ओर भी आएंगे। उन्होंने कहा कि आज के उनके वीडियो देखकर लोग उधर आने वाले हैं। उन्होंने कहा, आप तैयारी करो, यात्रियों की संख्या बढ़ने वाली है। मेरा मानसखंड धमधम होने वाला है। उत्तराखंड में पर्यटन की संभावनाओं को अपार बताते हुए मोदी ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि राज्य सरकार होम स्टे को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर से लोग भारत आना चाहते हैं और बिना उत्तराखंड को देखे उनका भारत को देखना पूरा नहीं होगा। उत्तराखंड में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें उनसे निपटने की अपनी तैयारियों को बेहतर करते रहना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए आगामी चारपांच सालों में उत्तराखंड में 4000 करोड़ रू खर्च किए जाएंगे। प्रदेश में ऐसी सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा जिससे आपदा की स्थिति में बचाव और राहत का काम तेजी से हो। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में बाबा केदार, बदरी विशाल और आदि कैलाश के आशीर्वाद से संकल्प सिद्धि तक पहुंचेंगे। उत्तराखंड के सामर्थ्य को अद्भुत और अतुलनीय बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले उन्हें बाबा केदार के चरणों में बैठकर विश्वास हुआ था कि यह दशक उत्तराखंड का है और आज आदि कैलाश के चरणों में बैठकर फिर विश्वास हुआ है कि उत्तराखंड विकास की नई उंचाई पर पहुंचेगा। उत्तराखंड से अपने जुड़ाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अपनेपन की अनुभूति हमेशा उनके साथ रहती है और जनता भी उनके साथ अपनेपन के हक और आत्मीयता से जुड़ी रहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग उनके साथ हर अच्छीबुरी बात चिटिठयों के जरिए उनके साथ उसी तरह साझा करते हैं जैसे वह पूरे उत्तराखंड परिवार के एक सदस्य हों। इससे पहले, मोदी ने लगभग 4200 करोड़ रू की विकास योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया। इन कुल 23 परियोजनाओं से प्रदेश में आधारभूत ढ़ांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, खेल, पर्यटन, आपदा प्रबंधन और औद्योनिकी के क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## बटला हाउस...

और उसके सहयोगियों ने पुलिस अधिकारी की हत्या की। उसने कहा कि खान का अपराध दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी में आता है जिसमें अधिकतम सजा दी जानी चाहिए जो मृत्यु होने तक फांसी पर लटकाना है। उसने 15 मार्च, 2021 को खान को मौत की सजा सुनाई और उस पर 11 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने साफ किया कि 10 लाख रुपए तत्काल शर्मा के परिवार के सदस्यों को दिए जाने चाहिए। इसके बाद खान को सुनाई गई मौत की सजा के मामले को पुष्टि के लिए उच्च न्यायालय में भेजा गया। जब कोई निचली अदालत किसी व्यक्ति को मृत्यु की सजा सुनाती है तो उच्च न्यायालय फैसले का अध्ययन करता है और अपराधी को फांसी देने से पहले सजा की पुष्टि उसे करनी होती है। शर्मा की पत्नी माया शर्मा ने कहा, हम हैरान और स्तब्ध हैं। सालों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद निचली अदालत ने आरिज को मौत की सजा सुनाई थी। अदालत ने कहा था कि यह दुर्लभ से दुर्लभतम मामला है। इसलिए, यह साबित हो गया कि वह समाज के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि तो फिर उसकी मौत की सज़ा कैसे कम की जा सकती है? क्या आपको नहीं लगता कि इससे बल का मनोबल गिरेगा, खासकर उन अधिकारियों का, जो ऐसी मुठभेड़ों में आगे रहते हैं? माया शर्मा ने कहा कि उन्हें लोगों के फोन आ रहे हैं और दावा किया जा रहा है कि इस देश में न्याय हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि आप उस परिवार के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं जिसने यह नुकसान सहा है। यह पूछे जाने पर कि क्या उनका परिवार इस आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगा तो माया शर्मा ने कहा कि बेशक, हम कुछ योजना बनाएंगे। लेकिन पहले आदेश की प्रति आने दीजिए और हम देखेंगे कि उच्च न्यायालय ने किस आधार पर यह फैसला दिया है।

## दृष्टि बहाल...

रजोनिवृत्ति तक, कार्यस्थल की भलाई के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे वह नेत्र स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से हो, कर्मचारियों को नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना हो, बीमा योजनाओं में नेत्र स्वास्थ्य को जोड़ना हो या स्क्रीन सेटिंग्स को समायोजित करना हो, दृष्टि-अनुकूल कार्य वातावरण बनाने और स्वस्थ, खुशहाल कर्मचारी बनाने के कई तरीके हैं। नेत्र रोग विशेषज्ञों के अनुसार उपकरण, पर्यावरण, रसायन, भारी रोशनी, विकिरण या कार्यस्थल की भौतिक सेटिंग से दृश्य संबंधी खतरे हो सकते हैं, जिससे दृष्टि संबंधी समस्याएं या आंखों में चोट लग सकती है। नेत्र विज्ञान, कॉर्निया और ओकुलर सतह, मोतियाबिंद और अपवर्तक सेवाओं के प्रोफेसर डॉ. वनाथी मुरुगेसन, डॉ. आरपी सेंटर फॉर ऑप्थैल्मिक साइंसेज, एम्स, दिल्ली ने दो मुख्य हस्तक्षेपों का आह्वान किया, जो उन्हें लगा कि कार्यस्थल के आघात से बचने के लिए महत्वपूर्ण प्रभावशीलता हो सकती है। इनमें कार्यस्थल पर पर्यावरण नियंत्रण और व्यवहार संबंधी हस्तक्षेपों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के नेत्र सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य उपयोग शामिल है। नवीनतम इंडियन जर्नल ऑफ ऑप्थैल्मोलॉजी में प्रकाशित 'व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य में दृष्टि कल्याण' शीर्षक वाले एक लेख में उन्होंने कहा कि ये नेत्र सुरक्षा गियर के उपयोग की सर्वोत्तम कार्यस्थल प्रथाओं को अपनाने पर जोर देते हैं। विकलांगता केंद्र के निदेशक और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ हैदराबाद के प्रोफेसर डॉ. जीवीएस मूर्ति ने कहा कि उच्च आय वाले देशों के विपरीत भारत की अन्य अनूठी चुनौती यह है कि 89.1 फीसदी श्रमिक आबादी अनौपचारिक रोजगार में है। उन्होंने कहा कि सेवाएं प्रदान करना एक बड़ी चुनौती है क्योंकि कोई भी कर्मचारी स्वास्थ्य लाभ इन श्रमिकों को कवर नहीं करता है और उन तक पहुंचना अधिक कठिन है। लगभग 1.4 अरब नागरिकों की आबादी के साथ, भारत एक विशाल अर्थव्यवस्था वाला एक विशाल राष्ट्र है। सरकार ने अगले दशक के भीतर देश की जीडीपी को और भी अधिक बढ़ाकर 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। हालांकि, चल रही कई समस्याओं से इस व्यापक आर्थिक योजना के पटरी से उतरने का खतरा है। इनमें से एक अंधापन और दृश्य हानि की उच्च लागत है। गैर लाभकारी संगठन सेवा फाउंडेशन ने पिछले साल जारी 'भारत में अंधेपन की सामाजिक लागत' शीर्षक से अपनी रिपोर्ट में क्रय शक्ति समता विनिमय दर पर परिहार्य नेत्र संबंधी चोट की लागत 54.4 बिलियन या सकल घरेलू उत्पाद का 0.6 फीसदी रखी थी। यह लागत केवल बढ़ने की संभावना है क्योंकि भारत की आबादी उम्रदराज़ हो जाएगी और अमीर हो जाएगी, यह नोट किया गया था। दृष्टिबाधित बच्चों को अक्सर अपने साथियों के साथ रहने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे वयस्क होने पर उनकी कमाई कम हो सकती है। सेवा फाउंडेशन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि देखभाल करने वालों को अक्सर अपने दृष्टिबाधित रिश्तेदारों या प्रियजनों की देखभाल के लिए काम से छुट्टी लेनी पड़ती है।

# इजराइल में 22 अमेरिकी नागरिकों की मौत, 17 लापताः व्हाइट हाउस

भाषा। वाशिंगटन



इजराइल पर हमास के हमले में कम से कम 22 अमेरिकी नागरिकों की मौत हो गई है और 17 की कोई जानकारी नहीं है तथा आने वाले दिनों में यह आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। व्हाइट हाउस ने बुधवार यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बताया कि फलस्तीन आतंकवादी समूह हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों में और भी अमेरिकी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि बंधकों को छुड़ाने के लिए, अमेरिका इजराइल के साथ बातचीत कर रहा है। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में सामरिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा, हम जानते हैं कि, अब तक 22 अमेरिकी अपनी जान गंवा चुके हैं जबकि 17 के बारे में कोई जानकारी नहीं है। आने वाले दिनों में ए संख्या बढ़ने की आशंका है। इससे पहले अमेरिका ने हमले में 14 अमेरिकियों की मौत होने की पुष्टि की थी।सुलिवन ने पत्रकारों से कहा, आज हमें इस बात का थोड़ा बेहतर अंदाजा है कि कितने और अमेरिकी लापता हैं या लापता हैं। हम जानते हैं कि उनमें से कई अमेरिकियों को हमास ने अभी बंधक बनाया हुआ है। मुझे लगता है कि हम सभी को इसके लिए खुद को मजबूत करने की जरूरत है कि ए संख्या और बढ़ सकती है। इजराइल पर हमास के अप्रत्याशित हमले में 1,200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इसके बाद इजराइल ने भी गाजा पर हवाई हमला करके इसका जवाब दिया है, जिसमें सौ लोग मारे गए थे।उन्होंने, सभी प्रभावित परिवारों को हमारा संदेश है कि हम आपके साथ हैं। आपके साथ-साथ हम भी इस बात से काफी दुखी हैं। जो प्रयास किए जा सकते हैं, हम वह सब कुछ कर रहे हैं। विशेष रूप से उन लोगों के लिए, जिन्हें अपने प्रियजनों का पता नहीं चल पा रहा है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि बंधक बनाए गए लोगों को छुड़ाने के लिए हम हर तरह की सहायता के लिए तैयार हैं। किर्बी ने कहा, निःसंदेह इजराइल के पास बंधकों को छुड़ाने की खुद की क्षमता है। हमारे पास बहुत सारी जानकारी भी है और हम उसे इजराइली रक्षा बलों के साथ साझा करने की पेशकश कर रहे हैं। अमेरिका इजराइल को अतिरिक्त रक्षा संबंधी सहायता भी उपलब्ध करा रहा है। किर्बी ने कहा कि अमेरिका यह स्पष्ट संदेश दे रहा है कि यदि कोई भी इजराइल के प्रति शत्रुतापूर्ण व्यवहार करेगा या युद्ध को बढ़ाने की कोशिश करेगा तो अमेरिका उनके खिलाफ कार्वाई करने के लिए तैयार है।

## इजराइल पर हमास का हमला नरसंहार के बाद यहूदियों के लिए सबसे घातक दिनः बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल पर हमास द्वारा किए गए बर्बर आतंकवादी हमले को यहूदियों के लिए यहूदी नरसंहार (होलोकॉस्ट) के बाद का सबसे घातक दिन करार देते हुए कहा कि इसने सदियों तक की यहूदी विरोधी भावना और उनके खिलाफ नरसंहार की दर्दनाक यादों को ताजा कर दिया है। बाइडन ने कहा कि अमेरिका इजराइल के हालात पर लगातार बारीकी से नजर बनाए हुए है। बाइडन ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, हम इजराइल में स्थिति की बहुत बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति और मैं तथा मेरी सुरक्षा टीम के अधिकतर सदस्यों ने आज सुबह फिर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की। उन्होंने कहा, इस हमले ने सदियों तक यहूदी विरोधी भावना और यहूदी लोगों के खिलाफ नरसंहार की दर्दनाक यादों और जख्मों को फिर से हरा कर दिया है। इजराइल पर हमास के चौंकाने वाले हमले में 1200 से अधिक लोग मारे गए। जवाबी कार्वाई के रूप में इजराइल की ओर से गाजा में किए गए हवाई हमले में करीब 1100 लोग मारे गए हैं। बाइडन ने यहूदी समुदाय के नेताओं से भेंट की और आतंकवादी हमलों पर इजराइल के प्रति अपने अटूट समर्थन की पुष्टि की। बाइडन ने कहा, यह हमला पूरी तरह से क्रूर अभियान था... यहूदी लोगों के खिलाफ पूरी तरह से क्रूरता। और मैं इसे यहूदी नरसंहार के बाद यहूदियों के लिए सबसे घातक दिन मानता हूं। मानव इतिहास के सबसे खराब अध्यायों में से एक। व्हाइट हाउस में एक यहूदी नेताओं से बाइडन ने कहा, मेरा आशय है कि पुरानी भी मिलीभगत है। ऐसा वाकई है। और मैं आपको बताना चाहता हूं, मुझे लगता है कि आपने पहले ही इसका पता लगा लिया है, कि मैं पूरा स्वयं से इनकार करता हूं। मैं यह भी जानता हूं कि आप भी खुद स्वयं से इनकार करते हैं। बाइडन ने कहा, हमास जैसे आतंकवादी समूह दुनिया में न केवल आतंक बल्कि केवल बुराई लेकर आए, वह बुराई जो सबसे बदतर स्थिति को प्रतिबिंबित करती है, और कुछ मामलों में आईएसआईएस (एक आतंकवादी संगठन) के सबसे भयानक अत्याचार के समान है या उससे भी अधिक है। इजराइल में 1,000 से अधिक आम नागरिकों की हत्या कर दी गई। इस हमले के पीड़ितों और मृतकों में कम से कम 22 अमेरिकी नागरिक भी शामिल हैं। अमेरिका इजराइली रक्षा बलों को अतिरिक्त सैन्य सहायता मुहैया करा रहा है जिसमें गोला-बारूद और इंटरसेप्टर शामिल हैं। अमेरिका ने एक विमानवाहक पोत को पूर्वी भूमध्य सागर के लिए रवाना किया है और इस क्षेत्र में और लड़ाकू विमान भेज रहा है।

## क्विक न्यूज

### तुर्किए नाटो में स्वीडन को शामिल कराने में मदद की योजना बना रहा

ब्रसेल्स। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) द्वारा यह घोषणा करने के तीन महीने बाद कि तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन स्वीडन को इस सैन्य संगठन का सदस्य बनाने देने पर सहमत हो गए है, अब कुछ और संकेत मिले है कि नार्डिक देश को नाटो में शामिल होने की शीघ्र अनुमति दे दी जाएगी। इस मुद्दे को नाटो के मुख्यालय में बृहस्पतिवार को उठाए जाने के आसार थे, जब 31 सदस्य देश के नेता दूसरे दिन की बातचीत कर रहे थे। फरवरी 2022 में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा रूसी सैनिकों को यूक्रेन पर आक्रमण करने का आदेश देने के बाद स्वीडन और उसके पड़ोसी फिनलैंड ने दशकों के सैन्य गुटनिरपेक्षता से मुंह मोड़ लिया। उनका उद्देश्य नाटो की सुरक्षा छतरी के तहत सुरक्षा प्राप्त करना था, और फिनलैंड अप्रैल में इसमें शामिल हो गया। स्वीडन को यदि नाटो का सदस्य बनना है तो इसके सभी 31 सदस्य देशों को स्वीडन की सदस्यता का समर्थन करना होगा। लेकिन तुर्किए और हंगरी स्वीडन की इस राह में रोड़े अटका रहे है। इससे पहले एर्दोआन सार्वजनिक रूप से कह चुके है कि वह इसलिए विरोध कर रहे है, क्योंकि तुर्किए को लगता है कि स्वीडन कुर्दिश आतंकवादियो और अन्य समूहो के प्रति जरूरत से अधिक उदार है, जिन्हे वह खुद की सुरक्षा के लिए खतरा समझता है, लेकिन कई सहयोगियो को इस पर संदेह है। नाटो महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग के अनुसार, लिथुआनिया की राजधानी में जुलाई मे नाटो शिखर सम्मेलन मे एर्दोआन ने कहा था कि वह नाटो मे स्वीडन को शामिल करने के प्रोटोकॉल को अनुमोदन के लिए तुर्किए की संसद मे भेजेंगे, जो तुर्किए के लिए सदस्यता का अनुमोदन करने का अंतिम चरण है।

### पाकिस्तान के अंतरिम प्रधानमंत्री बेल्ट एंड रोड फोरम की बैठक में हिस्सा लेने चीन जाएंगे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अंतरिम प्रधानमंत्री अनवार उल हक काकड़ इस महीने के अंत मे बीजिंग में शुरू होने वाली बेल्ट एंड रोड फोरम की तीसरी बैठक मे हिस्सा लेने के लिए चीन का दौरा करेंगे।विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलोच ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन मे कहा कि काकड़ चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर यात्रा पर जाएंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री 17 अक्टूबर को बेल्ट एंड रोड फोरम के उद्घाटन समारोह मे शिरकत करेंगे और राष्ट्रपति शी चिनफिंग, वरिष्ठ चीनी नेताओं के साथ-साथ बेल्ट एंड रोड फोरम में हिस्सा लेने वाले अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। बलोच ने कहा कि काकड़ चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) की प्रमुख उपलब्धियो पर प्रकाश डालेंगे और अरबों डॉलर की पहल के लिए भविष्य की प्राथमिकताओं को रेखांकित करेंगे। सीपीईसी चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का हिस्सा है। इसका ऐलान 2013 मे किया गया था। बीआरआई के जरिए यूरेशिया और अफ्रीका से गुजरने वाले प्राचीन सिल्क रोड को पुनर्जीवित करने की चीन की योजना है। बलोच ने अपनी प्रेस वार्ता में यह भी कहा कि अवैध विदेशी नागरिकों की देश वापसी उनकी नागरिकता देखकर तय नही की जाती है ।

### महिला ने पुलिस अधिकारी समेत तीन लोगों पर चाकू से हमला किया, गिरफ्तार

अटलांटा (अमेरिका)। अमेरिका के हर्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक महिला ने तीन लोगो पर कथित रूप से चाकू से हमला कर दिया, जिसके बाद उसे हिरासत मे ले लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर जारी एक बयान में पुलिस ने कहा कि हवाई अड्डे पर तैनात अधिकारियो ने बुधवार शाम करीब चार बजकर 45 मिनट पर सुरक्षा जांच केंद्र के बाहर हाथ में चाकू लिए हुए एक महिला को दक्षिणी टर्मिनल की ओर जाते देखा। अधिकारियो ने महिला को चाकू फेंकने के लिए कहा और वे महिला को यात्री क्षेत्र से बाहर जाने के लिए काफी देर तक समझाते रहे। जैसे ही महिला को हिरासत में लेने की कोशिश की गई, उसने एक अन्य महिला और एक पुलिस अधिकारी पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि एक अन्य अधिकारी ने काफी मशक्कत के बाद महिला से चाकू छीन लिया। अधिकारियो को बाद मे पता चला कि महिला ने हवाई अड्डे मे प्रवेश करने से पहले एक और व्यक्ति पर चाकू से हमला किया था। बयान के अनुसार, प्रारंभिक जांच मे सामने आया कि महिला जिस टैक्सी मे सवार होकर हवाई अड्डा आई थी, उसके चालक पर हमला किया था।

### नेपाल के सांसद ने मोदी के गुंजी क्षेत्र के दौरे पर सरकार को जानकारी देने को कहा

काठमांडू। नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष और सांसद रबि लामिछाने ने बृहस्पतिवार को सरकार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दार्चुला जिले के सीमावर्ती क्षेत्र गुंजी की यात्रा के बारे मे संसद को जानकारी देने को कहा। उन्होने दावा किया कि मोदी ने जिस क्षेत्र की यात्रा की वह नेपाल का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को सीमावर्ती गांव गुंजी का दौरा किया जहां उन्होने स्थानीय लोगो और सुरक्षा कर्मियो से बातचीत की। उन्होने स्थानीय उत्पादो की एक प्रदर्शनी भी देखी। लामिछाने ने प्रतिनिधि सभा मे कहा, हमे मीडिया और आधिकारिक सूत्रो से पता चला है कि पड़ोसी देश भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे क्षेत्र का दौरा किया।

### मिनेसोटा में गोलीबारी में पांच अधिकारी घायलअ संदिग्ध गिरफ्त से बाहर

प्रिंस्टन (अमेरिका)। अमेरिकी राज्य मिनेसोटा मे बृहस्पतिवार को प्रिंस्टन शहर के पास गोलीबारी की एक घटना मे पांच अधिकारी घायल हो गए। संदिग्ध गिरफ्त से बाहर है। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। रॉबिन्सडेल के पुलिस प्रमुख जॉन एल्डर ने बताया तीन अधिकारियो को मिनियापोलिस उपनगर मे रॉबिन्सडेल के नॉर्थ मेमोरियल अस्पताल मे भर्ती कराया गया, जबकि दो को सेंट क्लाउड के एक अस्पताल ले जाया गया। उन्होने बताया कि घायल अधिकारियो की हालत खतरे से बाहर है।

### ब्लिंकन ने अमेरिकी समर्थन का संकल्प लिया

यरुशलम। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बृहस्पतिवार को उनके देश द्वारा इजराइल का समर्थन करने का संकल्प दोहराया। उनका समर्थन ऐसे समय आया है जब इजराइल हमास शासित गाजा पट्टी पर हवाई बमबारी कर रहा है और संभावित जमीनी कार्वाई की तैयारी कर रहा है। ब्लिंकन ने इजराइल की जवाबी कार्वाई का अमेरिका द्वारा किए जा रहे समर्थन को रेखांकित किया। अमेरिकी विदेश मंत्री ने तेल अवीव मे इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात के बाद कहा, मै अपने साथ यह संदेश लेकर आया हूं कि आप स्वयं इतने ताकतवर हो सकते है कि अपनी रक्षा स्वयं कर सकें लेकिन जब तक अमेरिका है आपको इसकी जरूरत नही पड़ेगी।

# नेतन्याहू ने 2020 में एक ईरानी जनरल को मारने की योजना के दौरान धोखा दिया थाः ट्रंप



भाषा। मियामी (अमेरिका)

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर आरोप लगाया है कि उन्होंने वर्ष 2020 में अमेरिका द्वारा एक शीर्ष ईरानी जनरल को मार गिराए जाने से ठीक पहले उनको (ट्रंप को) धोखा दिया। ट्रंप ने हमास के हमलों के जवाब में रिपब्लिकन प्रेसिडेंशियल प्राइमरी के इजराइल को समर्थन से थोड़ा अलग रुख अख्तियार किया है। बुधवार को वेस्ट पाम बीच, फ्लोरिडा की रैली में ट्रंप की टिप्पणियों की उनका विरोध करने वाले अनेक रिपब्लिकन ने तत्काल निंदा की जिनमें फ्लोरिडा के गवर्नर रोन डिसेंटिस शामिल हैं। डिसेंटिस 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दौड़ में ट्रंप के खिलाफ हैं। हमास के मले के बाद अधिकांश अमेरिकी नेता इजराइल के समर्थन में खड़े हो गए हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन ने हमले के बारे में कहा है कि यह यहूदियों के लिए अब तक का सबसे घातक दिन था। इजरायल और फलस्तीन, दोनों पक्षों में कम से कम 2,500 लोग मारे गए हैं। राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन उम्मीदवार की दौड़ में शामिल ट्रंप ने रैली में कहा कि उनकी दुआएं इजराइल के साथ हैं। उन्होंने इजराइल के साथ खड़े रहने की बात कही, लेकिन उसके नेताओं के साथ अपने अनुभवों को खराब बताया। उन्होंने इरान के प्रतिष्ठित कुद्स बल के प्रमुख जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के बारे में कहा, इजराइल हमारे साथ यह काम करने वाला था और इसकी योजना बनाई जा रही थी जिस पर महीनों से काम हो रहा था। ट्रंप ने कहा, हमने पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन जिस दिन काम को अंजाम देना था उससे पहले की रात को मुझे फोन आया कि इजराइल इस हमले में भाग नहीं लेगा। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, किसी ने पहले यह कहानी नहीं सुनी। उन्होंने हमें कारण नहीं बताया। मैं कभी नहीं भूलूंगा कि बीबी (बेंजामिन) नेतन्याहू ने हमें निराश किया। उन्होंने कहा, हम उससे निराश थे। बहुत निराश थे। लेकिन हमने खुद वह काम किया और पूरी सटीकता के साथ किया। और तब बीबी ने इसका श्रेय लेने की कोशिश की। इस बारे में नेतन्याहू के कार्यालय से प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया, लेकिन तत्काल कोई जवाब नहीं मिला। लेकिन संचार मंत्री श्लोमो कारही ने इजराइल के चैनल 13 से कहा, यह शर्मनाक है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जैसा व्यक्ति दुष्प्रचार को बढ़ावा देता है और ऐसी चीजें प्रसारित करता है जो इजराइल के लड़ाकों और उसके नागरिकों की भावना को ठेस पहुंचाती हैं।

### इजराइल के हवाई हमलों में दमिश्क और अलेप्पो में हवाई अड्डों को निशाना बनाया गयाः सीरिया

दमिश्क (सीरिया)। सीरिया की सरकारी मीडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि इजराइल के हवाई हमलो मे राजधानी दमिश्क और उत्तरी शहर अलेप्पो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों को निशाना बनाया गया, जिससे उनके रनवे क्षतिग्रस्त हो गए। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से कहा कि हमलो मे कोई हताहत नही हुआ। इजराइली सेना ने इन संबंध मे टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास द्वारा दक्षिणी इजराइल मे घातक हमलों के बाद सीरिया पर यह पहला इजराइली हमला है। हवाई हमले उस दिन हुए जब ईरान के विदेश मंत्री क्षेत्र के अस्थिर हालात पर चर्चा के लिए सीरिया आने वाले थे। इजराइल ने लेबनान के हिजबुल्लाह सहित विभिन्न आतंकवादी समूहों को ईरान से हथियारों की आपूर्ति रोकने के प्रयास मे सीरिया सरकार के कब्जे वाले हिस्सो मे हवाई अड्डो और समुद्री बंदरगाहो को निशाना बनाया है। सीरिया के 12 साल के संघर्ष मे ईरान समर्थित हजारों लड़ाके शामिल हुए और उन्होने राष्ट्रपति बशर असद की सेना के पक्ष मे संतुलन बनाने मे मदद की।

### एक्स ने हमास से जुड़े सैकड़ों अकाउंट हटा दिए हैंः सीईओ याकारिनो

लंदन। अरबपति कारोबारी एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) ने इजराइल पर हमले के बाद से आतंकवादी समूह हमास से जुड़े सैकड़ों अकाउंट को हटा दिया है। कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) लिंडा याकारिनो ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक्स पर हमास से संबंधित सामग्री को भी हटा दिया गया है। याकारिनो ने बृहस्पतिवार को बताया कि सोशल मीडिया मंच पर अवैध सामग्री को नियंत्रित करने के लिए एक्स द्वारा किए गए प्रयासों की रूपरेखा तैयार की गई है। ईयू के एक शीर्ष अधिकारी ने जानकारी मांगी थी कि इजराइल-हमास युद्ध के दौरान एक्स ईयू के डिजिटल नियमों का कैसे अनुपालन कर रहा है। इसके जवाब में याकारिनो ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक पत्र में कहा, संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक, एक्स ने हमास से जुड़े सैकड़ों अकाउंट की पहचान की है और उन्हें सोशल मीडिया मंच से हटा दिया है। सोशल मीडिया मंच इस संकट के दौरान पहचानी गई फर्जी सामग्री का आनुपातिक और प्रभावी ढंग से आकलन और समाधान कर रहा है।

### सिंगापुर के स्पोर्ट्स स्कूल में भारतीय मूल के छात्र की मौत

सिंगापुर। सिंगापुर के एक स्पोर्ट्स स्कूल में पिछले सप्ताह फिटनेस परीक्षण के बाद बीमार हुए भारतीय मूल के छात्र की मौत हो गई। विद्यालय ने कहा कि उसने 14 वर्षीय छात्र की मौत के संबंध मे विस्तृत जांच शुरू कर दी है।चैनल न्यूज एशिया की खबर के मुताबिक, पांच अक्टूबर को 400 मीटर के फिटनेस परीक्षण के बाद प्रणव मधैक बीमार पड़ गया था।

सार्वजनिक सूचना

यह आम जनता को सूचित करने के लिए है खेतरपाल नर्सिंग होम, जी एन - 5, शिवाजी एन्क्लेव, नई दिल्ली-110027. 2018 से 2019 तक के मेडिकल रिकॉर्ड को नष्ट कर दिए जायेंगे।

अपने रिकॉर्ड में रूचि रखने वाला कोई भी व्यक्ति 15 दिनों के भीतर 011-45600000 पर संपर्क कर सकता है।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Rehana Shahzad is the owner of Residential Flat on Upper Ground Floor of Property No. 215-A, Area Measuring 120 sq. yds. Khasra No. 54/17, Sitauted in the Abadi of J-Block, Extn., Laxmi Nagar in the area of Village Khureji Khas, Illaqa Shahdara Delhi-110092, vide GPA, ATS & Will dated 16.12.2005. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage /litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन असाधारण विदेश यात्रा पर किर्गिस्तान पहुंचे

भाषा। मॉस्को



राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक दुर्लभ विदेश यात्रा पर बृहस्पतिवार को किर्गिस्तान पहुंचे। उन पर इस साल की शुरुआत में यूक्रेन में युद्ध अपराधों के लिए अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत ने अभियोग लगाया था।किर्गिस्तान में पुतिन बृहस्पतिवार को अपने समकक्ष, राष्ट्रपति सादिर झापारोव से मुलाकात करेंगे। वह शुक्रवार को स्वतंत्र देशों के राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसकी मेजबानी किर्गिस्तान कर रहा है।इस शिखर सम्मेलन में आजरबैजान, बेलारूस, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के नेता भी शामिल होंगे। आर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पशिनियन इसमें शामिल नहीं होंगे, क्योंकि आपसी आरोप-प्रत्यारोप के बीच मॉस्को के साथ एरेवन के रिश्ते खराब हो गए हैं।इस साल यह पहली बार है कि रूसी राष्ट्रपति ने रूस और रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के क्षेत्रों से बाहर यात्रा की है। इस साल की शुरुआत में, पुतिन ने दोनेत्स्क, लुहान्स्क और खेरसॉन के आंशिक रूप से कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों के साथ-साथ संलग्न क्रीमिया प्रायद्वीप का दौरा किया था।मार्च में, अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत ने यूक्रेन से बच्चों को ले जाए जाने पर पुतिन के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। जिन देशों ने आईसीसी को अस्तित्व में लाने वाली रोम संधि पर हस्ताक्षर और उसका अनुमोदन किया है, वे अब, अपनी धरती पर कदम रखने पर रूसी नेता को गिरफ्तार करने के लिए बाध्य हैं।

# किसी भी हालत में पाकिस्तान नही छोड़ूंगाः इमरान खान

भाषा। लाहौर

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह न तो देश छोड़ेंगे और न ही कानून और संविधान के शासन को कायम रखने के लिए हकीकी (असली) आजादी की अपनी कोशिश से एक इंच पीछे हटेंगे। खान के परिवार ने बृहस्पतिवार को उनके सोशल मीडिया मंच एक्स अकाउंट पर पाकिस्तान के लोगों के लिए पूर्व प्रधानमंत्री का संदेश साझा किया। एक्स पर किए गए उनके पोस्ट में कहा गया है, जो लोग कह रहे हैं कि मैं मुल्क छोड़ दूं,वे जानते हैं कि मैं पाकिस्तान में ही जिऊंगा और मरूंगा और मैं किहीं भी जाने के लिए अपना वतन नहीं छोड़ूंगा। भले ही वह मुझे किसी भी जेल में रखें और मेरे लिए कैसे भी हालात पैदा कर दें, मैं अपने हकीकी आज़ादी , कानून के शासन और पाकिस्तान के संविधान जिसके मूल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव है, के लिए अपनी कोशिश से एक इंच भी पीछे नहीं हटूंगा।

# थाई मिशन के परिसर में वसुधैव कुटुम्बकम की पट्टिका का अनावरण

भाषा। न्यूयार्क



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के परिसर में यहां वसुधैव कुटुम्बकम लिखी पट्टिका का अनावरण किया गया, जो भारत के एकता तथा वैश्विक सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। पट्टिका का अनावरण भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्रबुद्धे और संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने बुधवार को एक विशेष समारोह में किया। भारत के स्थाई मिशन के परिसर के प्रवेश द्वार में एक दीवार पर पट्टिका में हिंदी में वसुधैव कुटुम्बकम् और अंग्रेजी में द वर्ल्ड इज वन फैमिली लिखा हुआ है। पट्टिका के अनावरण से पहले संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन ने आईसीसीआर के साथ मिलकर वसुधैव कुटुम्बकम् विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया था। भारत ने इस वर्ष जी20 की अध्यक्षता की थी और जी20 की थीम वसुधैव कुटुम्बकम् थी, जो वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सहस्रबुद्धे ने अनावरण के अवसर पर कहा, यह भारत की पहचान है, यह दुनिया के बारे में भारत का दृष्टिकोण है...। इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र मिशन में भारतीय अधिकारी, राजनयिकों के साथ आईसीसीआर के महानिदेशक कुमार तुहिन और उप महानिदेशक अभय कुमार ने भाग लिया। सहस्रबुद्धे ने कहा कि भारत के स्थाई मिशन में पट्टिका को उचित तरीके से दिखाया जाना बेहद जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा कि कि गणमान्य लोगों के समक्ष पट्टिका का अनावरण करना सम्मान की बात है। कंबोज ने कहा कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम् के दर्शन का प्रचार-प्रसार भी करता है और इसे खुद भी मानता है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, यह पट्टिका संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के मुख्य प्रवेश द्वार की शोभा बढ़ा रही है जिसमें एकता तथा वैश्विक सहयोग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता समाहित है। मेडागास्कर के एंटानानारिवो में मार्च 2022 में भारतीय दूतावास ने भारत की आजादी के 75 साल होने पर आजादी का अमृत महोत्सव को चिह्नित करने के लिए अपने परिसर में वसुधैव कुटुम्बकम् की एक पट्टिका का अनावरण किया था।

सार्वजनिक सूचना

वी. एस. इंफ्रास्ट्रक्चर कैपिटल लिमिटेड
सीआईएनःU74899DL1996PLC077395
पंजीकृत कार्यालय का पताः बी–2/60, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली–110029

यह सार्वजनिक सूचना मेसर्स वी. एस. इंफ्रास्ट्रक्चर कैपिटल लिमिटेड द्वारा दी जा रही है। सीआईएनःU74899DL1996PLC077395 पंजीकृत कार्यालयः बी–2/60, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली–110029 (इसे कंपनी के रुप में संदर्भित किया जाता है) और श्री प्रीतम लाल जैन (इसे प्रस्तावित निदेशक के रुप में संदर्भित किया जाता है) संयुक्त रुप से आरबीआई द्वारा उनके पत्र दिनांक 09.10.2023 द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल में एक अन्य निदेशक के रूप में श्री प्रीतम लाल जैन की नियुक्ति की मंजूरी के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र के नियमों और शर्तों के अनुपालन में कंपनी को गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान व्यवसाय करने की अनुमति देने के लिए-।

1. श्री प्रीतम लाल जैन को कंपनी के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त करने का प्रस्ताव है। श्री पी. एल. जैन इंस्टीटयूट आफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया के साथी सदस्य और इंस्टीटयूट आफ कास्ट अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया के सदस्य है, जिनके पास वित्त में 40 वर्षों से अधिक का अनुभव है, वे स्वर्गीय श्री बी.डी. जैन के पुत्र हैं, जिनकी आयु 86 वर्ष है, निवासी यु-36, ग्रीन पार्क मेन, नई दिल्ली–110016.

कोई भी व्यक्ति जो इस तरह के परिवर्तन से व्यथित है, अपनी शिकायत डीएनबीएस, आरबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय 6, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001 या कंपनी के पंजीकृत कार्यालय बी-2/60, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली-110029 में दर्ज कर सकता है, इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों की अवधि के भीतर। ऐसी शिकायतें कंपनी द्वारा उचित समय पर डीएनबीएस, आरबीआई को अग्रेषित की जाएंगी। यदि कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो कंपनी के नोडल अधिकारी द्वारा उसका समाधान किया जाएगा।

नोटः आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 45आईए के संदर्भ में भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त एक गैर-बैंकिंग वित्तिय संस्थान के व्यवसाय को चलाने के लिए पंजीकरण का प्रमाण-पत्र, हालांकि, यह स्पष्ट रुप से समझा जाना चाहिए कि प्रमाण-पत्र जारी करते समय पंजीकरण के संबंध में कि भारतीय रिज़र्व बैंक कंपनी की सुदृढ़ता या किए गए किसी भी ब्यान या किए गए किसी भी प्रतिबद्धता या व्यक्त की गई राय की शुद्धता के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।

वी. एस. इंफ्रास्ट्रक्चर कैपिटल लिमिटेड के लिए और उनकी ओर से
श्री अरुण जैन (निदेशक)
श्री प्रीतम लाल जैन (प्रस्तावित निदेशक)
दिनांकः 12.10.2023

प्रपत्र सं. 3

[विनियम–15 (1) (क)/16 (3) देखें]

ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2) प्रथम तल एससीओ 33–34–35, सेक्टर–17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)

वाद सं. : ओ.ए./302/2021

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत सम्मन

ईएक्सएच. नंबर : 20487

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
श्री अमन यादव

सेवा में,
(डी–3) मैसर्स सीएचडी डेवलपर्स लि. एससीएफ 16–17, प्रथम तल, मैडम भीकाजी कामा भवन, 11, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली, दिल्ली,

सम्मन

जबकि, ओए/302/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 08–09–2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 95,35,622/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवेदक को मुहैया कराने तथा दिनांक 29–11–2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 25–09–2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रपत्र सं. 3

[विनियम–15 (1) (क) /16 (3) देखें]

ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2) प्रथम तल एससीओ 33–34–35, सेक्टर–17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)

वाद सं. : ओ.ए./1550/2021

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत सम्मन

ईएक्सएच. नंबर : 20185

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
प्रदीप चौहान

सेवा में,
(डी–3) मैसर्स ऋषभ इंटीरियर प्रा. लि. निवासी 302, अग्रवाल कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर सी 2, लोकल शॉपिंग सेंटर, जनकपुरी, नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली,
अन्य पता – प्रतिवादी सं. 1 से 3 :– निवासी फ्लैट नंबर टीबी–1803, एनसीआर वन, टावर–बी, 18वां तल, सेक्टर–95, गुरूग्राम, गुरूग्राम, हरियाणा, अन्य पता – प्रतिवादी सं. 1 से 3 :– निवासी फ्लैट नंबर टीबी–1603, एनसीआर वन, टावर–बी, 18वां तल, सेक्टर–95, गुरूग्राम, गुरूग्राम, हरियाणा, (डी–4) मैसर्स सिद्धार्थ बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड आर/ओ दुकान नंबर 1 और 4, लोकल शॉपिंग सेंटर, पुष्प विहार, मदनगीर, नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली

सम्मन

जबकि, ओए/1550/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 01–09–2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 2,53,20,385/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 23–01–2024 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 05–09–2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

# रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई पर ले जाना चाहते हैं भारत-फ्रांस: राजनाथ सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और फ्रांस के बीच साइबर अंतरिक्ष तथा कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है और दोनों देश इन्हें नई ऊंचाइयों पर ले जाने को लेकर उत्सुक हैं। रक्षा मंत्री सिंह और फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्री सेबस्टियन लेकोर्नू के बीच बुधवार को पेरिस में पांचवीं वार्षिक भारत-फ्रांस रक्षा वार्ता के दौरान गहन चर्चा हुई, जिसमें रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा, दोनों मंत्रियों ने रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ क्षेत्रीय स्थिति के आकलन से लेकर मौजूदा सैन्य संपर्कों तक कई विषयों पर चर्चा की।

सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में लेकोर्नू के साथ बैठक को बेहतरीन करार दिया। सिंह ने कहा, फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्री सेबस्टियन लेकोर्नू के साथ पेरिस में मुलाकात बेहतरीन रही। भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी वर्षों में और प्रगाढ़ हुई है और आज यह पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। हम इस साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने को लेकर उत्सुक हैं। सिंह और लेकोर्नू ने रक्षा परियोजनाओं की समीक्षा की और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, उन्होंने अंतरिक्ष, साइबर और कृत्रिम मेधा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर भी चर्चा की। इससे पहले रक्षा मंत्री सिंह ने बुधवार को पेरिस के निकट स्थित फ्रांसीसी कंपनी सफरान के जेट इंजन विनिर्माण केंद्र का दौरा किया और एयरो-इंजन प्रौद्योगिकी में हो रहे नवीनतम विकास का अवलोकन किया। गेनेविलियर्स स्थित इस प्रतिष्ठान का सिंह का दौरा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि सफरान एक बड़ी परियोजना के तहत भारत में एक लड़ाकू विमान इंजन का मिलकर विकास करने पर विचार कर रहा है। सिंह ने पेरिस में शीर्ष फ्रांसीसी रक्षा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के एक समूह के साथ भी बातचीत की और उन्हें भारत में रक्षा साजोसामान के सह-विकास और सह-उत्पादन के लाभों के बारे में बताया।

## केरल के कई हिस्सों में भारी बारिश, तीन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कई हिस्सों में बृहस्पतिवार को भारी बारिश हुई। वहीं भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के 14 जिलों में से तीन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने तिरुवनंतपुरम, कोल्लम और पत्तनमतिट्टा जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा एर्नाकुलम, इडुक्की, त्रिशूर, पलक्कड़ और मलप्पुरम जिलों के लिए बृहस्पतिवार की खातिर एलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने शुक्रवार के लिए सात जिलों-तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पत्तनमतिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, एर्नाकुलम और इडुक्की में भी यलो अलर्ट जारी किया। ऑरेंज अलर्ट में छह से 20 सेंटीमीटर और एलो अलर्ट में छह से 11 सेमी तक भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने कोट्टायम, इडुक्की, एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड और कन्नूर जिलों में दिन में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की

● स्काईवॉक और पार्वती भवन का उद्‌घाटन किया



**कटरा, श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और त्रिकुटा पहाड़ियों के ऊपर स्थित मंदिर में एक स्काईवॉक और पुनर्निर्मित पार्वती भवन का उद्‌घाटन किया। जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं राष्ट्रपति के साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मंदिर गए। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने मुर्मू को परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

200 मीटर का स्काईवॉक श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाएगा। स्काईवॉक बनने के बाद भवन तक जाने और दर्शन के बाद लौटने वालों के लिए रास्ता अलग-अलग हो गया है। इस परियोजना पर 9.89 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आई है। स्काई वॉक को मार्ग से 20 फुट की ऊंचाई पर बनाया गया है। मनोकामना भवन और गेट नंबर-3 के बीच भीड़ को बेकाबू होने से रोकने में मदद मिलेगी। इसी जगह वर्ष 2022 में नववर्ष के दिन भगदड़ मच गई थी, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 16 घायल हो गए थे।

पार्वती भवन को लगभग 15 करोड़ रुपए की लागत से पुन: निर्मित किया गया है और यहां तीर्थयात्रियों के लिए नि:शुल्क सुविधा रहेगी। इसे स्काईवॉक से जोड़ा गया है ताकि तीर्थयात्री अपना सामान जमा करने के बाद सीधे मंदिर की ओर जा सकें। इसमें 1,500 लॉकर की सुविधा है, जिससे प्रतिदिन 10 से 15 हजार श्रद्धालुओं को इसका फायदा होगा। श्रीनगर में अधिकारियों ने बताया कि वैष्णो देवी मंदिर के लिए रवाना होने से पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने सुबह जम्मू-कश्मीर में राजभवन सभागार के बगीचे में पगौड़ा का एक पौधा लगाया।

## नूंह हिंसा संगठित अपराध की घटना या प्रशासन की विफलता नहीं थी, कमियां जरूर रहीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** अल्पसंख्यक आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले दिनों हरियाणा के नूंह और कुछ अन्य स्थानों पर हुई हिंसा कोई संगठित अपराध की घटना नहीं थीं और इसे प्रशासन की विफलता भी नहीं कहा जा सकता, लेकिन उसके स्तर पर कुछ कमियां जरूर रहीं। आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि हिंसा में स्थानीय लोग शामिल नहीं थे और सोशल मीडिया के जरिए फैलाए गए दुष्प्रचार में कुछ नौजवान उत्तेजना के शिकार हो गए जिस पर समाज को ध्यान देने की जरूरत है। पिछले दिनों आयोग के एक दल ने हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा कर विभिन्न समुदायों के लोगों तथा प्रशासनिक अधिकारियों से बात की।

गत 31 जुलाई को भीड़ द्वारा विश्व हिंदू परिषद की शोभायात्रा को रोकने के प्रयास के बाद हुई सांप्रदायिक झड़प में दो होमगार्ड कर्मी सहित छह लोगों की मौत हो गई थी और इसकी आंच गुरुग्राम तक फैल गई थी। लालपुरा ने संवाददाताओं से कहा, आयोग का दल नूंह और सोहना गया था। हमने दोनों समुदायों के लोगों और प्रशासन के अधिकारियों से बात की। लोगों का कहना है कि हिंसा करने वाले लोग बाहरी थे। स्थानीय मुसलमानों ने मंदिरों की रक्षा की तो हिंदुओं ने मस्जिदों की रक्षा की। यह सद्‌भाव वहां देखने को मिला था।

उन्होंने कहा कि यह हिंसा कोई संगठित अपराध की घटना नहीं थी, लेकिन सोशल मीडिया के जरिए किए गए दुष्प्रचार से चीजें बिगड़ीं। लालपुरा ने एक सवाल के जवाब में कहा, मैं प्रशासन की विफलता नहीं कहूंगा, लेकिन कमियां जरूर थीं। उन्होंने सांसद रमेश बिधूड़ी के विवादित बयान के बारे में पूछे जाने पर कहा कि संसद के भीतर की जाने वाली टिप्पणी पर वह कुछ नहीं कह सकते, लेकिन सभी को मर्यादा में रहना चाहिए।

## उत्तराखंड सरकार ने घर पर मिनी बार खोलने की अनुमति देने संबंधी नियम वापस लिए

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने अपनी आबकारी नीति की नियमावली के उस हिस्से को वापस ले लिया है जिसके तहत लोगों को घर में निजी मिनी बार खोलने की इजाजत दी गई थी। आबकारी आयुक्त ने बुधवार को कहा कि ऐसे लाइसेंस जारी करने से जुड़े नियमावली के नियम 11 और 13 को अगले आदेश तक वापस लिया जा रहा है। आबकारी नीति 2023-24 की नियमावली को पिछले हफ्ते जारी किया गया था। इसमें यह प्रावधान था कि जो लोग पांच साल से आयकर रिटर्न दाखिल कर रहे हैं, उन्हें घर पर मिनी बार के लिए 12 हजार रुपए सालाना के भुगतान पर लाइसेंस जारी किया जा सकता है। लाइसेंसधारी नौ लीटर तक भारत निर्मित विदेश शराब, 18 लीटर विदेशी मदिरा, नौ लीटर वाइन और 15.6 लीटर बीयर कुछ शर्तों के साथ घर पर रख सकते हैं। इन शर्तों में शामिल है कि बार का सख्ती से निजी उपयोग होगा और कोई व्यवसायिक गतिविधि नहीं की जाएगी।

# राजस्थान में नया नेतृत्व लाने की सोच रहे हैं मोदी: राज्यवर्धन सिंह राठौड़

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान में नया नेतृत्व लाने की सोच रहे हैं ताकि राजस्थान भी उनके अमृत काल मिशन में भागीदार बन सके। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 41 उम्मीदवारों की जो सूची जारी की है उसमें राठौड़ को जयपुर की झोटवाड़ा विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। जयपुर ग्रामीण से सांसद राठौड़ ने यह भी कहा कि मोदी ने देश में रिपोर्ट कार्ड की राजनीति शुरू की है।

राजस्थान की सभी 200 सीटों पर 25 नवंबर को मतदान होगा और परिणाम तीन दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान में नया नेतृत्व लाने की सोच रहे हैं, क्योंकि राजस्थान जो इतने बरसों से पिछड़ा हुआ राज्य है... वह प्रधानमंत्री के अमृतकाल मिशन में पूरा भागीदार बने और एक तरह से नेतृत्व करे। राठौड़ ने कहा कि यहां का सक्षम युवा देश के साथ आगे बढ़े यही प्रधानमंत्री चाहते हैं। झोटवाड़ा सीट से पूर्व विधायक राजपाल सिंह शेखावत के समर्थन में प्रदर्शन पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राठौड़ ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी को आगे बढ़ने का मौका देती है। हो सकता है कि आज किसी को अवसर मिला है, कल किसी और को अवसर मिलेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी माने जाने वाले शेखावत झोटवाड़ा सीट से टिकट की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन जब भाजपा ने वहां से राठौड़ को मैदान में उतारा तो राजपाल के समर्थकों ने उन्हें टिकट देने की मांग को लेकर पार्टी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। भारतीय सेना से सेवानिवृत्ति लेने के बाद 2013 में राजनीति में शामिल हुए पूर्व ओलंपियन राठौड़ ने कहा कि वह अपने सामने आने वाली चुनौती और पार्टी द्वारा दिए गए काम पर ध्यान केंद्रित रखेंगे। राठौड़ ने कहा, मैं मानता हूं कि भाजपा ही वो पार्टी है जो अवसर देती है आगे बढ़ने का। हो सकता है आज किसी को अवसर मिला है, कल किसी और को अवसर मिलेगा। भाजपा में ही संभव है कि अवसर मिल जाता है। राजपाल शेखावत का नाम लिए बिना कहा, लेकिन अगर कोई सचिन पायलट (अपने ही मुख्यमंत्री के खिलाफ बगावत का नेतृत्व करने वाले कांग्रेस नेता) की तरह अति महत्वाकांक्षी हो जाएगा तो बार बार अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारेगा। राठौड़ का यह पहला विधानसभा चुनाव होगा। उन्होंने कहा, मुझे जो भी काम दिया जाता है, मैं उसे पूरी प्रतिबद्धता, अनुशासन और उच्च मानकों के साथ पूरा करता हूं। हर कोई मेरे खेल (शूटिंग) के स्तर को जानता है। आतंकवादी मेरे इलाके (जब वह सेना में थे) से गुजरने में तौबा-तौबा करते थे। भाजपा नेता ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ेगा।

# बिहार ट्रेन दुर्घटना के मृतकों में मां-बेटी शामिल

**पटना, नई दिल्ली।** बिहार में बक्सर के पास ट्रेन के बेपटरी होने से जिन चार यात्रियों की मौत हुई है उनमें असम जा रही एक महिला और उसकी आठ साल की बेटी शामिल हैं। आठ वर्षीय लड़की की पहचान आकृति भंडारी के रूप में हुई है जबकि उसकी मां का नाम ऊषा भंडारी (37) है। उन्होंने बताया कि लड़की के साथ असम जा रहे उसके पिता इस दुर्घटना में बच गए। जान गंवाने वाले दो अन्य यात्रियों की पहचान राजस्थान के नरेंद्र कुमार और पूर्णिया के अबू जायद (27) के रूप में हुई है। बक्सर जिले में रघुनाथपुर स्टेशन के पास बुधवार रात को असम से दिल्ली जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12506) के 23 डिब्बे पटरी से उतर जाने से चार लोगों की जान चली गई थी।

इस रेल हादसे में चार मृतकों के अलावा 30 यात्री घायल हुए हैं जिनमें छह महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। पूर्व मध्य रेलवे जोन द्वारा मुहैया कराई गई जानकारी के मुताबिक घायलों की पहचान दीपक भंडारी (38), जुली सिंह (24), प्रदीप कुमार (25), सुजल राय (25), सुभाष चंद्र रॉय (35), बोद्या रॉय (40), गौतम मजूमदार (22), दरक्षा खातून (12) और अनुमय बर्मन (60) के तौर पर की गई है। हादसे में घायल अन्य यात्रियों के नाम संतोष कुमार बर्मन (46), मुक्ति राम बर्मन (58), मुकेश कुमार (24), रीना बर्मन (45), तरुण बर्मन (26), शिराजुल (36), रवि कुमार, जहादुर रहमान, सबनम खातून (35), नजराना खातून (23), शाहिद (चार), कार्तिक यादव (24), विवेक कुमार (29), देवंती देवी (60), सत्यनारायण गुप्ता (63), राकेश कुमार (30), वेद प्रकाश प्रजापति, मोहम्मद लाडू (29), दयानंद कुमार, सुदीप रविदास (25) और लाल बहादुर छेत्री (37) है।

इस बीच, रेलवे अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान निवासी नरेंद्र के परिजनों को छोड़कर सभी पीड़ितों के परिजनों को अनुदान की राशि दे दी गई है। बिहार आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मृतक नरेंद्र के परिवार को सूचित कर दिया गया है और उनके बृहस्पतिवार रात को बक्सर पहुंचने की उम्मीद है।

### नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने का संभावित कारण पटरी में खराबी: प्रारंभिक जांच

**नई दिल्ली।** बिहार में दिल्ली-कामाख्या नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के पटरी से उतरने का संभावित कारण पटरी में खराबी थी। बृहस्पतिवार को प्रारंभिक जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। बिहार के बक्सर जिले में बुधवार रात हुए हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। छह रेलवे अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित रिपोर्ट में कहा गया है, ऐसा लगता है कि यह दुर्घटना पटरी में खराबी के कारण हुई। यात्री डिब्बों की स्थिति का उल्लेख करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी 22 डिब्बे और इंजन पटरी से उतर गए। इनमें से दो पूरी तरह पलट गए और दो अन्य भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसमें दुर्घटना के कारण 52 करोड़ रुपए से अधिक की क्षति का अनुमान लगाया गया है। लोको पायलट (चालक) विपिन कुमार सिन्हा आंशिक रूप से घायल हो गए और उनके सहायक को गंभीर चोटें आईं। रिपोर्ट में लोको पायलट सिन्हा का एक बयान भी शामिल है, जिसमें कहा गया है कि ट्रेन 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से रघुनाथपुर स्टेशन से गुजरी, लेकिन स्टेशन को पार करने के तुरंत बाद उसे पीछे से एक गंभीर झटका लगा। अत्यधिक कंपन और गंभीर झटके के परिणामस्वरूप, ब्रेक पाइप का दबाव अचानक कम हो गया और ट्रेन रात 9:52 बजे पटरी से उतर गई। सिन्हा के बयान के मुताबिक, उन्होंने रात 8:27 बजे दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन से ट्रेन की कमान संभाली। उस समय सब कुछ ठीक था। ट्रेन रात 9:29 बजे बक्सर पहुंची तो सहायक लोको पायलट ने दोबारा इंजन की जांच की और सब कुछ ठीक पाया। रिपोर्ट में रघुनाथपुर स्टेशन के एक गेटमैन और एक प्वॉइंटमैन के हवाले से कहा गया है कि उन्होंने ट्रेन के पहियों के पास से चिंगारी निकलती देखी।

## औद्योगिक उत्पादन अगस्त में 10.3 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** विनिर्माण और खनन क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन अगस्त महीने में सालाना आधार पर 10.3 प्रतिशत बढ़ा। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़े में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन पिछले साल अगस्त में 0.7 प्रतिशत घटा था। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में अगस्त में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आलोच्य महीने में खनन उत्पादन 12.3 प्रतिशत बढ़ा। वहीं बिजली उत्पादन में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान आईआईपी में सालाना आधार पर 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एक साल पहले इसी अवधि में इसमें 7.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

# प्रियंका ने मध्य प्रदेश में स्कूली बच्चों को मुफ्त शिक्षा और भत्ता देने की गारंटी दी

**मंडला (मप्र)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को चुनावी राज्य मध्यप्रदेश में 12 वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा और स्कूली बच्चों को भत्ता देने का वादा किया है। प्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मंडला जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका ने जाति जनगणना के वादे को भी दोहराया और दावा किया कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आदिवासियों को आबादी में उनकी हिस्सेदारी के अनुरूप नौकरियां नहीं मिल रही हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा, हाल ही में, बिहार ने जाति जनगणना की और यह पता चला कि राज्य में 84 प्रतिशत लोग ओबीसी, एससी (अनुसूचित जाति) और एसटी (अनुसूचित जनजाति) वर्ग के हैं। लेकिन नौकरियों में उनकी संख्या बहुत कम है। उनकी सही संख्या जानने के लिए और उनके साथ न्याय करने के लिए देश में जातीय जनगणना कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार इस पर बात नहीं करना चाहती....ओबीसी और आदिवासियों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्हें उनकी संख्या के अनुरूप नौकरियां नहीं मिल रही हैं। हम चाहते हैं कि उनकी गिनती हो, और उन्हें न्याय मिले। उन्होंने मप्र में सत्ता में आने पर कांग्रेस द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के कार्यान्वयन सहित कई गारंटियों की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि न केवल कक्षा एक से कक्षा 12 वीं तक के छात्रों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाएगी बल्कि कक्षा एक से आठ तक के छात्रों को 500 रुपए, कक्षा आठ से दस तक के बच्चों के लिए 1,000 रुपए और कक्षा 11वीं और 12वीं के बच्चों को 1,500 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि आजीविका के लिए तेंदूपत्ता इकट्ठा करने वाले आदिवासियों को बोनस के बजाय जूते दिए जा रहे हैं।

प्रियंका ने जनसभा में कहा, इन जूते की साइज़ भी अलग-अलग होती है। हो सकता है कि उन्हें कमीशन मिल रहा हो... क्या जूते, चप्पल, छाते आपके सम्मान का प्रतिनिधित्व करते हैं। क्या यह आपका सम्मान है। आपको अपने श्रम के लिए सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मप्र में अपने शासन के पिछले 18 वर्षों में लोगों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को चुनाव के दौरान लोगों की याद आती है और विभिन्न योजनाओं की घोषणा करती है। कांग्रेस महासचिव ने व्यापमं परीक्षाओं, मध्याह्न भोजन योजना और छात्रवृत्ति से संबंधित भ्रष्टाचार घोटालों का उल्लेख करते हुए कहा, राज्य में कम से कम 250 घोटाले हुए हैं, जहां भाजपा लगभग 225 महीनों से सत्ता में है।

# गंगाजल पर कोई जीएसटी नहीं : सीबीआईसी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि गंगाजल पर कोई जीएसटी नहीं लगता है। इससे पहले, कांग्रेस ने दावा किया था कि सरकार ने गंगाजल पर 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगा दिया है। सीबीआईसी ने सोशल नेटवर्किंग मंच एक्स पर लिखा, देशभर में घरों में पूजा-पाठ में उपयोग होने वाले गंगाजल और अन्य पूजा-सामग्री को जीएसटी से छूट दी गई है। जीएसटी लागू होने के बाद से ही से ए सभी वस्तुएं जीएसटी के दायरे से बाहर हैं।

सीबीआईसी ने कहा कि पूजा सामग्री पर जीएसटी को लेकर जीएसटी परिषद की 18-19 मई, 2017 को हुई 14वीं और तीन जून, 2017 को हुई 15वीं बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद इन्हें दायरे से बाहर रखने का फैसला किया गया। इससे पहले, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि सरकार ने गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया है। उन्होंने इसे लूट और पाखंड की पराकाष्ठा बताया है।

खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखंड दौरे का उल्लेख करते हुए सोशल मीडिया मंच पर लिखा, मोदी जी, एक आम भारतीय के जन्म से लेकर उसकी जीवन के अंत तक मोक्षदायिनी मां गंगा का महत्त्व बहुत ज्यादा है। अच्छी बात है कि आप आज उत्तराखंड में हैं, पर आपकी सरकार ने तो पवित्र गंगाजल पर ही 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया है। एक बार भी नहीं सोचा कि जो लोग अपने घरों में गंगाजल मंगवाते हैं, उन पर कितना बोझ पड़ेगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, यही आपकी सरकार के लूट और पाखंड की पराकाष्ठा है।

# अजन्मे बच्चे एवं मां के अधिकारों के बीच संतुलन जरूरी : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दो बच्चों की मां को 26-सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने वाले अपने आदेश को वापस लेने की केंद्र की याचिका पर सुनवाई करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उसे एक अजन्मे बच्चे के अधिकारों तथा स्वास्थ्य के आधार पर उसकी मां के स्वायत्त निर्णय लेने के अधिकारों के बीच संतुलन स्थापित करना होगा। दो बच्चों वाली एक विवाहित महिला को 26-सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दी जाए या नहीं, इस पर असमंजस का सामना करते हुए, प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने महिला के वकील से पूछा कि क्या वह (याचिकाकर्ता) चाहती है कि शीर्ष अदालत एम्स के डॉक्टरों को न्यायिक आदेश के तहत जीवित और सामान्य रूप से विकसित भ्रूण की धड़कन रोकने के लिए कहे।

पीठ में न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। गर्भ का चिकित्सकीय समापन (एमटीपी) अधिनियम के तहत गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं और बलात्कार पीड़िताओं सहित विशेष श्रेणियों और विकलांग तथा नाबालिगों के लिए 24 सप्ताह है। पीठ ने केंद्र और महिला के वकील को उससे (याचिकाकर्ता से) गर्भावस्था को कुछ और हफ्तों तक बरकरार रखने की संभावना पर बात करने को कहा।

यह मुद्दा उस वक्त उठा जब अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मेडिकल बोर्ड के एक चिकित्सक ने 10 अक्टूबर को एक ई-मेल भेजा था, जिसमें कहा गया था कि इस चरण पर गर्भ समाप्त करने पर भ्रूण के जीवित रहने की प्रबल संभावना है। इससे पहले बोर्ड ने महिला की जांच की थी और छह अक्टूबर को शीर्ष अदालत के सामने रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम बच्चे को नहीं मार सकते। अदालत इस नैतिक दुविधा से जूझ रही थी कि बच्चे के जन्म का आदेश दिया जाए या मां की पसंद का सम्मान किया जाए। पीठ ने कहा, अगर बच्चा विकृति के साथ पैदा होता है, तो कोई भी उसे गोद नहीं लेगा।

पीठ ने इसे कड़वा सच करार देते हुए कहा कि भारत में लोग विकृत बच्चों को गोद लेना पसंद नहीं करते हैं और हालांकि कुछ अपवाद भी हैं, लेकिन लोग आमतौर पर ऐसा नहीं करते हैं। इसमें कहा गया है कि न्यायाधीशों का काम अधिकारों और कर्तव्यों तथा सामाजिक भलाई के बीच संतुलन बनाना है। इससे पहले याचिकाकर्ता के वकील ने गर्भ समाप्त करने के पक्ष में जोरदार दलील दी और पूछा कि अगर एक अविवाहित गर्भवती महिला ने अदालत से संपर्क किया होता तो क्या अदालत ने यही रुख अपनाया होता, पीठ ने कहा, हम सर्वोच्च न्यायालय हैं।

# शरद पवार के इस्तीफे की वजह भाजपा के साथ जाने की कुछ नेताओं की जिद थी: सुप्रिया

**पुणे।** राकांपा की कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद सुप्रिया सुले ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा के साथ जाने की कुछ पार्टी नेताओं की जिद के चलते मई में शरद पवार ने राकांपा अध्यक्ष पद छोड़ देने की चौंकाने वाली घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि पवार साहेब कभी अपना इस्तीफा नहीं देना चाहते थे। वह राकांपा के अजित पवार नीत धड़े से जुड़े नेता एवं महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल के इस दावे के बारे में पूछे गए सवाल का जबाव दे रही थीं कि पार्टी में यह तय किया गया था कि शरद पवार इस्तीफा देंगे। भुजबल ने एक मराठी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा, शरद पवार भाजपा के साथ जाने के लिए तैयार नहीं थे। यह फैसला किया गया कि वह इस्तीफा देंगे और सुले को पार्टी अध्यक्ष बनाया जाए ताकि राकांपा भाजपा के साथ हाथ मिला सके और सरकार का हिस्सा बन सके।

यह साक्षात्कार बुधवार को प्रसारित किया गया। सभी को चौंकाते हुए शरद पवार ने दो मई को कहा था कि वह राकांपा के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने स्तब्ध पार्टी कार्यकर्ताओं के विरोध एवं सामूहिक इस्तीफे के बाद यह निर्णय वापस लिया था। उन्होंने ही 1999 में राकांपा बनाई थी और तब से पार्टी की बागडोर उन्हीं के हाथों में है। सुले ने कहा कि उनके पिता कभी राकांपा अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना नहीं चाहते थे। जब पार्टी में सभी ने भाजपा के साथ हाथ मिलाने पर जोर डाला तब पवार साहेब आहत हुए। उन्होंने अपना इस्तीफा दे दिया। आपने (मीडिया ने) सोचा कि यह ड्रामा है लेकिन यह हमारे लिए हकीकत थी। बाद में राज्य से पार्टी कार्यकर्ताओं ने पवार साहेब से अध्यक्ष पद पर बने रहने की अपील की।

बारामती की सांसद सुले ने कहा कि शरद पवार ने एक समिति गठित करने का सुझाव दिया जो यह तय करती कि अगला राकांपा अध्यक्ष कौन होगा लेकिन यह भुजबल ही थे जिन्होंने इस विचार को खारिज कर दिया और पार्टी संस्थापक से पद पर बने रहने की अपील की। यदि उन्होंने खुद ही अगले (राकांपा) अध्यक्ष पर विचार करने के लिए एक समिति गठित करने का निर्देश दिया तो क्या आप उन्हें तानाशाह कहेंगे? (यदि वह तानाशाह होते तो) आदेश दिया होता कि अमुक व्यक्ति को पार्टी अध्यक्ष बनाया जाए।

सुले छह अक्टूबर को निर्वाचन आयोग के समक्ष अजित पवार धड़े द्वारा दिए गए इस बयान का जिक्र कर रही थीं कि शरद पवार ने अलोकतांत्रिक तरीके से राकांपा को चलाया और उसे अपने जागीर समझा। भुजबल ने अपने साक्षात्कार के दौरान चार बार शरद पवार के इस बयान को दोहराया कि जो लोग भाजपा के साथ जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं, लेकिन वह नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि शरद पवार को दो जुलाई को अजित पवार एवं आठ अन्य राकांपा नेताओं के शपथ ग्रहण के बारे में पहले से पता नहीं था। (एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली भाजपा शिवसेना गठबंधन सरकार में शामिल होने का) फैसला उन्हें (शरद पवार को) अंधेरे में रखकर किया गया। जब सुले से पूछा गया कि क्या उन्हें पार्टी अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव था, तो उनका जवाब हां में था। इस प्रस्ताव ने मुझे परेशान कर दिया क्योंकि यदि मैं अध्यक्ष बन जाती तो पार्टी को पहला निर्णय भाजपा के साथ जाने का लेना था।

## अजित पवार केवल सपने में ही मुख्यमंत्री बनेंगे : शरद पवार

**अकोला (महाराष्ट्र)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके भतीजे और बागी रांकापा गुट के नेता अजित पवार कभी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री नहीं बन सकेंगे। यहां संवाददाताओं से बातचीत में शरद पवार ने कहा कि भाजपा का देश के 70 प्रतिशत राज्यों में शासन नहीं है और वह महाराष्ट्र की सत्ता भी गंवा देगी। इस साल जुलाई में राकांपा को तोड़कर और शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने वाले एवं राज्य के मौजूदा उप मुख्यमंत्री अजित पवार के जल्द ही मुख्यमंत्री बनने के कयासों के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, अजित पवार केवल सपने में ही मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि महा विकास आघाडी (एमवीए) 2024 के चुनाव के बाद महाराष्ट्र की सत्ता में आएगा। एमवीए में राकांपा के अलावा शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस दो अन्य घटक हैं। शरद पवार ने कहा कि भाजपा कुछ राज्यों में अन्य दलों को तोड़कर सत्ता में आई, लेकिन उसका 70 प्रतिशत राज्यों में शासन नहीं है। वंचित बहुजन आघाडी नेता प्रकाश आंबेडकर के विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल होने पर शरद पवार ने कहा कि वह इसको लेकर सकारात्मक हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि उनके पूर्व सहयोगी छगन भुजबल ने एक बार सुप्रिया सुले को राकांपा अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव किया था लेकिन भुजबल ने अब खुद पाला बदल लिया है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा नेता पंकजा मुंडे अपना दल बनाती हैं तो उनके इस कदम को समर्थन मिलेगा। मुंडे पूर्व में कह चुकी हैं कि भाजपा ने उन्हें किनारे कर दिया है।

# डिकाक-रबादा ने कंगारुओं को खूब रगड़ा

● द.अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 134 रनों से रौंदा ● डिकॉक का शतक ● रबादा के 3 विकेट

मिहिर चंद्र श्रीवास्तव

**लखनऊ।** नवाबों की धरती पर अटल बिहारी इकाना स्टेडियम में खेले गए बेहद रोमांचक विश्व कप के अहम मैच में दक्षिण अफ्रीका ने 134 रनों से ऑस्ट्रेलिया को रौंद दिया। दक्षिण अफ्रीका टीम की जीत में हीरो रहे डिकाक व रबादा। अक्टूबर के महीने में जब दिन धीरे-धीरे गर्मी से ठंडे की ओर बढ़ रहा तब क्रिकेट का रोमांच भी लखनऊ वालों को देखने को मिल रहा था। पहले टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने फिल्डिंग चुनकर दक्षिण अफ्रीका को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। इस फैसले का फायदा उठाते अफ्रीकी टीम ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात विकेट पर 311 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक के लगातार दूसरे शतक के बाद कागिसो रबादा की तूफानी गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को रौंदकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका के 312 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने रबादा (33 रन पर तीन विकेट), केशव महाराज (30 रन पर दो विकेट), तबरेज शम्सी (38 रन पर दो विकेट) और मार्को यानसेन (54 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 40.5 ओवर में 177 रन पर ढेर हो गई जो उसकी दो मैचों में दूसरी हार है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मार्नस लाबुशेन ने सर्वाधिक 46 रन बनाए। उन्होंने मिशेल स्टार्क (27) के साथ सातवें विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी भी की। इन दोनों के अलावा कप्तान पैट कमिंस (22) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। विश्व कप के बाद वनडे का विदाई देने जा रहे डिकॉक ने 106 गेंद में आठ चौकों और पाच छक्कों से 109 रन की पारी खेली। मार्कराम ने 44 गेंद में 56 रन बनाए। इस पारी से दक्षिण अफ्रीका ने लखनऊ में वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे बड़ा स्कोर बनाया। डिकॉक ने इकाना की नई पिच पर स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी की और ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण के खिलाफ आसानी से रन बटोरे।



## स्कोरबोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका:** डिकॉक बो मैक्सवेल 109, बावुमा का वार्नर बो मैक्सवेल 35, डेर डुसेन का स्थानापन्न बो जंपा 26, मार्कराम का हेजलवुड बो कमिंस 56, क्लासेन का इंगलिस बो हेजलवुड 29, मिलर बो स्टार्क 17, जेनसन का वार्नर बो स्टार्क 26, रबादा नाबाद 00 महाराज नाबाद 00, **अतिरिक्त:** 13, **कुल:** 50 ओवर मे सात विकेट पर: 311 रन, **विकेट पतन:** 1-108, 2-158, 3-197, 4-263, 5-267, 6-310, 7-311, **गेंदबाजी:** स्टार्क 9-1-53-2, हेजलवुड 9-0-60-1, मैक्सवेल 10-1-34-2, कमिंस 9-0-71-1, जंपा 10-0-70-1, मार्श 1-0-6-0, स्टोइनिस 2-0-11-0

**ऑस्ट्रेलिया:** मार्श का बावुमा बो यानसेन 07, वार्नर का वान डेर डुसेन बो एनगिडी 13, स्मिथ पगबाधा बो रबादा 19, लाबुशेन का बावुमा बो महाराज 46, इंगलिस बो रबादा 05, मैक्सवेल का एवं बो महाराज 03, स्टोइनिस का डिकॉक बो रबादा 05, स्टार्क का डिकॉक बो यानसेन 27, कमिंस का मिलर बो शम्सी 22, जंपा नाबाद 11, हेजलवुड का रबादा बो शम्सी 02, **अतिरिक्त:** 17, **कुल:** 40.5 ओवर मे सभी विकेट खोकर: 177 रन, **विकेट पतन:** 1-27, 2-27, 3-50, 4-56, 5-65, 6-70, 7-139, 8-143, 9-175 **गेंदबाजी:** एनगिडी 8-2-18-1, यानसेन 7-0-54-2, रबादा 8-1-33-3, महाराज 10-0-30-2, शम्सी 7.5-0-38-2

## डिकाक के चौको व छक्को पर लखनऊ वालों ने खूब बजाई तालियां

डिकाक के चौको व छक्को पर लखनऊ वालों ने खूब तालिया बजाई। इकाना की दूधिया रोशनी के बीच जब घसियाली पिच पर दक्षिण अफ्रीका के स्टार क्रिकेटर डिकाक छक्के चौके मार रहे थे राजधानी के क्रिकेट प्रेमी पूरी जोश में उनकी टीम का हौसला अफजाई करते रहे। लोगों का उत्साह देखकर आईपीएल के रोमांच का नजारा भी लोगों को याद आ गया। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के प्रशंसकों निराशा भी हुई क्योकि उनके प्रिय खिलाड़ी डेविड वार्नर की टीम सौ रन के अंदर छह खिलाड़ियों को पवेलिया की राह देख चुकी थी। हालांकि बाद में आए खिलाड़ियों ने खेल में वापसी कराई और मैच का रोमांच हाई कर दिया।

### बड़े मैच का रहा जादू , ठीक-ठाक रही भीड़

वैसे तो भारत के साथ मुकाबले का क्रेज भारतीय क्रिकेट प्रेमियों ज्यादा होता है। पर इकाना में यह भ्रम टूटता दिखाई दिया। कामकाजी दिन होने के बाद भी स्टेडियम में भीड़ ठीक-ठाक रही । हालांकि कुछ जगहों पर स्टेडियम की कुर्सियां खाली रही। पर लोगों दो बड़ी टीमों दक्षिण अफ्रीका व ऑस्ट्रेलिया के मैच को देखने के लिए पैसे व समय दोनो खर्च किए।

### वाटसन, नासिर व पोलाक का अब भी क्रेज

इकाना स्टेडियम में इसबार इंतजाम आईपीएल की अपेक्षा वाकई बढ़िया रही। लोगों पानी व अन्य सामग्री कैंटीन में आराम से उपलब्ध थी। सबसे अच्छी चीज ये देखने को मिली विदेशी खिलाड़ियों को भी खूब लोग पहचानते हैं। इसके पीछे का कारण आईपीएल है। अभी जो वर्तमान में खेल रहे क्रिकेटरों को तो सभी पहचानते हैं पर संन्यास ले चुके विदेशी खिलाड़ियों को लोग पहचानते ही नहीं है उनका क्रेज भी लोगों के जहन में आज भी है। शेन वाटसन, नासिर हुसैन व शॉन पोलाक जैसे खिलाड़ियों के साथ लोग सेल्फी लेने को बेचैन दिखे।

## अहमदाबाद में पाकिस्तान टीम का पारंपरिक स्वागत, पीसीबी ने वीडियो पोस्ट किया

**अहमदाबाद।** भारतीय मेहमाननवाजी का गुरुवार को एक बार फिर शानदार नजारा दिखा जब चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ बहुप्रतीक्षित विश्व कप मुकाबले से पूर्व पाकिस्तान की टीम का भव्य स्वागत किया गया। पाकिस्तान की टीम ने इससे पहले विमान मे भी जश्न मनाया था। यहां टीम होटल पहुंचने पर पाकिस्तान के खिलाड़ियों का फूल बरसाकर और गुब्बारों, पारंपरिक स्कार्फ, ढोल और नृत्य के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इससे पहले टीम ने उस विमान में केक काटा जो उन्हे हैदराबाद से अहमदाबाद लाया। इसका इंतजाम विमान कर्मियों ने किया था। अपने खिलाड़ियों के स्वागत से अभिभूत पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक्स (पूर्व मे ट्विटर) पर वीडियो डालकर इन लम्हों को साझा किया। पीसीबी ने वीडियो का शीर्षक लिखा, अहमदाबाद पहुंच गए है। यात्रा को सहेजा, विमान मे सरप्राइज जश्न मनाया गया। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को होने वाले मुकाबले के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। शहर को किले मे तब्दील किया गया है। गुजरात पुलिस, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), त्वरित कार्यबल (आरएएफ) और होम गार्ड के 11 हजार से अधिक सदस्यों को सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। सात साल बाद भारत का दौरा कर रही पाकिस्तान की टीम यहां पहुंचने के बाद से हैदराबाद में थी। टीम ने वहां दो अभ्यास मैच सहित वार मैच खेले और इस दौरान प्रशंसकों और मीडिया के आकर्षण का केंद्र बनी रही। बाबर आजम की अगुआई वाली टीम को हैदराबाद मे स्वदेश जैसा अहसास हुआ क्योकि दर्शकों ने हवाई अड्डे पर और मैच के दौरान उनका खूब समर्थन किया। पाकिस्तान ने शुरुआती दो मैच मे नीदरलैंड और श्रीलंका को हराकर विश्व कप मे अपने अभियान की शानदार शुरुआत की है।

## नसीम शाह की गैर मौजूदगी में हसन अली नई गेंद का सर्वश्रेष्ठ विकल्प नहीं : आकिब जावेद

**अहमदाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद का मानना है कि नसीम शाह की गैर मौजूदगी मे हसन अली नई गेंद के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प नही है। पीएसएल की लाहौर क्लंदर्स टीम के तेज गेंदबाजी कोच आकिब ने सफेद गेंद के क्रिकेट में हारिस रऊफ को निखारने में अहम भूमिका निभाई है। आकिब ने कहा , अगर नई गेंद को देखे तो पिछले 12 महीने मे उन्होने किसी को तैयार नही किया है। चयनकर्ताओ को पता ही नही था कि नसीम के नही होने पर नई गेंद से तीसरा विकल्प कौन होगा। उन्होंने एशिया कप के दौरान किसी को नही आजमाया। आकिब ने कहा , एशिया कप मे भारतीय बल्लेबाज शाहीन की गेंदो को खेलने से बच रहे थे। उसका रसूख ऐसा है। पाकिस्तान की गेंदबाजी को इसकी कमी खल रही है। उन्होने कहा , हारिस तीसरे गेंदबाज के रूप मे बेहतरीन है। अपनी रफ्तार से वह बीच के और डैथ ओवरों में रनो पर अंकुश लगा सकता है। दबाव के हालात मे वह टीम को मैच मे लौटा सकता है। आकिब ने कहा कि भारत के मैदानो पर अब रिवर्स स्विंग लेना आसान नही है।

## विश्व कप वीजा के लिए भारतीय उच्चायोग ने पाकिस्तानी पत्रकारों से संपर्क किया

**कराची।** भारतीय उच्चायोग ने भारत मे चल रहे मौजूदा विश्व कप के वीजा जारी करने के लिए पाकिस्तानी पत्रकारो से संपर्क करना शुरू कर दिया है। पीटीआई ने कई पत्रकारो से उनकी वीजा की स्थिति का लेकर बात की और उनमे से दो ने पुष्टि की कि उन्हे विश्व कप के लिए वीजा मिल गया है। अन्य ने बताया कि उनके पास भारतीय उच्चायोग से फोन आया है और उन्हें वीजा प्रक्रिया के लिए आवेदन सौपने को कहा गया है। एक पत्रकार ने कहा, भारतीय अधिकारियों के पास जिन पत्रकारों के पासपोर्ट पहले से जमा है उनमें से कुछ से उच्चायोग ने संपर्क करके आश्वासन दिया है कि पत्रकारों के समूह द्वारा तैयार सूची के आधार पर वीजा जारी किए जाएंगे।

## रिश्तों को बढ़ावा देने के लिए विकल्प तलाशेंगे अशरफ

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की क्रिकेट प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ को उम्मीद है कि अहमदाबाद मे भारतीय क्रिकेट बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात के दौरान वह इन दोनों देशों के बीच क्रिकेट रिश्तो को बढ़ावा देने के विकल्पों पर बात करेंगे। अशरफ भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निमंत्रण पर इन दोनों देशों के बीच होने वाले विश्व कप के मैच को देखने के लिए कुछ गुरुवार की रात को अहमदाबाद रवाना होंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने विज्ञप्ति में कहा कि बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पीसीबी अध्यक्ष के लिए निमंत्रण भेजा है। अशरफ इस दौरे के दौरान पाकिस्तान की टीम के सदस्यों से भी मिलेंगे।

## मुश्ताक अली ट्रॉफी में केरल की अगुआई करेंगे सैमसन

**कोच्चि।** संजू सैमसन को 16 अक्टूबर से छह नवंबर तक विभिन्न स्थलों पर होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के लिए गुरुवार को केरल का कप्तान नियुक्त किया गया। केरल ग्रुप बी मे अपने अभियान की शुरुआत मुंबई मे हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मुकाबले के साथ करेगा। केरल और हिमाचल के अलावा ग्रुप बी में सिक्किम, असम, बिहार, चंडीगढ़, ओडिशा, सेना और चंडीगढ़ को जगह मिली है। सैमसन इस टूर्नामेंट मे अच्छे प्रदर्शन से राष्ट्रीय चयनकर्ताओ को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे।केरल की टीम को इस साल ऑलराउंडर श्रेयस गोपाल के उसके साथ जुड़ने से मजबूती मिली है। वह कर्नाटक को छोड़कर पिछले महीने केरल से जुड़े। स्पिन विभाग मे गोपाल का साथ अनुभवी जलज सक्सेना देंगे जो पिछले रणजी ट्रॉफी सत्र मे 50 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज रहे। रोहन कुन्नुमल को उप कप्तान बनाया गया है जबकि तमिलनाडु के पूर्व क्रिकेटर एम वेंकटरमन्ना मुख्य कोच होंगे।

## राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने के एक दिन बाद मणिकांत ने जीता 100 मी दौड़ में स्वर्ण

**बेंगलुरु।** सेना के फर्राटा धावक मणिकांत एच ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। मणिकांत ने बुधवार को सेमीफाइनल मे 10.23 सेकंड का समय लेकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। फाइनल में उन्होंने 10.42 सेकंड में दौड़ पूरी करके सोने का तमगा हासिल किया। महिलाओ के वर्ग में तमिलनाडु की गिरिधिरानी रवि कुमार ने कांतीरावा स्टेडियम में 11.36 सेकंड के समय के साथ 100 मीटर दौड़ जीती। पुरुष वर्ग मे सेना के ही निखिल पाटिल 10.69 सेकंड का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहे जबकि रेलवे के शिवा बी ने 10.70 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया। रेलवे के तेजस शिरसे ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में अपना दबदबा बनाए रखा।

## पिथौरागढ़ में लोगों ने मोबाइल फोन की फ्लैश जलाकर खिलाड़ियों का अभिनंदन किया

**पिथौरागढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहने पर बृहस्पतिवार को जनसभा में मौजूद लोगो ने अपने मोबाइल फोन की फ्लैश जलाकर हांगझोउ एशियाई खेलो में पदक हासिल करने वाले उत्तराखंड के खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। अपने एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे मे यहां जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आज खेलो के क्षेत्र मे भी दुनिया भारत का दम देख रही है और हाल मे संपन्न एशियाई खेलो में भारत ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ते हुए पहली बार 100 से ज्यादा पदक हासिल किए। उ

## मुंबई में मैजिक बस का दौरा किया 1984 ओलंपिक बाधा दौड़ चैम्पियन मुतवक्किल

**मुंबई।** लॉस एंजिलिस ओलंपिक 1984 मे उड़नपरी पीटी उषा को हराने वाली 400 मीटर बाधा दौड़ की चैम्पियन नवल अल मुतवक्किल ने उषा के साथ यहां अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर मैजिक बस का दौरा किया। अल मुतवक्किल ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली मोरक्को की पहली और प्रथम मुस्लिम महिला रही है। लॉरेस विश्व खेल अकादमी की संस्थापक सदस्य के रूप में वह मैजिक बस का दौरा करने आई। मैजिक बस 1999 से शुरू हुआ एक प्रोजेक्ट है जो भारत में बच्चों और युवाओं को शिक्षा के जरिए गरीबी से निकलने के अवसर उपलब्ध कराता है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार अल मुतवक्किल ने पूर्व पोल वॉल्ट खिलाड़ी सर्जेइ बुबका, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

## कैम्पस स्पोर्ट्स फुटवियर पूरी करेगा मांग

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र ब्राण्ड्स में से एक कैम्पस एक्टिववियर ने अपने चंकी स्नीकर कलेक्शन के लिए सोनम बाजवा के साथ साझेदारी की है। इस कलेक्शन में स्टाइलिश डिज़ाइन और कलर्स शामिल हैं, जो तकरीबन हर मौके पर पहने जा सकते हैं। रु 1500 की कीमत पर उपलब्ध यह फु टवियर कलेक्शन कैम्पस एक्टिववियर के सभी प्रमुख दुकानों एवं वेबसाईट पर उपलब्ध है। कैम्पस एक्टिववियर महिलाओं के दैनिक जीवन में फैशन, स्टाइल और आराम को नई दिशा देना चाहता है। सोनम बाजवा की साझेदारी में ब्राण्ड ने फैशनेबल युवाओं को लुभाने का लक्ष्य रखा है। भारत में आने वाले समय में स्नीकर्स की मांग बहुत अधिक बढ़ेगी।

## बांग्लादेश के स्पिनरों से सावधान रहना होगा न्यूजीलैंड को

### आज होगा मुकाबला

भाषा। चेन्नई



**आत्मविश्वास** से ओतप्रोत न्यूजीलैंड टीम को विश्व कप में अपनी स्थिति और मजबूत करने के लिए चेपॉक की धीमी पिच पर बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार के मैच में स्पिनरों से सावधान रहना होगा। न्यूजीलैंड (प्लस। . 958), भारत (प्लस 1.5)और पाकिस्तान (प्लस 0.92) के चार चार अंक है लेकिन रनरेट के मामले में कीवी टीम आगे है। इस मैच को जीतने पर उनकी स्थिति और मजबूत हो जाएगी। नियमित कप्तान केन विलियमसन और तेज गेंदबाज टिम साउदी के आने से न्यूजीलैंड का आक्रमण और मजबूत हुआ है। दोनों इंग्लैंड और नीदरलैंड के खिलाफ नहीं खेल सके थे और विलियमसन की जगह टॉम लाथम ने कप्तानी की थी। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि विलियमसन अब एसीएल चोट से उबर चुके हैं और साउदी भी अंगूठे की सर्जरी के बाद अब फिट हैं। कीवी टीम के सामने हालांकि अब चयन की दुविध होगी क्योंकि विलियमसन की जगह तीसरे नंबर पर उतरे रचिन रविंद्र ने एक शतक और एक अर्धशतक बनाया। अब उसे बाहर करना मुश्किल होगा। शीर्षक्रम के बल्लेबाजो विल यंग, डेवोन कोंवे और डेरिल मिशेल ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। वैसे एम ए चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर न्यूजीलैंड को रनों की काफी जरूरत होगी क्योंकि भारत और आस्ट्रेलिया के बीच रविवार को खेले गए मैच में पिच से टर्न मिल रही थी। ऐसे में स्पिनरों की भूमिका अहम हो सकती है। पिछले मैच में इंग्लैंड से हारने के बावजूद बांग्लादेश की ताकत उसके स्पिनर साबित हो सकते हैं। कप्तान शाकिब अल हसन, मेहदी हसन और मेहदी हसन मिराज ने दो मैचों में 11 विकेट लिए हैं। उनसे इस प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद होगी। न्यूजीलैंड के पास भी मिचेल सेंटनेर हैं जो इस विश्व कप में सर्वाधिक सात विकेट ले चुके हैं। बांग्लादेश को अपने सीनियर बल्लेबाजो शाकिब, मुशफिकुर रहीम, लिटन दास और नजमुल शांतो से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। तेज गेंदबाजी में न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी है जिसके पास ट्रेंट बोल्ट, मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्युसन जैसे गेंदबाज हैं। आईपीएल की वजह से उन्हें यहां के हालात की अच्छी जानकारी भी है।

### भारतीय परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना सभी टीमों के लिए बड़ी चुनौती

**चेन्नई।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का मानना है कि एकदिवसीय विश्व कप के दौरान तेजी से बदलती भारतीय परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना सभी टीमों के लिए बड़ी चुनौती होगी। टूर्नामेंट का आयोजन विभिन्न स्थलों पर किया जा रहा है जिनमें से कुछ पर स्पिनरों को तो कुछ पर तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही है। कुछ स्थानो के विकेट बल्लेबाजी के लिए अनुकूल है जबकि कुछ विकेट धीमा खेल रहे है। न्यूजीलैंड की टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है तथा उसने गत चैंपियन इंग्लैंड और नीदरलैंड को हराया है। शुक्रवार को उसका सामना बांग्लादेश से चेन्नई में होगा जहां की पिच धीमी है। चोट से उबरने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले विलियमसन ने स्वीकार किया कि इस मैच मे स्पिनरो की भूमिका अहम होगी।

## विलियमसन ने चोट से उबरने के बारे में कहा, हमने दूसरे खेलों के आंकड़ों पर अधिक भरोसा किया

**चेन्नई।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने गुरुवार को कहा कि घुटने की चोट से उबरने और विश्व कप तक फिट होने के लिए उनकी टीम ने अन्य खेलों के आंकड़ों पर अधिक भरोसा किया। विलियमसन अपने दाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) की चोट के कारण लंबे समय से क्रिकेट से बाहर थे। वह विश्व कप में शुक्रवार को अपना पहला मैच खेलेंगे। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले इस मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा, इस तरह की चोट से जुड़े कई तरह के आंकड़े हैं विशेषकर अन्य खेलों में, जिन पर हमने भरोसा किया। इनमें चोट से उबरने के लिए कई तरह के आंकड़े हैं। लंबे समय के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे विलियमसन ने कहा कि यह दौर लंबा जरूर था, लेकिन अच्छा रहा। जहां तक मेरे चोट से उबरने की बात है तो यह लंबी लेकिन अच्छी यात्रा रही जिसमें वास्तव में मैंने कुछ अच्छी प्रगति की।

## गेल से ही प्रेरणा ली है , सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद बोले रोहित

भाषा। नई दिल्ली



**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्कों का क्रिस गेल का क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उन्हें इस सफर में खुद यूनिवर्सल बॉस से प्रेरणा ली है। अफगानिस्तान के खिलाफ फिरोजशाह कोटला मैदान पर विश्व कप के मैच में रोहित ने 81 गेंद में 131 रन बनाए। उन्होंने पांच छक्के लगाकर तीनों प्रारूपों में 556 छक्के पूरे किए जो गेल से तीन ज्यादा है। रोहित ने 453 मैचों में यह आंकड़ा छुआ जो गेल से 30 मैच कम है। रोहित ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा , यूनिवर्सल बॉस तो यूनिवर्सल बॉस है। मैने उनसे ही प्रेरणा ली है। इतने साल में हमने देखा है कि वह छक्के लगाने की मशीन है। उन्होंने कहा , वह भी यही जर्सी (नंबर 45) पहनता है। मुझे यकीन है कि वह खुश होगा क्योंकि 45 नंबर की जर्सी के नाम ही विश्व रिकॉर्ड है। रोहित ने कहा कि छक्के लगाने की काबिलियत हासिल करने में काफी मेहनत लगी है। जब मैने खेलना शुरू किया तो कभी सोचा नहीं था कि छक्के लगा सकूंगा। इसके लिए काफी मेहनत की है और मुझे खुशी है कि वह रंग लाई। मैं कभी संतुष्ट नहीं होता और मैं इस लय को कायम रखना चाहता हूं। मेरा फोकस उसी पर है। मेरे लिए यह खुशी का छोटा सा पल है। यह विश्व कप है जिसका प्रारूप अलग है। नौ लीग मैच , सेमीफाइनल और फिर फाइनल। हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि मैच दर मैच रणनीति बनाएं।

## अंकुर व गौरव के अर्धशतकों से एके जीएसटी क्वार्टर फाइनल में

**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच अंकुर लखमानी रिटायर्ड 50 व गौरव तोलानी रिटायर्ड 52 के अर्धशतकों से एके इंफ्रा जीएसटी ने सिंधी प्रीमियर लीग नेशनल लेवल के तीसरे दिन हिल्टन गार्डन रनर्स फॉर विक्टरी को 95 रन से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दूसरी ओर शीतल इंफ्रा पिच बर्नरए महेश नमकीन मक्खन भोग और ऑरनेट आलमबाग स्ट्राइकर्स ने भी जीत के साथ अंतिम आठ में प्रवेश किया। सिंधी कॉउंसिल ऑफ इंडिया यूथ विंग के द्वारा आशियाना स्थित मल्टी एक्टिविटी सेंटर पर खेली जा रही लीग में एडीए एसडब्लूएस स्टार्सए एसएसडी ट्रेडर्स यूपी 65ए रॉयल कैफे लखनऊ यूनाईटेडए सिंध ऑरबिस क्रिकेट क्लब ने भी क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

## गिल ने एक घंटे तक किया अभ्यास, पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की संभावना बढ़ी



**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए इसे अच्छी खबर कहा जा सकता है कि सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल डेंगू बुखार से उबर गए हैं और उन्होंने गुरुवार को एक घंटे तक नेट पर अभ्यास किया, जिससे उनकी पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप मैच में खेलने की संभावना बढ़ गई है।यह 22 वर्षीय खिलाड़ी अस्वस्थ होने के कारण ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ पहले दो मैचों में नहीं खेल पाया था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच में उन्हें अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। असल में टीम प्रबंधन ने टीम के अहमदाबाद पहुंचने से पहले गिल के लिए विशेष अभ्यास सत्र का आयोजन किया। यही कारण था कि उसने बाएं हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान सेनेविरत्ने को बुधवार को ही अहमदाबाद जाने के लिए कह दिया था। गिल सुबह 11 बजे नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंचे तथा टीम के डॉक्टर रिजवान की देखरेख में उन्होंने कुछ कसरतें करने के बाद नेट पर अभ्यास किया। पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की इनडिपर को ध्यान में रखते हुए उन्होंने श्रीलंका के विशेषज्ञ सेनेविरत्ने के 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से किए गए थ्रोडाउन पर अभ्यास किया। इसके अलावा उन्होंने कुछ नेट गेंदबाजों का भी सामना किया। इस दौरान वह सहज नजर आ रहे थे। गिल को टीम में शामिल करने का फैसला करने से पहले मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और चिकित्सा टीम शुक्रवार को होने वाले अभ्यास सत्र में उनकी प्रगति पर गौर करेंगे।

### भारत-पाक मैच में खलल डाल सकती है बारिश

**अहमदाबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच 14 अक्टूबर को यहां होने वाले आईसीसी विश्व कप के बहुप्रतीक्षित मुकाबले और नवरात्रि पर्व मे बारिश खलल डाल सकती है क्योकि भारतीय मौसम विभाग ने इस दौरान शहर और उत्तर गुजरात मे हल्की बारिश की भविष्यवाणी की है। विश्व कप का यह आकर्षक मुकाबला शनिवार को मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम मे होगा जबकि नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व 15 अक्टूबर को शुरू होगा।

## आईओसी ने रूसी ओलंपिक समिति को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया



**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने गुरुवार को रूसी ओलंपिक समिति (आरओसी) को चार्टर के उल्लंघन के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। रूस के खिलाड़ी हालांकि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वतंत्र खिलाड़ियों के रूप में हिस्सा ले सकते हैं जिनमें अगले साल होने वाला पेरिस ओलंपिक भी शामिल है। आईओसी का 141वां सत्र यहां 15 से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इससे पहले 12 और 13 अक्टूबर को आईओसी के कार्यकारी बोर्ड की बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले प्रस्ताव पर चर्चा की जा रही है। रूस की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) को इसलिए निलंबित किया गया क्योंकि उसने यूक्रेन की एनओसी के तहत आने वाले क्षेत्रीय खेल संगठनों को अपने अंतर्गत लाने का फैसला किया था। आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने यहां जारी बयान ने कहा, रूस की ओलंपिक समिति ने 5 अक्टूबर 2023 को क्षेत्रीय खेल संगठनों को अपने सदस्यों के रूप में शामिल करने का एकतरफा निर्णय लिया, जो यूक्रेन की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) अर्थात डोनेट्स्क, खेरसॉन, लुहान्स्क और ज़ापोरिज़िया के अधिकार के तहत आते हैं। यह ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन है क्योंकि इससे यूक्रेन की एनओसी की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन होता है।

## मर्डेका टूर्नामेंट के पहले मैच में मलेशिया को हैरान करने उतरेगा भारत

**कुआलालंपुर।** मर्डेका टूर्नामेंट में पहले खिताब की तलाश में जुटी आत्मविश्वास से भरी भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां होने वाले पहले मैच में फॉर्म में चल रहे मेजबान मलेशिया को हैरान करने के इरादे से उतरेगी। मिनी एशिया कप के नाम से पहचाने जाने वाले मर्डेका टूर्नामेंट में इस साल सिर्फ तीन टीम हिस्सा ले रही हैं। ताजिकिस्तान टूर्नामेंट की तीसरी टीम है जबकि हिंसाग्रस्त फलस्तीन अंतिम समय में प्रतियोगिता से हट गया। भारत और मलेशिया के बीच होने वाले मुकाबले का विजेता 17 अक्टूबर को फाइनल में ताजिकिस्तान से भिड़ेगा। भारतीय टीम हाल में एशियाई खेलों में खेली थी जहां उसे प्री क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

## आकाश चोपड़ा ने क्रिकेट प्रेमियों को दिया उपहार दिवान-ए- क्रिकेट्स

**मुंबई।** भारत का अग्रणी लाइव इंटरटेनमेंट ऐप इलोइलो एक शानदार क्रिकेट क्विज़ शो दीवान-ए-क्रिकेट्स् का आयोजन करने जा रहा है। मशहूर क्रिकेट विश्लेषक आकाश चोपड़ा द्वारा आयोजित यह शो क्रिकेट विश्व कप के शौकीन लोगों को एक अलग मुकाम पर लेकर जाएगा। क्रिकेट प्रेमी एक रोमांचक अनुभव के लिए तैयार रहें और क्योंकि यहाँ उन्हें मिलेगा 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और आकाश चोपड़ा से लाइव मिलने का मौका। इलोइलो के सीईओ सौरभ पांडे ने इंटरैक्टिव मनोरंजन बनाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया जो कि भारत वासियों की भावनाओं से मेल खाता है, उन्होंने कहा इलोइलो में हमारा उद्देश्य टीवी.बेस्ड कंटेंट कंसम्पशन को मोबाइल.बेस्ड कंटेंट कंसम्पशन की ओर बदलते उपभोक्ताओं के व्यवहार का लाभ उठाना है। देश भर में विश्व कप की दीवानगी के साथए हम अपने ऐप यूज़र्स को न केवल एक विशेषज्ञ के साथ अपने पसंदीदा गेम से लाइव जुड़ने का अवसर देंगें बल्कि बड़ा उपहार जीतने का मौका भी देना चाहते हैं। दीवानएक्रिकेटस हमारी एक सोशल गेम्स ऑफ रिंग है जिसमें सांस्कृति की गूँज के साथ-साथ इंटरएक्टिविटी भी शामिल है। आईसीसी विश्व कप टूर्नामेंट के दौरान एक रोमांचक अनुभव के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि दीवान-ए-क्रि केटस में शानदार नकद पुरस्कारों के साथ भरपूर मनोरंजन भी शामिल है। 37 मिलियन यूज़र्स और 120 क्रिएटर्स के साथ इलोइलो प्लेटफ़ॉर्म पर आयोजित यह विशेष कार्यक्रमए भारत के हर कोने से प्रतिभागियों को 1 लाख रुपये नकद पुरस्कार जीतने के लिए आमंत्रित करता है! इलोइलो ने हाल ही में कोर्टसाइड वेंचर्सए ग्रिफ्नि गेमिंग पार्टनर्स मिक्सी इंक वॉटरब्रिज वेंचर्सए लुमिकाई फंडए कलारी कैपिटलए कॉन्विविलाइट वेंचर्स और रॉकेट कैपिटल के सह.नेतृत्व में प्री.सीरीज़ बी फंडिंग राउंड में 22 मिलियन डॉलर हासिल किए।

## पेरिस में ओलंपिक स्वर्ण पदक का बचाव करना मुश्किल होगा: चोपड़ा

**गुरुग्राम।** नीरज चोपड़ा ने 2023 के सत्र में शानदार प्रदर्शन किया तथा उन्होंने जिस प्रतियोगिता में भी भाग लिया उसमें पदक जीता लेकिन इस स्टार एथलीट को यह स्वीकार करने में कोई हिचक नहीं कि पेरिस ओलंपिक में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करना आसान नहीं होगा क्योंकि लंबे समय तक अपनी फॉर्म को बरकरार रखना बड़ी चुनौती है। चोपड़ा ने कहा कि पिछले कुछ समय से 80 मीटर तक भाला फेंकने के लिए भी संघर्ष कर रहे ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स को चुका हुआ मानना बुद्धिमत्ता पूर्ण नहीं होगा। पीटर्स ने तोक्यो ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार के रूप में भाग लिया था लेकिन वह फाइनल्स के लिए भी क्वालीफाई नहीं कर पाए थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।